डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021/2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

# रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 19.06.2023 से 25.06.2023 ▶ वर्ष-40 ▶ अंक-25 ▶ मूल्य ₹ 10.00

किसान कल्याण महाकुंभ

## किसान अन्नदाता ही नहीं भारत का भाग्य विधाता भी - रक्षा मंत्री

### मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की राशि 4 हजार से बढ़ाकर 6 हजार रुपये होगी - मुख्यमंत्री

**किसान अन्नदाता ही नहीं, भारत का भाग्य विधाता भी है। किसान के बेटों ने सीमाओं की रक्षा की है। भारत को ताकतवर बनाने के लिए किसानों को ताकतवर बनाना होगा। चाहे स्वतंत्रता की लड़ाई हो, वर्ष 1857 का संग्राम हो, चम्पारण का सत्याग्रह हो या गुजरात के बारडोली का आंदोलन, किसानों ने अंग्रेजों की चूलें हिला दी थीं। मध्यप्रदेश में इस किसान कल्याण महाकुंभ में किसानों की बड़ी संख्या में उपस्थिति हर्षित करने वाली है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश में विकास और किसान, गरीब, बेटियों आदि सभी के लिये करिश्माई कार्य कर रहे हैं। ये बातें रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने राजगढ़ जिले में किसान-कल्याण महाकुंभ को संबोधित करते हुये कहीं।**

**राजगढ़,** रक्षा मंत्री श्री सिंह और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सिंगल क्लिक से मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना-2023 में 11 लाख किसानों के खाते में 2 हजार 123 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 44 लाख 49 हजार किसान के खाते में 2 हजार 900 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 70 लाख 61 हजार किसान के खाते में एक हजार 400 करोड़ रुपये, इस प्रकार 6 हजार 423 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की।



रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान किसान कल्याण महाकुंभ में किसानों के खाते में राशि अंतरित करते हुये।

#### सरकार ने गरीब और किसानों की चिंता की

रक्षा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल इंडिया के निर्माण के लिए अद्भुत कार्य किया है। देश में 29 लाख करोड़ रुपये के भुगतान सिर्फ मोबाइल से हो रहे हैं। डिजिटल क्रांति का ही यह उदाहरण है कि आज सब्जी की दुकान पर भी ई-पेमेंट हो रहा है। गत 9 वर्ष में गांव, गरीब और किसान की चिंता की गई है। किसानों के लिए कोई सरकार कार्य करती है, तो उन पर कोई एहसान नहीं करती। कृषि कल्याण को प्राथमिकता दी गई है। हमारी कथनी और करनी में अंतर नहीं होना चाहिए।

#### रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना रहा है भारत

किसान कल्याण महाकुंभ को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत को रक्षा क्षेत्र में महाशक्ति बन कर उभारने में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री श्री सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। एक समय था जब छोटे-छोटे राष्ट्र भारत को आँख दिखाते थे, अब प्रधानमंत्री और केंद्रीय रक्षा मंत्री के नेतृत्व में भारत शक्तिशाली बना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व के केंद्र सरकार के सफल 9 वर्ष पूर्ण हुए हैं। आमजन भी आज उनका अभिनंदन कर रहे हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत अब कमजोर देश नहीं है। किसी भी देश की हिम्मत नहीं कि आँख उठाकर हमारी ओर देखे। भारत के लोगों का विश्वास वसुधैव कुटुम्बकम में है। विश्व की धरा पर रहने वाले सभी लोगों को हम अपना मानते हैं। भारत किसी भी देश पर आक्रमण नहीं करता, यह हमारा चरित्र है। हम किसी को नहीं छेड़ेंगे, लेकिन कोई हमें छेड़ेगा, तो हम भी छोड़ेंगे नहीं। भारत इस पार नहीं, उस पार जाकर भी आतंकवादियों और हमलावरों को सबक सिखा सकता है। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सर्जिकल स्ट्राइक के फैसले से जग-जाहिर हो चुका है।

श्री सिंह ने कहा कि किसान कल्याण सहित विभिन्न क्षेत्रों में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने करिश्माई कार्य किया है। उन्हें स्मरण है कि जब वे कई वर्ष पहले मुख्यमंत्री श्री चौहान के निमंत्रण पर किसान सम्मेलन में मध्यप्रदेश आए थे, तब किसानों को 4 प्रतिशत ब्याज पर ऋण मिलता था, जिसे उन्होंने शून्य प्रतिशत तक लाने का कार्य किया। श्री चौहान ने किसानों के हित में एक नहीं अनेक कदम उठाए हैं। यह उनके संवेदनशील होने का प्रमाण है। प्रधानमंत्री की तरह मुख्यमंत्री भी जनकल्याण के लिए करिश्माई नेतृत्व प्रदान कर रहे हैं।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में राज्य सरकार 4 हजार रुपये के स्थान पर अब 6 हजार रुपये की राशि प्रतिवर्ष किसानों को प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये प्राप्त होते हैं। इस प्रकार अब किसानों को मिलने वाली यह राशि 12 हजार रुपये वार्षिक हो जायेगी।

श्री चौहान ने एक महत्वपूर्ण घोषणा में कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में अब ऐसे परिवार भी लाभान्वित होंगे जहाँ ट्रैक्टर हैं। योजना के प्रावधानों में पूर्व में तय किया गया था कि चार पहिया वाहन जिस परिवार के पास है, उस परिवार की महिला सदस्य को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में पात्रता नहीं होगी। अब ट्रैक्टर रखने वाले परिवार को भी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ मिलेगा। सिंचाई का रकबा बढ़ने से किसान की हालत बदली है। कभी साढ़े सात लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता वाला मध्यप्रदेश अब 45 लाख हेक्टेयर तक सिंचाई क्षमता बढ़ा चुका है। इसे आगे 65 लाख तक ले जाने का लक्ष्य है।

## मध्यप्रदेश में 4 हजार 700 नए सीएम जनसेवा मित्रों की होगी भर्ती

**भोपाल,** हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हमें प्रदेश के विकास और जनता की सेवा करने का मौका मिला है। मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान जनता की जिंदगी बदलने का मिशन है। प्रदेश में 4 हजार 700 नए सीएम जनसेवा मित्रों की और भर्ती की जाएगी, जिससे पंचायत स्तर तक उनकी पहुंच हो सके और सरकार के कार्यों में उनका योगदान मिल सके। लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने में जनसेवा मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित समत्व भवन में सीएम जनसेवा मित्रों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से चर्चा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की बेहतरी के लिए हम दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन में जनसेवा मित्रों ने अच्छी भूमिका निभाई है। जनसेवा मित्रों ने लाड़ली बहना योजना की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जनसेवा मित्रों को आगे भी अपनी भूमिका ठीक ढंग से निभानी है। अलग-अलग माध्यमों से इस योजना को बहनों तक पहुंचाना है।

श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना का भी प्रचार-प्रसार करें। जनता की कठिनाइयों और समस्याओं को भी मेरे पास पहुंचाएं। योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभ मिले। जनहित के अनेक कार्यों में नागरिकों की भागीदारी हो। इस बात का प्रयास किया जाए कि जनसेवा मित्रों की पंचायतों में पहुंच हो जाए। उन्होंने जनसेवा मित्रों से कहा कि मतदान के यज्ञ में लोगों की भागीदारी बढ़ाने और अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित कराने का प्रयास करें। प्रशासन और सरकार का सहयोग जनसेवा मित्रों को मिलता रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा मित्र सरकार के महत्वपूर्ण अंग हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चल कर कार्य करें। जनसेवा मित्रों में अनंत क्षमता है, जिसका प्रकटीकरण कार्यों को बेहतर करने में करें। पूरी क्षमता और प्रशिक्षण प्राप्त कर बेहतर तरीके से जनसेवा में जुट जाएं। मुख्यमंत्री ने युवाओं को जनसेवा मित्र के रूप में ज्वाइन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना

## लाड़ली बहनों को मिलने वाली मासिक 1000 की राशि बढ़कर होगी क्रमशः 3000 रुपये - मुख्यमंत्री

**जबलपुर,** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ लेकर बहनें मजबूत होंगी, वे अब मजबूर नहीं रहेंगी। योजना में प्रति माह 1000 रुपये की राशि देने के प्रावधान में संशोधन कर बहनों को क्रमशः बढ़ी हुई राशि का भुगतान किया जाएगा। आवश्यक वित्त व्यवस्था के फलस्वरूप योजना में 1000 रुपये के स्थान पर क्रमशः 1250 रुपये, इसके बाद 1500 रुपये, फिर 1750 रुपये, फिर 2 हजार रुपये और इसके बाद 2250 रुपये, 2500 रुपये और 2750 रुपये करते हुए राशि को 3 हजार रुपये तक बढ़ाया जाएगा। इसी तरह योजना के लिए विवाहित पात्र बहन की आयु न्यूनतम 23 वर्ष के स्थान पर 21 वर्ष की जाएगी। बहनों की आय कम से कम 10 हजार रुपये मासिक होना चाहिए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जबलपुर में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में बहनों के खातों में मासिक राशि अंतरित करने के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से 1.25 करोड़ बहनों के खाते में कुल 1209.64 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की।



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के राज्य स्तरीय राशि अंतरण समारोह में महिलाओं को सम्मानित करते हुये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे बहनों को अब परिवार में आर्थिक रूप से किसी विवशता का सामना नहीं करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में मिलने वाली राशि उनके जीवन में आनंद लाने का कार्य करेगी। परिवार में बच्चों के लिए दूध, फल, दवाई लाने, उनकी पढ़ाई के प्रबंध को बेहतर बनाने में योजना की राशि उपयोगी होगी। परिवार में बहन के साथ बच्चों को भी आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में लाड़ली बहना सेनाएं भी

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)




## 10 जून

### प्लेन क्रैश के 40 दिन बाद जंगल में जिंदा मिले 4 बच्चे

● अमेजन के जंगलों में प्लेन क्रैश के 40 दिन बाद मिलिट्री जवानों को 4 बच्चे जिंदा मिले। यह सभी भाई-बहन हैं। इन बच्चों की उम्र 13, 9, 4 और एक साल है। यह बच्चे जवानों को कोलंबिया के कैक्वेटा और गुआवियारे प्रांत की बॉर्डर पर मिले। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने इस दिन को मैजिकल डे बताया है। राष्ट्रपति ने मिलिट्री के जवानों के साथ इन बच्चों की तस्वीरें भी शेयर कीं। बता दें, प्लेन हादसा 1 मई को हुआ था। इसमें पायलट समेत 3 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें इन बच्चों की मां भी शामिल थी।

● सोमालिया की राजधानी मोगादिशु के होटल पर्ल बीच में हुए आतंकी संगठन अल-शबाब के हमले में करीब 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। सुरक्षाबलों ने 6 घंटे ऑपरेशन चलाकर 80 से अधिक लोगों को होटल से सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान 3 सैनिकों को जान गंवानी पड़ी, जबकि सारे हमलावर मारे गए। बता दें, होटल 'पर्ल बीच' पर सरकारी अधिकारियों का आना-जाना लगा रहता था। सोमालिया के अल-शबाब चरमपंथी समूह को मोगादिशु में होटलों और दूसरी हाई-प्रोफाइल जगहों पर हमले करने के लिए जाना जाता है।

## 11 जून

### भीषण गर्मी से रिहर्सल कर रहे ब्रिटिश गार्ड्स बेहोश

● लंदन में किंग चार्ल्स-III के जन्मदिन से पहले हुई परेड रिहर्सल के दौरान करीब 3 शाही गार्ड्स बेहोश हो गए। दरअसल, ब्रिटेन में तेज गर्मी पड़ रही है और रिहर्सल के दौरान गार्ड्स ऊनी वर्दी और भालू की खाल की टोपी पहने हुए थे। इस परेड को 'कर्नल रिव्यू' के रूप में भी जाना जाता है। जिसकी प्रिंस विलियम समीक्षा कर रहे थे। परेड में 1,400 से अधिक सैनिकों ने हिस्सा लिया। यह एक वार्षिक सैन्य परेड के लिए पूर्वाभ्यास था, जो हर साल जून में किंग चार्ल्स तृतीय के आधिकारिक जन्मदिन को मनाने लिए आयोजित होता है।

● डिजिटल पेमेंट के मामले में भारत पांच देशों की लिस्ट में टॉप पर पहुंच गया है। MyGovIndia के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में साल 2022 में 89.5 मिलियन ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किए गए। आंकड़ों के मुताबिक इस मामले में भारत ने ब्राजील, चीन, थाईलैंड, साउथ कोरिया को पीछे छोड़ दिया है। डिजिटल पेमेंट को लेकर सरकार की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार 2022 में ऑनलाइन पेमेंट में बेंगलुरु पहले नंबर पर रहा, दिल्ली दूसरे नंबर और मुंबई तीसरे नंबर पर है। इन तीनों शहरों में सबसे ज्यादा डिजिटल पेमेंट हुए। MyGovIndia ने आंकड़े जारी करते हुए कहा कि भारत तेजी से कैशलेस अर्थव्यवस्था की तरफ बढ़ रहा है।

## 12 जून

### सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का रिजल्ट जारी

● संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के नतीजे घोषित कर दिए हैं। उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in पर जाकर अपना रिजल्ट देख सकते हैं। आयोग की ओर से सिविल सेवा मुख्य परीक्षा के लिए 14,624 उम्मीदवारों को शॉर्ट लिस्ट किया गया है। यूपीएससी सीएसई प्रीलिम्स लिखित परीक्षा 28 मई, 2023 को देश भर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी। शॉर्ट लिस्ट किए गए सभी उम्मीदवारों को संघ लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होना पड़ेगा। यूपीएससी सीएसई मेन्स एग्जाम 15 सितंबर, 2023 को निर्धारित है। रिजल्ट से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए आप संघ लोक सेवा आयोग परिसर, धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली में संपर्क कर सकते हैं या टेलीफोन नं. 011-23385271, 011-23098543 या 011-23381125 पर बात कर सकते हैं।

● फिलीपींस के माउंट मेयोन ज्वालामुखी से जहरीला धुआं निकल रहा है। इसके चलते एलबे इलाके से 12 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगह पर भेजा गया है। ज्वालामुखी से निकले लावा के टुकड़े 2 किलोमीटर दूर तक उड़ रहे हैं। इससे लोगों की जान को खतरा है। सरकार ने एहतियात के तौर पर माउंट मेयोन के 6 किलोमीटर तक के इलाके को डेंजर जोन घोषित किया है। ज्वालामुखी के पूरी तरह से फटने से पहले ही रिलीफ ऑपरेशन की तैयारी की जा रही है। हेल्थ सेक्रेटरी टिओड्रो हरबोसा ने मुताबिक ज्वालामुखी से निकली सल्फर डाइऑक्साइड लोगों को काफी बीमार कर सकती है।

## 13 जून

### बैंक समझौते के जरिए कर सकेंगे चूक के मामलों का निपटारा

● भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने धोखाधड़ी वाले खातों और इरादतन या जानबूझकर चूक के मामलों का निपटारा समझौते के जरिये करने को मंजूरी दे दी है। आरबीआई ने एक अधिसूचना में कहा है कि इसके लिए निदेशक-मंडल के स्तर पर नीतियां बनानी होंगी। इस संबंध में कुछ जरूरी शर्तें भी निर्धारित की गई हैं। इन शर्तों में कर्ज की न्यूनतम समय सीमा, जमानत पर रखी गई संपत्ति के मूल्य में आई गिरावट जैसे पहलू भी शामिल होंगे। बैंकों का निदेशक-मंडल इस तरह के कर्जों में अपने कर्मचारियों की जवाबदेही की जांच के लिए भी एक प्रारूप तय करेगा। अधिसूचना के अनुसार रिजर्व बैंक से विनियमित वित्तीय इकाइयां इरादतन चूककर्ता या धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत खातों के संबंध में ऐसे देनदारों के खिलाफ जारी आपराधिक कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बगैर समझौता समाधान या तकनीकी बट्टे-खाते में डाल सकती हैं।

● भारत का औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) इस साल अप्रैल में 4.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा है, जबकि मार्च में औद्योगिक उत्पादन 1.7 प्रतिशत बढ़ा था। वहीं आईआईपी अप्रैल 2022 में 6.7 प्रतिशत बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2023 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 4.9 प्रतिशत बढ़ा है, जबकि एक साल पहले समान महीने में इस क्षेत्र का उत्पादन 5.6 प्रतिशत बढ़ा था। समीक्षाधीन माह के दौरान बिजली उत्पादन में 1.1 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं अप्रैल 2022 में बिजली उत्पादन की वृद्धि दर 11.8 प्रतिशत रही थी। इसी तरह खनन उत्पादन की वृद्धि भी अप्रैल में घटी है। यह अप्रैल में घटकर 5.1 प्रतिशत रही है।

## 14 जून

### आयातित सब्जियों और फलों पर नेपाल सरकार ने लगाया वैट

● नेपाल सरकार ने आयातित सब्जियों और फलों पर 13 प्रतिशत वैट लगाने का फैसला लिया है। जिसके चलते नेपाल के व्यापारियों ने भारत से प्याज, आलू और अन्य सब्जियों का आयात बंद कर दिया है। नेपाल के व्यापारियों ने कहा कि सरकार ने इन उत्पादों पर 13 प्रतिशत का मूल्य वर्धित कर (वैट) लगा दिया है, जिसके बाद उन्हें आयात बंद करना पड़ रहा है। विपक्षी सांसदों ने नेपाल सरकार के इस कदम की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार का यह कदम कम आय वाले परिवारों को खाद्य असुरक्षा के प्रति संवेदनशील बना देगा और उन लोगों की पीड़ा को बढ़ा देगा जो पहले से ही आसमान छूती महंगाई से बुरी तरह प्रभावित हैं।

● अफगानिस्तान के कई प्रांतों में आई बाढ़ से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। तालिबान के नेतृत्व वाले प्राकृतिक आपदा प्रबंधन मंत्रालय के प्रवक्ता शफीउल्लाह रहीमी ने कहा कि अफगानिस्तान के कई प्रांतों में आई बाढ़ के दौरान करीब छह लोगों की मौत हो गई और आठ घायल हो गए हैं। बाढ़ की वजह से 30 घर ध्वस्त हो गए और सैकड़ों जानवर मारे गए। बाढ़ और तूफान से अफगानिस्तान के कुनार, नूरिस्तान, बदख्शां, पंक्तिया, ताखर, घोर और परवान आदि प्रांत प्रभावित हुए हैं।

## 15 जून

### आधार फ्री में अपडेट कराने की समय-सीमा खत्म

● आधार कार्ड फ्री में अपडेट कराने की समय-सीमा समाप्त हो गई है। अब लोगों को अपने आधार में पता, नाम और अन्य जानकारियों को अपडेट कराने के लिए 50 रुपये चार्ज देना होगा। दरअसल, सरकार ने आधार कार्ड को फ्री में अपडेट कराने की सुविधा 15 मार्च से 14 जून, 2023 तक दी थी। सरकार ने कहा था कि जिनका भी आधार कार्ड 10 साल पुराना है, उन्हें अपने आधार कार्ड को अपडेट करा लेना चाहिए।

● ग्लोबल बैंकों की दिलचस्पी भारत में लगातार बढ़ती जा रही है। हाल ही में अमेरिकी बैंकिंग कंपनी गोल्डमैन साक्स ने भारत के सिलिकॉन वैली कहे जाने वाले बेंगलुरु में अपना ऑफिस खोला है। खास बात यह है कि गोल्डमैन साक्स का यह ऑफिस न्यूयॉर्क में अपने हेड ऑफिस के बाद सबसे बड़ा ऑफिस है। गोल्डमैन साक्स ने बेंगलुरु में क्यूब के आकार वाली तीन दस-दस मंजिला इमारतों में अपना ऑफिस खोला है, जिसमें करीब 8 हजार कर्मचारी बैठ सकते हैं। बता दें, कई मल्टीनेशनल कंपनियां किफायती ऑपरेशनल सपोर्ट के लिए भारत में अपने ऑफिस खोल रही हैं।

## 16 जून

### आगामी सत्र से चार वर्षीय स्नातक कोर्स शुरू करेंगे विश्वविद्यालय

● देशभर के लगभग 105 विश्वविद्यालय 4 वर्षीय स्नातक कार्यक्रम की पेशकश करेंगे। ये 4 वर्षीय स्नातक कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के तहत शुरू किए जा रहे हैं। इन नए डिग्री कार्यक्रमों के लिए पूरी रूपरेखा तैयार हो गई है और नए शैक्षणिक सत्र से इनका संचालन शुरू होगा। 4 वर्षीय स्नातक कार्यक्रम शुरू करने वाले 105 संस्थानों में 19 केंद्रीय विश्वविद्यालय हैं। इसके अलावा 40 डीम्ड विश्वविद्यालय, 18 राज्य निजी विश्वविद्यालय और 22 राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालय भी नया कोर्स शुरू करेंगे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

आजाद पी 3 एकेडमी इंदौर
सपनों की उड़ान आप भरें, उन्हे साकार हम करें।
UPSC | MPPSC | MPSI | PATWARI | SAMVIDA 1,2,3
प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सेवा हेतु सम्मानित
MPPSC MAINS
NEW BATCH START
MPPSC PRE+ MAINS
HINDI+ ENGLISH ( 1 YEAR)
NEW BATCH 20 JUNE'23
4 JULY'23 | 18 JULY'23
UG BATCH 3 YEARS PLAN
NEW BATCH : 22 JUNE'23
NEW BATCH : 6 JULY'23
MPSI NEW BATCH
NEW BATCH : 21 JUNE'23
GANGA
हेड ऑफिस : वेदा बिल्डिंग द्वितीय मंजिल, एप्पल हॉस्पिटल के पास, भंवरकुंआ, इंदौर
0731-4966653 / 54, 70244-86260
R-48660/2023

PARIJAT COLLEGE INDORE
AFFILIATED TO D.A.V.V. & MP BOARD BHOPAL (M.P.)
RECOGNISED BY NCTE /AICTE (NEW DELHI) & HIGHER EDUCATION (BHOPAL)
REQUIRES FOR M.B.A, B.A., B.COM, B.ED, D.El.ED,
PRINCIPAL, HOD, PROFESSOR, ASSOCIATE & AST PROFESSOR & LIBRARIAN
B.ED- ELIGIBILITY: B.ED., M.ED, PG WITH 55% MARKS & PH.D/NET. /M.LIB.SALARY: AS PER GOVT. NORMS.
B.A.- (COMPUTER, ENGLISH, GEOGRAPHY, HINDI, HISTORY, POLITICAL SCIENCE)
B.COM- (COMMERCE, COMMERCE WITH C.A. TAXATION, B.COM PLAIN, COMMERCE WITH C.A. TAX PROCEDURE AND PRACTICE)
ELIGIBILITY AS PER UGC & DAVV COLLEGE CODE - 28
INTERESTED CANDIDATES MAY APPLY WITHIN 7 DAYS
CITY OFFICE 309. SOLANKI NAGAR RING ROAD, OPP. VELOCITY, BEHIND INDIA GATE INDORE(M P)
CAMPUS :- VILLAGE & POST AMBAMOLIYA, TEH., DIST, INDORE (M.P)
+917089468606, +919329768606, +917089668606
R-48661/2023

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

| क्रमांक | ब्लैक एंड व्हाइट (रेट प्रति वर्ग सेमी (Sq Per cm)) | रंगीन (रेट प्रति वर्ग सेमी (Sq Per cm)) |
|---|---|---|
| 1. डीएवीपी (DAVP) रेट | 13.36 | 18.70 |
| 2. कॉन्ट्रैक्ट रेट | 70.00 | 98.00 |
| 3. कमर्शियल रेट | 80.00 | 112.00 |

फुल पेज का आकार

| | | |
|---|---|---|
| चौड़ाई | - | 25 सेंटीमीटर |
| लंबाई | - | 37 सेंटीमीटर |
| कुल वर्ग सेंटीमीटर | - | 925 वर्ग सेंटीमीटर |



संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 40, अंक 25 19.06.2023 से 25.06.2023
रोज़गार और निर्माण
rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - मनीष सिंह
● सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

**वार्षिक सदस्य बनने के लिये** रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
**रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011**
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है।
रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

# छात्र-छात्राओं को ई-स्कूटी देने का निर्णय

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक भोपाल स्थित मंत्रालय में संपन्न हुई। मंत्रिपरिषद ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिये नवीन योजना के अंतर्गत प्रदेश के सभी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को ई-स्कूटी प्रदान करने का निर्णय लिया। अगर एक से ज्यादा विद्यार्थियों के सर्वाधिक अंक हैं तो उन सभी को योजना का लाभ मिलेगा। जिन क्षेत्रों में ई-स्कूटी उपलब्ध नहीं है वहां पर स्कूटी प्रदाय की जायेगी। योजना से लगभग 9 हजार विद्यार्थी लाभांवित होंगे। वर्ष 2023-24 के बजट में योजना क्रियान्वयन के लिये 135 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उल्लेखनीय है कि विद्यार्थियों को विद्यालयों तक पहुंचने में सुविधा बढ़ाने तथा निर्भरता कम करने, उच्च शिक्षा के लिये प्रोत्साहित करने, आत्मविश्वास जागृत करने के लिये नवीन योजना का प्रावधान किया गया है। मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा 15 अप्रैल, 2023 को जारी आदेश के अनुसार अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिये आय-सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख रुपये किये जाने और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति मानविकी विषयों के लिये भी दिये जाने का अनुसमर्थन किया। साथ ही अशासकीय संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों की पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति की वार्षिक आय-सीमा 8 लाख रुपये किये जाने की सहमति प्रदान की गयी। उल्लेखनीय है कि जनजातीय कार्य विभाग द्वारा शासकीय एवं शासकीय वित्त पोषित शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिये आय-सीमा का बंधन समाप्त किया गया है। आय-सीमा में वृद्धि से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने के व्यापक अवसर प्राप्त हो सकेंगे। मंत्रिपरिषद में मध्यप्रदेश की सहकारिता नीति, 2023 का अनुमोदन करते हुये समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित करने के लिये सहकारिता विभाग को अधिकृत किया है। यह सहकारिता नीति राज्य में सहकारिता को एक जनआंदोलन बनाने की दिशा में अग्रसर करने का मार्ग प्रशस्त करेगी। सहकारिता के माध्यम से नवीन क्षेत्रों में समीतियां गठित होंगी और रोज़गार के अवसर निर्मित होंगे। राज्य के सहकारिता कानून में भी आवश्यकतानुसार बदलाव किया जायेगा और सहकारिता की आंतरिक एवं संरचनात्मक कमियों को दूर करने की कार्यवाही की जा सकेगी। साथ ही सहकारिता में सूचना प्रौद्योगिकी का व्यापक स्तर पर उपयोग किया जायेगा। सहकारी नीति में कृषि साख, शहरी साख, सहकारी विपणन, सहकारी आवास, उपभोक्ता सहकारिता, सहकारी बीज उत्पादन एवं विपणन, लघु वनोपज सहकारी समीतियां, डेयरी सहकारिता और सहकारी मत्स्य पालन जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। मंत्रिपरिषद में 600 मेगावॉट क्षमता की ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर परियोजना को राज्य शासन की भुगतान सुरक्षा गारंटी तथा उसके प्रारूप को सहमति प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि नर्मदा नदी के ओंकारेश्वर जलाशय पर 600 मेगावॉट क्षमता की फ्लोटिंग सोलर परियोजना का निर्माण दो चरण में किया जा रहा है। ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर परियोजना देश तथा विश्व की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं में से एक होगी।

## दो सुपर अर्थ की खोज

अंतरिक्ष के क्षेत्र में अमेरिकी एजेंसी नासा का बड़ा नाम है। अंतरिक्ष से जुड़े क्षेत्र में नासा काफी लंबे समय से काम कर रहा है। अभी हाल ही में नासा के टेस सैटेलाइट ने दो ग्रहों की खोज की है। जहां पर जीवन की संभावना है। भविष्य में मनुष्य वहां रह सकता है। ये दोनों ही ग्रह अपने तारे से इतनी अच्छी दूरी पर रह रहे हैं कि उन पर जीवन पनप सके। हमारी धरती से बड़े और वजन में ज्यादा होने के कारण इन्हें सुपर अर्थ नाम दिया गया है। नासा के अनुसार ट्रांसिटिंग एक्सोप्लेनेट सर्वे सैटेलाइट (टेस) अंतरिक्ष यान ने टीओआई-2095 बी और टीओआई-2095 सी की खोज की है। सबसे पहले टेस ने सौर मंडल से 137 प्रकाश वर्ष दूर सूरज जैसे तारे टीओआई-2095 की तस्वीरें कैद कीं। इसमें पाया गया कि टीओआई-2095 ब्रह्मांड के सबसे बड़े तारों के परिवार से जुड़ा है। यह हमारे सूरज से ठंडा है, लेकिन काफी रेडिएशन, अल्ट्रावायलेट और एक्सरे तरंगें निकाल रहा है। इसकी परिक्रमा करते हुये दोनों ग्रह पाये गये हैं। इन दोनों ग्रह का तारा सूर्य से ठंडा है। इसलिये यहां जीवन पनप सकता है। खगोलविदों ने बताया कि टीओआई-2095 से निकल रही रेडिएशन के पास मौजूदा ग्रहों का वायुमंडल खत्म हो सकता है, लेकिन ये दोनों ग्रह इससे इतनी ज्यादा दूरी पर हैं कि यहां पृथ्वी जैसा वायुमंडल बरकरार है। नासा के मुताबिक टीओआई-2095 बी की अपने तारे से दूरी धरती से सूर्य की दूरी के दसवें हिस्से के बराबर है, जबकि टीओआई-सी की दूरी धरती की सूरज से दूरी से भी ज्यादा है। अप्रैल 2018 में टेस लॉन्च किया गया था। यह अब तक 330 नई दुनिया की पुष्टि कर चुका है, जबकि 6400 बाहरी ग्रह अब भी इस सूची में शामिल होने का इंतजार कर रहे हैं। अब वैज्ञानिक इन ग्रहों की घूमने की गति का पता कर रहे हैं। इसके साथ ही उसके वायुमंडल की जांच भी की जा रही है।

**- देवेश तिवारी**
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व रक्तदान दिवस | 14 जून

# जिंदगी बचाने के लिए जरूरी है रक्तदान

अक्सर खून के रिश्तों को एक परिवार से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन यह रिश्ता उन लोगों के बीच भी बन जाता है। जब एक ने खून देकर दूसरे को जिंदगी दी हो और यह रिश्ता ना ही जन्म से जुड़ा होता है, न मजहब से और न किसी स्वार्थ से, लेकिन जिंदगी देने वाला वह अनजाना जरूरतमंद परिवार के लिए अपना बन जाता है। यह रिश्ता जुड़ता है खून से, यह रिश्ता जुड़ता है रक्त दान से। ब्लड डोनेशन या रक्तदान के बारे में जानते तो हम सभी हैं, लेकिन इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने में युवा पीढ़ी और संचार के आधुनिक साधनों ने महती भूमिका निभाई है, आज किसी को ब्लड की जरूरत होती है, तो वॉट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से दोस्तों के बीच यह मैसेज दे देते हैं और जरूरतमंद की जान भी बच जाती है।

विश्व रक्तदाता दिवस हर साल 14 जून को मनाया जाता है। इसे विश्व रक्तदान दिवस भी कहते हैं। रक्त की आवश्यकता की पूर्ति को समझते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस World Blood Donor Day घोषित किया गया। रक्तदाता दिवस पहली बार मई 2005 में 58वीं विश्व स्वास्थ्य सभा में शुरू किया गया था। विश्व रक्तदाता दिवस कार्ल लैंडस्टीनर की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जिनका जन्म 14 जून, 1868 को हुआ था। कार्ल लैंडस्टीनर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 14 जून को आयोजित एक वार्षिक आयोजन के रूप में विश्व रक्तदाता दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। कार्ल लैंडस्टीनर को ब्लड ग्रुप ABO सिस्टम की खोज करके स्वास्थ्य विज्ञान में उनके अपार योगदान के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। रिचर्ड लोअर एक अंग्रेज चिकित्सक थे, जो दुनिया के पहले आदमी थे, जिन्होंने जानवरों के साथ रक्तदान के विज्ञान का प्रयोग किया और दो कुत्तों के बीच रक्त का सफलतापूर्वक संचार किया। पहला रक्तदान दिवस डब्ल्यूएचओ, इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेडक्रॉस और रेड क्रेसन्ट सोसायटी (आईएफआरसी) के सहयोग से आयोजित किया गया था।

### इस वर्ष की थीम

हर वर्ष रक्तदान दिवस को विशेष थीम या विषय पर मनाया जाता है। हर साल ब्लड डोनर डे की एक खास थीम होती है। इस साल ब्लड डोनर डे-2023 की थीम है 'रक्त दो, प्लाज्मा दो, जीवन साझा करो, अक्सर साझा करो' (Give blood, give plasma, share life, share often) विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, इस वर्ष की थीम जीवन बचाने के लिए प्लाज्मा और रक्त देने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है। यह लक्ष्य केवल तभी प्राप्त किया जा सकता है, जब रक्तदाताओं से रक्त संग्रह बढ़ाने के लिए सभी सरकारें, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और राष्ट्रीय रक्त सेवाएं आवश्यक प्रणाली और बुनियादी ढांचे के साथ पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराती हैं। इन संसाधनों में निगरानी और निरीक्षण की व्यवस्था भी होनी चाहिए।

### इस दिवस का उद्देश्य

- रक्तदानकर्ता को धन्यवाद देना और अभिवादन करना तथा जिन लोगों ने रक्तदान शुरू नहीं किया है उन लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करना।




- सुरक्षित रक्त रखने के लिए प्रतिबद्धता, वर्षभर रक्तदान, पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखना और सार्वभौमिक एवं समय पर उपलब्धता की आवश्यकता को उजागर करना।
- दानकर्ता के स्वास्थ्य और दानकर्ता के स्वास्थ्य की देखभाल की गुणवत्ता पर ध्यान देना, क्योंकि ये दानकर्ता की प्रतिबद्धता और नियमित दान करने की इच्छा के निर्माण में महत्वपूर्ण कारक है।
- सुरक्षित रक्त रखने के लिए सार्वभौमिक उपलब्धता की आवश्यकता बताना और प्रभावी स्वास्थ्य देखभाल के प्रावधान और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्य को प्राप्त करने में इसकी भूमिका पर परामर्श प्रदान करना।
- राष्ट्रीय रक्त कार्यक्रमों में निवेश, सुदृढ़ता और सततता बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर सरकारों और विकासात्मक साझेदारों से सहयोग लेना।

### अभी भी है दरकार

1997 में वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने विकसित देशों के लिए स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए एक लक्ष्य निर्धारित किया था। अस्पतालों में हर दिन रक्तदान की जरूरत होती है। कई बार सेहत में ऐसी जटिलताएं आ जाती हैं कि तुरंत खून की जरूरत होती है ऐसी स्थिति में रक्तदान एक सक्रिय भूमिका निभाता है। जीवन को बचाने, रोगी की सर्जरी, कैंसर के उपचार, क्रॉनिक बीमारियों और अन्य स्वास्थ्य संबंधी खतरों के लिए रक्तदान आवश्यक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की रिपोर्ट है कि दुनियाभर में लगभग 118.54 मिलियन लोग रक्तदान करते हैं। इनमें से लगभग 40 प्रतिशत उच्च आय वाले देशों में किया जाता हैं, जहां दुनिया की 16 प्रतिशत आबादी रहती है। 169 देशों में लगभग 13,300 रक्तदान केंद्र कुल 106 मिलियन दान एकत्र करने की रिपोर्ट करते हैं।

### पुरुषों की तुलना में महिलाएं कम करती हैं रक्तदान

आज देश में महिलाएं हर फील्ड में बेहतर काम कर रही हैं, लेकिन रक्तदान जैसे महान कार्य में उनका योगदान काफी कम है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक दुनिया में होने वाले रक्तदान में 100 फीसदी में महिलाओं की भागीदारी लगभग 33 फीसदी है। बाकी रक्तदान सिर्फ पुरुष करते हैं। हालांकि इसकी मुख्य वजह महिलाओं के शरीर में आयरन, हीमोग्लोबिन की कमी होना भी है।

### इन परिस्थितियों में नहीं कर सकते रक्तदान

- अगर एक साल में हेपेटाइटिस या पीलिया की समस्या हो रही है तो रक्तदान नहीं करना चाहिए।
- इसके साथ अगर आपका किसी गंभीर बीमारी का इलाज चल रहा हो तो भी रक्तदान न करें।
- किसी तरह के एंटीबायोटिक्स ले रहे हैं तो न करें रक्तदान।
- मिर्गी, अस्थमा, ब्लीडिंग डिसऑर्डर, थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया, पॉलीसिथीमिया के मरीज को रक्तदान नहीं करना चाहिए।
- पिछले एक साल में टैटू कराया है या एक्यूपंक्चर थैरेपी ली है, तो रक्तदान नहीं कर सकते।
- डायबिटीज में इंसुलिन का इंजेक्शन ले रहे लोग रक्तदान नहीं कर सकते हैं।

### ब्लड डोनेट करने के बाद बरतें ये सावधानी

- ब्लड डोनेट करने के बाद आराम करना बहुत महत्वपूर्ण होता है।
- इसके साथ ही पर्याप्त मात्रा में भोजन कर लें।
- रक्तदान के बाद ब्लड सेंटर से आपको रिफ्रेशमेंट (हल्की-फुल्की खाद्य सामग्री/पेय) दी जाएगी। उसे जरूर पी लें।
- ब्लड डोनेशन के बाद अगर आपको जरा भी बेचैनी या परेशानी महसूस हो, तो तत्काल ब्लड सेंटर से संपर्क करें।

### कुछ तथ्य

- स्वस्थ रक्तदाताओं की आयु 18 से 65 वर्ष के बीच होती है।
- एक यूनिट रक्त अपने विभिन्न घटकों में अलग होकर कई रोगियों को लाभ पहुंचा सकता है।
- रक्त आधान से पहले रक्त में हमेशा एचआईवी, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी और सिफलिस की जांच की जानी चाहिए।

### तो आप रक्त दान करने के योग्य हैं

1. अगर आप पूर्ण रूप से सेहतमंद हैं।
2. आपका वज़न कम से कम 50 किलो और ज़्यादा से ज़्यादा 160 किलो होना चाहिए।
3. आपकी उम्र 18 से लेकर 65 साल होनी चाहिए (अलग-अलग देशों के नियम पर निर्भर करता है)
4. प्रेग्नेंट न हों और न ही स्तनपान कराती हों।
5. एचआईवी से जुड़ा कोई इतिहास न रहा हो।

### सोशल मीडिया से बढ़ती जागरूकता

फेसबुक, ट्वीटर, वॉट्सएप जैसी सोशल नेटवर्किंग साइट्स को अक्सर युवाओं द्वारा समय खराब करने वाले साधन के तौर पर देखा जाता है, लेकिन यह सोशल प्लेटफार्म लोगों की जिंदगी भी बचा रहा है। ब्लड डोनर अवेयरनेस को लेकर लोकल से लेकर ग्लोबल लेवल पर फेसबुक पेज पर डिफरेंट वॉलेंटियर ग्रुप के माध्यम से जागरूकता फैला रहे हैं, जिससे काफी सकारात्मक परिणाम आये हैं।

**सर्जना चतुर्वेदी**
(लेखिका : समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

## कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति
## तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश

**टैगोर छात्रावास क्रमांक-टी2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002**

**फार्मेसी (B. Pharmacy/D. Pharmacy/Pharm. D/Pharm. D (PB)) पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश हेतु**

**(मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय/निजी संस्थान)**

### ऑनलाइन काउंसलिंग समय-सारणी, सत्र-2023-2024

| गतिविधियां | दिनांक/समय |
|---|---|
| **प्रथम चरण** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त | 15.06.2023 से 12.07.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के उपरान्त, ऑनलाइन सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, जो केवल एक बार के लिये ही रहेगी। | 13.07.2023 से 14.07.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना, प्राथमिकता क्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी। | 18.06.2023 से 16.07.2023 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता सूची। | 17.07.2023 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश। | 21.07.2023 से 28.07.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| **द्वितीय चरण** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त | 22.07.2023 से 03.08.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के उपरान्त, ऑनलाइन सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, जो केवल एक बार के लिये ही रहेगी। | 04.08.2023 से 05.08.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना, प्राथमिकता क्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी। | 24.07.2023 से 07.08.2023 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता सूची। | 08.08.2023 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश। | 14.08.2023 से 21.08.2023 सांय 5:00 बजे तक |
| **संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) (काउंसलिंग के केन्द्रीयकृत चरण उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये)** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन | इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना। |
| 23.08.2023 से 27.08.2023 रात्रि 11:45 बजे तक | 28.08.2023 से 29.08.2023 सांय 5:00 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 01.09.2023 से 15.09.2023 रात्रि 11:45 बजे तक | 14.09.2023 से 15.09.2023 सायं 5:00 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट dte.mponline.gov.in पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग के लिये निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रात: 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।
- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

**संपर्क : 0755-6720205, 2660441 ईमेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

**सदस्य काउंसलिंग समिति एवं**
म.प्र. माध्यम/110362/2023 **संयुक्त संचालक, तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

R-48667/2023

## मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल

**'चयन भवन' मेन रोड नं.-1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल-462011**
**दूरभाष क्रमांक- 0755-2578801-02**

### विज्ञापन

म.प्र. कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा समूह-4 अंतर्गत परीक्षा-2023 में जारी विज्ञापन की कंडिका 12 के अनुसार कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा आयोजित जारी विज्ञापन में दर्शायी गयी निर्धारित दिनांक 20.03.2023 की कंडिका 12 में उल्लेख किया कि म.प्र. के विशेष आदिम जनजाति समुदाय जैसे बैगा, सहारिया/सहरिया एवं भारिया अनुसूचित जनजाति जनजाति के अभ्यर्थियों को अकार्यपालिक पदों के लिये अपने आवेदन पत्र समस्त आवश्यक प्रमाण-पत्र संलग्न करते हुए हार्डकॉपी में निर्धारित (नियम पुस्तिका के प्रारूप-3 में) आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि तक मंडल को न भेजते हुए संबंधित विभाग को भेजें। उपरोक्त के अनुक्रम में ऑफलाइन के माध्मम से जिन अभ्यर्थियों के आवेदन कार्यालय में प्राप्त हुए थे परीक्षणोपरांत सभी अर्हताएं पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को दिनांक 23.05.2023 एवं 08.06.2023 को बुलाया गया। जिनमें सहायक वर्ग-3 हेतु अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे का विवरण प्रपत्र-01 में संलग्न है।

प्रपत्र-01 में दर्शित अभ्यर्थियों को पुन: अंतिम अवसर देते हुए निर्देशित किया जाता है कि वह दिनांक 27.06.2023 को म.प्र. कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल को प्रस्तुत आवेदन पत्र में संलग्न अभिलेखों की सत्यापित प्रति एवं मूल अभिलेखों सहित कार्यालय म.प्र. कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल में कार्यालयीन समय 10.00 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

यदि आप नियत दिनांक को कार्यालय में उपस्थित नहीं होते हैं तो ऐसी स्थिति में, यह मानते हुए कि, आप विभाग में सेवाएं देने हेतु इच्छुक नहीं है, आपके आवेदन पत्र को निरस्त किया जाकर, दावा समाप्त किया जायेगा।

**सहायक वर्ग-3 के पद हेतु अभ्यर्थियों की सूची (प्रपत्र-01)**

| स. क्र. | आवेदन का नाम | पिता का नाम | पता |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री ओमलाल बैगा | श्री संतोष बैगा | ग्राम-डिडबारिया,पोस्ट-शाहपुर, तहसील-पाली, जिला- उमरिया, म.प्र., पिन कोड- 484001 |
| 2 | श्री रविन्द्र सहरिया | श्री रामसिंह सहरिया | एम.आई.जी-16, सुमित्रा परिसर, फेस-2, शिवालय अस्पताल के पास, नयापुरा, कोलार रोड, भोपाल-462042 |

विज्ञापन क्र. 08/2023
म.प्र. माध्यम/110413/2023 **संचालक**

R-48675/2023

## कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति
## आयुक्त, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश

**टैगोर छात्रावास क्रमांक-टी2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002**

### डिप्लोमा पाठ्यक्रम

**(MOM, BCC, Film Tech. & TV Production/EKLAVYA and AMBEDKAR Scheme)**
**प्रथम वर्ष में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश हेतु**
**(मध्यप्रदेश के शासकीय एवं स्वशासी पोलिटेक्निक संस्थान)**
**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2023-24**

| गतिविधियां | दिनांक/समय |
|---|---|
| **प्रथम चरण (सामान्य पूल एवं TFW की सीटों के लिए एक साथ संयुक्त रूप से आयोजित)** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त | 15.06.2023 से 05.07.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के उपरान्त, ऑनलाइन सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, जो केवल एक बार के लिये ही रहेगी। | 06.07.2023 से 07.07.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी | 16.06.2023 से 09.07.2023 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | 10.07.2023 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश। | 14.07.2023 से 21.07.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| **द्वितीय चरण (सामान्य पूल एवं TFW की सीटों के लिए एक साथ संयुक्त रूप से आयोजित)** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त | 15.07.2023 से 02.08.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के उपरान्त, ऑनलाइन सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, जो केवल एक बार के लिये ही रहेगी। | 03.08.2023 से 04.08.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना प्राथमिकताक्रम (choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी | 17.07.2023 से 06.08.2023 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | 07.08.2023 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश। | 11.08.2023 से 22.08.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| **संस्था स्तर की कांउसलिंग (CLC)** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन | इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना। |
| 23.08.2023 से 29.08.2023 रात्रि 11:45 बजे तक | 25.08.2023 से 29.08.2023 प्रात: 10:30 बजे |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 02.09.2023 से 15.09.2023 रात्रि 11:45 बजे तक | 04.09.2023 से 15.09.2023 प्रात: 10:30 बजे |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग के लिये निर्धारित तिथि पर संस्था में **प्रात: 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक** उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।
- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

**संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ईमेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

**सदस्य काउंसलिंग समिति एवं**
म.प्र. माध्यम/110363/2023 **संयुक्त संचालक, तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

R-48668/2023

## M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

**(Government of Madhya Pradesh Undertaking)**
**REGIONAL OFFICE, 101, First Floor, ATULYA IT Park, Near Crystal IT Park Khandwa Road INDORE- 452007 (M.P.), Phone : (O) 2970611, 2971311, 2974363**
**Fax No. : 0731-2972629. E-mail : ed.roind@mpidc.co.in, Website : www.invest.mp.gov.in**
**GSTN : 23AACCM6080D2ZT, CIN : U45203MP1981SGC001850**

**No. MPIDC/R.O./IND/Tech/2023/4071** **Dated : 13.06.2023**

### NOTICE INVITING TENDER

Tender for the following work have been proceeded on the e-procurement system : **http://www.mptenders.gov.in** as mentioned below :-

| S. No. | Name of Work | PAC [Rs. in Lacs] | Cost of Tender Form | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Shifting of 33 kv TP, 11 kv DP and 33 kv undergrounding line at Readymade Garment complex and street light work at Electronic Complex, Indore. | Rs. 51.64 lacs | Rs. 11800/- i/c GST | Rs. 51645/- |

The Detailed NIT and tender documents can be viewed and purchased after publication in newspaper within **7 working days** from website : **http://www.mptenders.gov.in**

M.P. Madhyam/110350/2023 **EXECUTIVE ENGINEER**

R-48664/2023

## कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति
## तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश
टैगोर छात्रावास क्रमांक-टी2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2023-24**
**बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी/इंजीनियरिंग (B.Tech./B.E.) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु**

**(मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय/निजी संस्थान)**

प्रवेश प्रक्रिया अंतर्गत सर्वप्रथम प्रवेश परीक्षा जेईई मेन-2023 के परिणाम की मेरिट के आधार पर प्रवेश प्रदान किये जायेंगे। स्थान रिक्त होने पर हायर सेकेण्डरी परीक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर प्रवेश प्रदान किये जावेंगे।

| | |
|---|---|
| **प्रथम चरण<br>जेईई मेन-2023 की मेरिट पर आधारित<br>सामान्य पूल एवं TFW की सीटों के लिए एक साथ संयुक्त रूप से आयोजित** | |
| **गतिविधियां** | **दिनांक/समय** |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 15.06.2023 से 23.07.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी।) | 24.07.2023 से 25.07.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 05.07.2023 से 27.07.2023 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता। | 28.07.2023 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।) | 03.08.2023 से 08.08.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| अपग्रेडेशन का विकल्प ऑनलाइन प्रस्तुत करना | 03.08.2023 से 08.08.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| अपग्रेडेशन आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 11.08.2023 से 16.08.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| **अर्हकारी परीक्षा के आधार पर पंजीयन :-** प्रवेश परीक्षा जेईई मेन-2023 के आधार पर द्वितीय चरण के आवंटन पश्चात् रिक्त स्थानों पर हायर सेकेण्डरी परीक्षा (अर्हकारी परीक्षा) में प्राप्तांकों के आधार पर प्रवेश हेतु पंजीयन दिनांक 20 जून 2023 से 17 अगस्त 2023 तक उपलब्ध रहेंगे। | |
| **द्वितीय चरण<br>(प्रथमत: जेईई मेन-2023 प्रवेश परीक्षा के आधार पर तत्पश्चात अर्हकारी परीक्षा के आधार पर)** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त | 04.08.2023 से 17.08.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी।) | 18.08.2023 से 19.08.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 05.08.2023 से 21.08.2023 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता। | 22.08.2023 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।) | 26.08.2023 से 30.08.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| **आन्तरिक ब्रांच परिवर्तन** | |
| प्रवेशित संस्था के लिये प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन | 26.08.2023 से 31.08.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| ब्रांच परिवर्तन की सूची एवं पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता | 04.09.2023 को दोपहर 3:00 बजे तक |
| **संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)<br>(काउंसलिंग के केन्द्रीयकृत चरण उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये)<br>(प्रथमत: जेईई मेन-2023 प्रवेश परीक्षा के आधार पर तत्पश्चात् अर्हकारी परीक्षा के आधार पर)** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन | इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना। |
| 04.09.2023 से 08.09.2023 रात्रि 11:45 बजे तक | 09.09.2023 एवं 10.09.2023 प्रात: 10:30 बजे |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 11.09.2023 से 15.09.2023 रात्रि 11:45 बजे तक | 14.09.2023 एवं 15.09.2023 प्रात: 10:30 बजे |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग के लिये निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रात: 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।
- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।
- अर्हकारी परीक्षा के आधार पर पंजीयन केवल वे अभ्यर्थी कर सकेंगे, जो जेईई मेन-2023 की घोषित मेरिट सूची में स्थान प्राप्त नहीं कर सके हैं अथवा जेईई मेन-2023 परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके हैं।

**संपर्क :- 0755-6720205, 2660441, ईमेल :- dte.helpcenter@mp.gov.in**

**सदस्य काउंसलिंग समिति एवं**
म.प्र. माध्यम/110364/2023 **संयुक्त संचालक, तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

R-48669/2023

## कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति
## आयुक्त, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश
टैगोर छात्रावास क्रमांक-टी2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**इंजीनियरिंग डिप्लोमा**
**पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश हेतु**

**(मध्यप्रदेश के शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय/निजी क्षेत्र के पोलीटेकनिक संस्थान)**
**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2023-24**

| | |
|---|---|
| **प्रथम चरण<br>(सामान्य पूल एवं TFW की सीटों के लिए एक साथ संयुक्त रूप से आयोजित)** | |
| **गतिविधियां** | **दिनांक/समय** |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त | 15.06.2023 से 16.07.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के उपरान्त, ऑनलाइन सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, जो केवल एक बार के लिये ही रहेगी। | 17.07.2023 से 18.07.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 02.07.2023 से 20.07.2023 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता। | 21.07.2023 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 27.07.2023 से 05.08.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| **द्वितीय चरण<br>(सामान्य पूल एवं TFW की सीटों के लिए एक साथ संयुक्त रूप से आयोजित)** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त | 28.07.2023 से 07.08.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के उपरान्त, ऑनलाइन सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, जो केवल एक बार के लिये ही रहेगी। | 08.08.2023 से 09.08.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी | 29.07.2023 से 11.08.2023 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | 12.08.2023 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश। | 17.08.2023 से 22.08.2023 सायं 5:00 बजे तक |
| **संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)<br>(काउंसलिंग के केन्द्रीयकृत चरण उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये)** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन | इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना। |
| 23.08.2023 से 29.08.2023 रात्रि 11:45 बजे तक | 25.08.2023 से 29.08.2023 प्रात: 10:30 बजे |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 02.09.2023 से 15.09.2023 रात्रि 11:45 बजे तक | 04.09.2023 से 15.09.2023 प्रात: 10:30 बजे |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग के लिये निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रात: 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।
- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

**संपर्क:- 0755-6720205, 2660441, ईमेल:- dte.helpcenter@mp.gov.in**

**सदस्य काउंसलिंग समिति एवं**
म.प्र. माध्यम/110365/2023 **संयुक्त संचालक, तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

R-48670/2023

## M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED
**(Government of Madhya Pradesh Undertaking)**
**Regional Office : 101, First Floor, ATULYA IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, Indore-452007 (M.P.)**
**Phone : (O) 2970611, 2971311, 2974363 Fax No. : 0731-2972629,**
**E-mail : ed.roind@mpidc.co.in, Website : www.invest.mp.gov.in**
**GSTN : 23AACCM6080D2ZT, CIN : U45203MP1981SGC001850**

**No. MPIDC/R.O./IND/Tech/2023/4230** **Date : 15.06.2023**

**NOTICE INVITING TENDER**

Tender for the following work have been proceeded on the e-procurement system– **http://www.mptenders.gov.in** as mention below :-

| S. No. | Name of work | PAC (Rs. in Lacs) | Cost of tender form | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Paver block parking, speed breaker and sign board at I/A Electronic Complex, Indore. | Rs. 88.89 lacs | Rs. 11800/- i/c GST | Rs. 88893/- |

The Detailed NIT and tender documents can be viewed and purchased after publication in newspaper within 7 working days from website : **http://www.mptenders.gov.in**

M.P. Madhyam/110401/2023 **EXECUTIVE ENGINEER**

R-48673/2023

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)**
**5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P.-462 011**
**(GST No. 23AAATM9054A3ZX)**

### NOTICE INVITING TENDER No. 227/MTN/2023

**No./9400/22/D-12/NIT-Maint./2023** **Bhopal, Dated : 15.06.2023**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

- **SSR Applicable :- SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 05.11.2019 and amendments upto issue date of NIT.**

1. **Table No. 1 :- Name of Work –** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Ashoknagar | 2 | 31568262.00 |
| 2 | Barwani | 1 | 15617839.00 |
| 3 | Bhind | 3 | 27048754.00 |
| 4 | Chhatarpur | 1 | 10255359.00 |
| 5 | Chhindwara | 2 | 15989854.00 |
| 6 | Damoh | 1 | 6056615.00 |
| 7 | Dhar | 1 | 19940364.00 |
| 8 | Gwalior | 2 | 24317696.00 |
| 9 | Indore | 2 | 49356786.00 |
| 10 | Katni | 1 | 5242873.00 |
| 11 | Khandwa | 1 | 3380028.00 |
| 12 | Khargone | 2 | 12542583.00 |
| 13 | Mandsaur | 1 | 13548157.00 |
| 14 | Narsinghpur | 2 | 10820039.00 |
| 15 | Panna | 1 | 4986721.00 |
| 16 | Sagar | 3 | 28984271.00 |
| 17 | Seoni | 2 | 19056158.00 |
| 18 | Shajapur | 1 | 5323216.00 |
| 19 | Sheopur | 1 | 19682724.00 |

2. **Table No. 2 :- Name of Work –** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Alirajpur | 1 | 6668702.00 |
| 2 | Bhind | 1 | 4403999.00 |
| 3 | Chhindwara | 2 | 34294298.00 |
| 4 | Dhar | 4 | 53997098.00 |
| 5 | Morena | 1 | 20352074.00 |
| 6 | Narmadapuram | 1 | 11559711.00 |
| 7 | Narsinghpur | 2 | 11610308.00 |
| 8 | Rajgarh | 1 | 22139348.00 |
| 9 | Seoni | 1 | 11371021.00 |
| 10 | Shivpuri | 1 | 19859853.00 |
| 11 | Umaria | 2 | 24078321.00 |

3. **Table No. 3 :- Name of Work–**Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 15 Year)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Barwani | 1 | 13276799.00 |
| 2 | Chhatarpur | 2 | 27331520.00 |
| 3 | Dhar | 1 | 13255920.00 |
| 4 | Dindori | 2 | 30477226.00 |
| 5 | Khandwa | 2 | 11867864.00 |
| 6 | Mandla | 1 | 23380277.00 |
| 7 | Morena | 4 | 117164660.00 |
| 8 | Narsinghpur | 1 | 4662594.00 |
| 9 | Rajgarh | 1 | 10236931.00 |
| 10 | Sagar | 1 | 16678063.00 |
| 11 | Sehore | 1 | 17187623.00 |
| 12 | Umaria | 1 | 6083281.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **19.06.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/110392/2023 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

R-48672/2023

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)**
**5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P.-462 011**
**(GST No. 23AAATM9054A3ZX)**

### NOTICE INVITING TENDER No. 1112
**UPG & UPG-Mandi Roads**

**No./9369/22/D-12/MPRRDA/2023** **Bhopal, Dated : 14.06.2023**

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below.

- **Table-1-Name of work : UPG (MPRRDA SSR : 05.11.2019)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Barwani | 1 | 83580000.00 |
| 2. | Chhatarpur | 1 | 24017000.00 |
| 3. | Damoh | 1 | 33908000.00 |
| 4. | Dewas | 2 | 31829000.00 |
| 5. | Gwalior | 4 | 76250705.00 |
| 6. | Indore | 4 | 118292000.00 |
| 7. | Sagar | 2 | 120043000.00 |

- **Table-1-Name of work : UPG Mandi Roads (MPRRDA SSR : 05.11.2019)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Burhanpur | 2 | 44736000.00 |
| 2. | Dewas | 1 | 44588000.00 |
| 3. | Khandwa | 2 | 110337633.00 |

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **16.06.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document for construction & maintenance of rural roads/Bridges Sept. 2017 on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**
M.P. Madhyam/110373/2023

R-48671/2023

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)**
**5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.)-462 011**

### NOTICE INVITING TENDER No. 1114
**(PMGSY-III-Bridge)**
**(PMGSY-III, Batch-III, Year 2021-22)**

**No./9477/22/D-12/MPRRDA/2023** **Bhopal, Dated : 16.06.2023**

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in**. as detailed below :-

- **Name of Work – Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction.**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | No. of Bridge | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Chhindwara | 2 | 4 | 33304310.00 |

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in**. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from **19.06.2023 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **05.07.2023 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**
M.P. Madhyam/110415/2023

R-48676/2023

## मध्यप्रदेश आध्यात्मिक और आर्थिक प्रगति के लिए समान रूप से सक्रिय - मुख्यमंत्री

**भोपाल,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश आध्यात्मिक और आर्थिक प्रगति के लिए समान रूप से सक्रिय है। पर्यावरण-संरक्षण में जन-भागीदारी को प्रोत्साहित करने के साथ ही ग्रीन एनर्जी के लिए भी कार्य-योजना बनाई गई है। मुख्यमंत्री ने सौजन्य भेंट के लिए आए यूनाइटेड नेशंस एनवायरमेंट प्रोग्राम के कार्यकारी निदेशक श्री एरिक सॉल्हेम से यह बात कही। मुख्यमंत्री से निवास कार्यालय समत्व में यूथ ऑफ इंडिया फाउंडेशन के संस्थापक श्री शैलेश सिंघल, कोलकाता थंडर बोल्टस के चेयरमैन श्री पवन कुमार पाटोदिय, लाइफ कोच एवं दादासाहेब फालके अवॉर्डी सुश्री आशना धानुका ने भी भेंट की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए क्रियान्वित कार्यक्रमों तथा योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)**
**5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.) 462011**

**No./9330/22/D-12/MPRRDA/2023** **Bhopal, Dated : 13.06.2023**

### NOTICE INVITING TENDER No. 1112
**(PMGSY-Bridge-BW)**

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below :-

- **Name of Work : Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Jhabua | 1 | 10511362.00 |

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission :** The bid document is available online and should be submitted online in **https://www.mptenders.gov.in**. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from **14.06.2023 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **30.06.2023 (17:00 hrs.).**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/110356/2023 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

R-48665/2023

## MADHYA PRADESH BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION

MPBDC

**(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)**
**16-A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (MP)-462011,**
**Telephone No. : 0755-4853297**
**Email : einc-mpbdc@mp.gov.in,ajay.nagaria@mp.gov.in**

**NIT No.: 1362/GM/BDC/CW/23/NIT-32** **Bhopal, Dated: 15.06.2023**

### NOTICE INVINTING TENDER

Madhya Pradesh Building Development Corporation invites online tender for the following works in various Districts of Madhya Pradesh :-

| S. No. | Name of Work | Probable Amount of Contract (PAC) in Lacs | Completion Period in months including rainy season |
|---|---|---|---|
| **1. CM rise schools at-** | | | |
| i) | Jawar and Chah-Mohgaon Makhan District Khandwa | 5361.26 | 18 |
| ii) | Nisarpur District Dhar | 2262.35 | 15 |
| iii) | Hathitara District Mandla | 2076.47 | 15 |
| **2. Construction of Critical Care Hospital Block (CCHB) at-** | | | |
| i) | District Hospital Campus Neemuch | 1329.30 | 11 |
| **3. Construction/Upgradation of Primary Health Centre/ Community Health Centre at-** | | | |
| i) | Suwasra, Block Sitamau District Mandsaur | 915.21 | 11 |
| ii) | Akodia Mandi, Block Shajapur District Shajapur | 915.21 | 11 |
| iii) | Lateri, Block Lateri District Vidisha | 915.21 | 11 |

From bidders registered in M.P. PWD Department under appropriate category. Detailed NIT and tender documents can be viewed and purchased online only **from 21.06.2023 (18:00 hrs.) to 11.07.2023 (15:30 hrs.)** from **website www.mptenders.gov.in**

M.P. Madhyam/110404/2023 **MANAGING DIRECTOR**

R-48674/2023

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPTT. GOVT. OF M.P.)**
**5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal-462011 (M.P.)**
**(GST No. 23AAATM9054A3ZX)**

**No./9327/22/D-12/NIT-Maint. /2023** **Bhopal, Dated : 13/06/2023**

### NOTICE INVITING TENDER No. 226/MTN/2023
**(Flood Damage-SR)**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal https://mptenders.gov.in as detailed below.

- **SSR Applicable : SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 01.09.2017 and amendments upto issue date of NIT.**
- **Name of Work : Special Repair of Roads/ Culverts (Flood Damage)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Chhindwara | 1 | 2378000.00 |
| 2. | Narmadapuram | 2 | 1001000.00 |
| 3. | Satna | 3 | 2040000.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **14.06.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.**)**.

M.P. Madhyam/110357/2023 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

R-48666/2023

Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises, Government of India

# एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, इंदौर

(इण्डो-जर्मन टूल रूम, इन्दौर)

igtr

291-बी, 302-ए, सेक्टर-ई, इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर (म.प्र.)-452015
ई-मेल: trg@igtr-indore.com, Ph.: 0731-4210700, 4210709, 4210743

एससी एसटी के उमीदवारों के लिए ट्यूशन फीस निःशुल्क

एससी एसटी के उमीदवारों के लिए आयु में 3 वर्ष की छूट

## प्रवेश सूचना-2023-24

ए.आई.सी.टी.ई./एन.सी.व्ही.टी. स्वीकृत डिप्लोमा/आई.टी.आई पाठ्यक्रम

## इंजीनियरिंग क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर

**सभी कोर्सेस में SC/ST छात्रों को ट्यूशन फीस निःशुल्क एवं उम्र में 3 साल की छूट**

इंडो जर्मन टूल रूम, इन्दौर में निम्न कोर्सेस संचालित किये जा रहे है, सभी कार्सेस AICTE अथवा NCVT से मान्यता प्राप्त है। इन सभी कोर्स की उद्योगों में बहुत मांग है तथा रोजगार की संभावना भी अत्यधिक है।

| | क्र. | कोर्स का नाम | कोर्स की अवधि | न्यूनतम पात्रता | कोर्स की मान्यता | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| GROUP "A" | 1 | एडवास डिप्लोमा इन टूल एण्ड हाई मेकिंग (ADTDM) | 4 साल | गणित एवं विज्ञान विषय सहित 10वीं उत्तीर्ण (सामान्य 60%) (अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिंछड़ा वर्ग 50%) दिनांक 01/08/2023 को आयु सीमा 15 से 19 वर्ष | AICTE | समूह 'A' के लिए स्कैन करें |
| | 2 | डिप्लोमा इन मेकाट्रॉनिक्स (DIM) | 3 साल | | | |
| | 3 | डिप्लोमा इन कम्प्यूटर साइंस (DICS) | 3 साल | | | |
| GROUP "B" | 4 | डिप्लोमा इन वोकेशन प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी (D Voc) | 3 साल | 10वीं उत्तीर्ण दिनांक 01/08/2023 को आयु सीमा 15 से 23 वर्ष | | |
| | 5 | सर्टिफिकेट कोर्स इन मशीनिष्ट ट्रेड | 2 साल | गणित एवं विज्ञान विषय सहित 10वीं उत्तीर्ण दिनांक 01/08/2023 को आयु सीमा 15 से 23 वर्ष | NCVT (ITI) | समूह 'B' के लिए स्कैन करें |
| | 6 | सर्टिफिकेट कोर्स इन फिटर ट्रेड | 2 साल | | | |
| | 7 | सर्टिफिकेट कोर्स इन वेल्डर ट्रेड | 1 साल | | | |

- क्रमांक 1 से क्रमांक 3 (ग्रुप-A) के लिए आवेदन फॉर्म 24/04/2023 से कॉलेज में आकर या क्यू आर कोड स्कैन करके जमा कर सकेगे।
- क्रमांक 1 से क्रमांक 3 (ग्रुप-A) के लिए प्रवेश परीक्षा दिनांक 25/06/2023 को होगी एवं प्रवेश 10वी के मेरिट एवं प्रवेश परीक्षा के मूल्यांकन के आधार पर 03/07/2023 से शुरु होगे।
- क्रमांक 4 से क्रमांक 7 (ग्रुप-B) के लिए प्रवेश कॉलेज लेवल काउंसिलिंग आधार पर 24/04/2023 से शुरु होगे।
- क्रमांक 5 से क्रमांक 7 के कोर्सस में प्रवेश के लिए मूल निवास प्रमाण पत्र अनिवार्य है।
- अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.igtr-indore.com देखे एवं कॉलेज में आकर जानकारी प्राप्त करें। कोर्स के फॉर्म वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।
- प्रशासन एवं परिस्थिति के अनुसार किसी भी दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है।

deepak

**सम्पर्क : सोमवार से शनिवार सुबह 9.30 से शाम 5:00 तक**

**291/बी-302/ए, सेक्टर-ई, इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर- 452015**

आप 9009000276, 7415816011 अथवा 9977703559 पर Whatsapp द्वारा भी जानकारी प्राप्त कर सकते है

R-48662/2023

## उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अनारक्षित वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए लाभार्थ विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिये छात्रवृत्ति योजना

### (स्नातकोत्तर एवं पी.एच.डी. उपाधि के लिए)

मध्यप्रदेश के सामान्य अनारक्षित वर्ग के मूल निवासी तथा प्रतिभावान विद्यार्थी जिन्होंने अर्हकारी परीक्षा स्नातक/स्नातकोत्तर में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हों तथा विदेशों में स्थित एवं विभाग द्वारा अनुमोदित सूची के विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में अध्ययन हेतु स्नातकोत्तर/पी.एच.डी. शोध उपाधि कार्यक्रम के लिए प्रवेश प्राप्त किया हो। जो कि राज्य सहायता छात्रवृत्ति हेतु शैक्षणिक सत्र 2023-24 (जुलाई 2023 से प्रारंभ होने वाले सत्र) के लिए रहेगा, आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

प्राप्त आवेदनों के आधार पर पात्रतानुसार स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए अधिकतम 07 एवं पीएचडी पाठयक्रम के लिए अधिकतम 03 आवेदकों का नियमानुसार चयन किया जाएगा। पात्रता हेतु विद्यार्थी या उसके परिवार की आय समस्त स्रोतों से आठ लाख प्रतिवर्ष से अधिक न हो।

विदेश में अध्ययन करने के लिए राज्य सहायता प्राप्त करने हेतु अधिकतम 40,000 अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष अधिकतम 02 वर्ष की स्वीकृति प्राप्त करने के लिए आवेदनकर्ता को समस्त विवरण सहित दस्तावेजों की प्रमाणित छायाप्रति के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र प्रेषित करना अनिवार्य है।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र उच्च शिक्षा विभाग की बेबसाइट **www.highereducation.mp.gov.in** पर नवीन निर्देश के अंतर्गत विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिये छात्रवृत्ति योजना की मार्गदर्शिका शीर्षक पर अंकित है, वहां से निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है। अपात्र/अपूर्ण/त्रुटिपूर्ण एवं निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिये छात्रवृत्ति योजना 2023-24 के लिये आवेदन जमा करने की **अंतिम तिथि 26.06.2023 को समय 06.00 (सायं) बजे तक** है।

आवेदन फार्म कार्यालयीन समय में कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय, तृतीय तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल में व्यक्तिशः जमा करना अथवा डाक द्वारा प्रेषित करना आवश्यक है।

**कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा सतपुड़ा भवन, भोपाल**
**छात्रवृत्ति शाखा दूरभाष नं. 0755-2554763**

**जी-14619/48654/2023**

## कौशल विकास संचालनालय म.प्र.

### (मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोज़गार निर्माण बोर्ड)

### (विज्ञप्ति)

**क्रमांक-कौविसं/स्टेट सेल/2023/3498** **भोपाल, दिनांक : 12.06.2023**

मध्यप्रदेश स्थित शासकीय एवं निजी आईटीआई में संचालित एनसीवीटी/एससीवीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी इंटरनेट के माध्यम से अपने स्तर से अथवा ऑनलाइन सहायता केन्द्रों से प्रवेश पोर्टल (**www.dsd.mp.gov.in**) पर आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश से संबंधित समस्त जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है। समस्त इच्छुक आवेदक प्रवेश हेतु पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन एवं च्वाइस फिलिंग कर सकते हैं, जिसकी **अंतिम तिथि 25.06.2023** रखी गई है।

शासकीय एवं निजी आईटीआई में प्रवेश के लिये प्रवेश पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। अतएव समस्त इच्छुक आवेदक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन एवं च्वाइस फिलिंग आवश्यक रूप से करें।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

**जी-14890/48657/2023** **मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड, भोपाल**

## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-02 भोपाल, Mob. : 9425601534
ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com

क्र.-मप्रपुआअविनि/346/पयं/भोपाल-02/तशा/2023 भोपाल, दिनांक : 09.06.2023

### प्रेस विज्ञप्ति

''जिला राजगढ़ में थाना कालीपीठ एवं थाना खिलचीपुर में विशेष मरम्मत कार्य हेतु निविदा क्रमांक-02/2023-24 ऑनलाइन निविदा क्रमांक-MPPHCL/TENDER No. 2023_MPPHC_282891_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 20.06.2023 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/110319/2023 **परियोजना यंत्री**

R-48663/2023

## लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल (म.प्र.)

ईमेल आई.डी. - physicaldpi@mp.gov.in

**क्रमांक/शा.शि./सी/156/सीहोर/प्रवेश/2023/523** **भोपाल, दिनांक : 13.06.2023**

### विज्ञप्ति

### प्रवेश हेतु चयन प्रक्रिया की तिथि में परिवर्तन बावत् सूचना (शासकीय आवासीय खेलकूद विद्यालय सीहोर मध्यप्रदेश) (कक्षा 9वीं से 12वीं तक बालकों के प्रवेश हेतु विज्ञापन)

लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के अधीनस्थ संचालित शासकीय आवासीय खेलकूद विद्यालय सीहोर में शिक्षा सत्र 2023-24 में कक्षा 9वीं से 12वीं तक छात्रों के प्रवेश हेतु चयन प्रक्रिया दिनांक 15.06.2023 से 17.06.2023 तक जिला स्तर पर संचालित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालयों में की जानी थी। अपरिहार्य कारणों से चयन प्रक्रिया की तिथि परिवर्तित की जाती है। अब यह चयन प्रक्रिया **दिनांक 21, 22, 23 जून 2023** को जिला स्तर पर संबंधित जिलों के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालयों में आयोजित की जावेगी। शेष निर्देश यथावत रहेंगे।

**संचालक**

**जी-14881/48656/2023** **लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश**

# लाड़ली बहना सेना का 21 जून तक प्रत्येक ग्राम में किया जाएगा गठन

**भोपाल,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा अनुसार महिला कल्याण के लिए संचालित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए लाड़ली बहना सेना का गठन किया जाना है। आयुक्त, महिला बाल विकास डॉ. राम राव भोंसले ने सभी जिला कार्यक्रम अधिकारी और परियोजना अधिकारियों को प्रत्येक ग्राम में लाड़ली बहना सेना का गठन 21 जून तक अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में ऑनलाइन राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी जिला कार्यक्रम अधिकारी और परियोजना अधिकारियों को लाड़ली बहना सेना के उद्देश्य, स्वरूप, संचालन तथा दायित्व और कर्तव्यों की जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री ने महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन तथा परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने के लिये मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना प्रारंभ कर 10 जून को बहनों के खाते में 1209 करोड़ 64 लाख रुपये अंतरित किए हैं। इसी कड़ी में उन्होंने शासन द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और कार्य पर निगरानी रखने के लिए लाड़ली बहना योजना की लाभान्वित महिलाओं को शामिल कर लाड़ली बहना सेना के गठन की घोषणा भी की थी।

**लाड़ली बहना सेना का स्वरूप और गठन**

प्रदेश के प्रत्येक ग्राम, जिसकी आबादी 1500 से कम है, में 11 सदस्य एवं ऐसे ग्राम जिनकी आबादी 1500 से अधिक है, में 21 सदस्य की लाड़ली बहना सेना का गठन होगा। ग्राम/वार्ड स्तर पर एक लाड़ली बहना सेना होगी, जिसमें ग्राम की इच्छुक 23 से 60 आयु वर्ग की महिलाएं सदस्य होंगी। इसमें कुल संख्या में कम से कम 50 प्रतिशत सदस्य मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से लाभान्वित सदस्य होंगी। लाड़ली बहना सेना में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को अनिवार्यता शामिल किया जाएगा।

प्रत्येक लाड़ली बहना सेना में सर्व-सम्मति से लाड़ली बहना सेना प्रभारी एवं लाड़ली बहना सेना सह प्रभारी मनोनीत किया जाएगा, जो एक वर्ष तक अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। महिला बाल विकास विभाग की सेक्टर पर्यवेक्षक द्वारा उस ग्राम की एक सक्रिय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को लाड़ली बहना सेना के समन्वयक के रूप में मनोनीत किया जाएगा।

**गठन की प्रक्रिया**

लाड़ली बहना सेना की सदस्यता प्राप्त करने के लिये 23 से 60 आयु वर्ग की महिलाएं, आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर अपना नाम पंजीकृत करा सकती हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंजीकृत महिलाओं की सूची सेक्टर पर्यवेक्षक को उपलब्ध कराएगी। सेक्टर पर्यवेक्षक, सेक्टर अंतर्गत आने वाले सभी केंद्रों पर गठित लाड़ली बहना सेना की सूची और समन्वयक के रूप में संबंधित ग्राम की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का नाम परियोजना अधिकारी को उपलब्ध कराएंगे। लाड़ली बहना सेना के सदस्य लिखित में कारण सहित जानकारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को देकर अपनी सदस्यता समाप्त कर सकते हैं। ऐसे किसी भी रिक्त स्थान की पूर्ति लाड़ली बहना सेना प्रभारी एवं अन्य सदस्यों द्वारा सर्व-सम्मति से की जाएगी।

लाड़ली बहना सेना द्वारा माह के द्वितीय सप्ताह में कम से कम एक बार एवं आवश्यतानुसार बैठकें की जाएगी। बैठक का संचालन लाड़ली बहना सेना प्रभारी द्वारा किया जाएगा।

# निवाड़ी बना प्रदेश का दूसरा हर घर जल जिला

**निवाड़ी,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में समूचे प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं को मुहैया कराने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मध्यप्रदेश के नाम जनसेवा की एक और उपलब्धि जुड़ गयी है। मध्यप्रदेश का निवाड़ी जिला प्रदेश का दूसरा हर-घर जल जिला बन गया है। जिले के सभी 253 ग्राम के शत-प्रतिशत 55 हजार 645 घर में नल से जल पहुंचाया जा चुका है। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री ने ट्वीट के माध्यम से बधाई देते हुए कहा है कि 'प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से बुरहानपुर के बाद अब निवाड़ी जिले को भी शत-प्रतिशत हर घर नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाने के संकल्प की सिद्धि हुई है।' मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर जिले के सभी नागरिकों और लोक सेवकों को बधाई दी है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राज्यमंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह यादव ने समस्त प्रदेशवासियों एवं निवाड़ी जिले की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन का काम पूरे प्रदेश में तेजी से चल रहा है, जल्द ही हम अपने लक्ष्य तक पहुंचेंगे और हर घर पानी पहुंचाएंगे।

## कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग अलीराजपुर
## जिला-अलीराजपुर (म.प्र.)

क्रमांक/स्था./2023/5158 अलीराजपुर, दिनांक 12.06.2023

### विज्ञप्ति
### अन्य शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों (अतिथि शिक्षकों एवं कर्मचारियों) हेतु आवेदन पत्र आमंत्रण

**आवेदन प्रारंभ तिथि : 14.06.2023** **अंतिम तिथि : 22.06.2023**

जिले में संचालित चारों एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में निम्नानुसार अतिथि कर्मचारियों की आवश्यकता होने से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :–

| क्र. | पदनाम | मानदेय | संस्थावार पद संख्या | | | | अनिवार्य योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | EMRS अलीराजपुर | EMRS सेजावाड़ा | EMRS सोंडवा | EMRS जोबट | |
| 1. | संगीत शिक्षक | 21250 | 0 | 01 | 01 | 01 | 1. विश्वविद्यालय/मान्यता प्राप्त संस्थान से संगीत विषय में न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक उपाधि या समकक्ष<br>2. हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों माध्यमों में पढ़ाने की दक्षता<br>3. कम्प्यूटर का ज्ञान वांछनीय<br>4. संगीत शिक्षक के रूप में 3 वर्ष का अनुभव एवं व्यावहारिक दक्षता वांछनीय |
| 2. | आर्ट टीचर | 21250 | 01 | 01 | 01 | 01 | 1. विश्वविद्यालय/मान्यता प्राप्त संस्थान से ललित कला (FINe ART/Crafts) में स्नातक उपाधि या समकक्ष अथवा किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से ललित कला/ड्राइंग & पेंटिंग में 05 वर्ष का पूर्णकालिक डिप्लोमा<br>2. हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों माध्यमों में पढ़ाने की दक्षता |
| 3. | फिजीकल एजुकेशन टीचर | 21250 | 0 | 0 | 01 महिला | 0 | 1. विश्वविद्यालय/मान्यता प्राप्त संस्थान से कम से कम 50% अंकों के साथ शारीरिक शिक्षा/योग में स्नातक<br>2. हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों माध्यमों में पढ़ाने की दक्षता<br>3. प्रत्येक विद्यालय में 01 महिला एवं 01 पुरुष पीटीआई की व्यवस्था होगी |
| 4. | स्पेशल एजुकेटर | 26250 | 01 | 01 | 01 | 01 | 1. विश्वविद्यालय/मान्यता प्राप्त संस्थान से बी.एड. के साथ स्नातक (स्पेशल एजुकेशन) या बी.एड. के साथ 02 वर्ष का डिप्लोमा (स्पेशल एजुकेशन) या स्नातकोत्तर व्यावसायिक डिप्लोमा (स्पेशल एजुकेशन) या समकक्ष |
| 5. | स्टूडेंट काउंसलर | 15000 | 01 | 01 | 01 | 01 | 1. विश्वविद्यालय/मान्यता प्राप्त संस्थान से Psychology/Clinical Psychology में स्नातकोत्तर अथवा गाइडेंस और काउंसलिंग में डिप्लोमा<br>2. गाइडेंस और काउंसलिंग में 01 वर्ष का अनुभव (Central or State or UTs/ Public sector) |
| 6. | लैब असिस्टेंट | 10000 | 01 | 01 | 01 | 01 | 1. मान्यता प्राप्त संस्थान से लेबोरेटरी टेक्निक में सर्टिफिकेट या डिप्लोमा के साथ 10वीं उत्तीर्ण अथवा विज्ञान संकाय से 12वीं उत्तीर्ण<br>2. लेब में कार्य करने का अनुभव<br>3. कम्प्यूटर का ज्ञान वांछनीय है। |
| 7. | टेक्निकल असिस्टेंट | 15000 | 01 | 01 | 01 | 01 | 1. मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से IT में स्नातक या BCA 60% अंकों के साथ उत्तीर्ण<br>2. तीन वर्षीय पूर्णकालीन कम्प्यूटर साइंस में डिप्लोमा (Ist class) IT या इलेक्ट्रॉनिक्स<br>3. 02 वर्ष का अनुभव अनिवार्य |
| 8. | ऑफिस सुप्रीटेंडेंट | 20000 | 01 | 01 | 0 | 01 | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री<br>2. एडमिनिस्ट्रेशन, अकाउंट्स और बजट कार्य करने का 02 वर्ष का अनुभव |
| 9. | केयर टेकर | 10000 | 01 | 01 | 01 | 01 | 1. सीनियर सेकेंडरी (12वीं) उत्तीर्ण<br>2. सुरक्षा और रखरखाव कार्य में कम से कम 05 वर्ष कार्य करने का अनुभव अनिवार्य<br>3. आपात स्थितियों से निपटने के लिए अच्छा स्वास्थ्य और आयोजन क्षमता आवश्यक<br>4. हिन्दी और अंग्रेजी का अच्छा ज्ञान होना आवश्यक<br>5. पूर्व सैनिकों को प्राथमिकता दी जावेगी बशर्ते की उपर्युक्त अर्हताएं पूर्णकर्ता हो |
| 10. | जूनियर सेक्रेट्रियट असिस्टेंट | 10000 | 01 | 01 | 01 | 01 | 1. मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से 12वीं उत्तीर्ण<br>2. कम से कम 35 शब्द प्रति मिनिट अंग्रेजी एवं 30 शब्द हिन्दी टाइपिंग के साथ डिप्लोमा<br>3. कम से कम 02 वर्ष का कार्य अनुभव अनिवार्य। |
| 11. | मेडिकल अटेंडेंट (नर्स) | 15000 | 01 | 01 | 01 | 01 | 1. विश्वविद्यालय/मान्यता प्राप्त संस्थान से नर्सिंग में स्नातक (B.Sc. Hons.) या बी.एस.सी. नर्सिंग में नियमित पाठ्यक्रम या पोस्ट बैसिक बी.एस.सी. नर्सिंग या समकक्ष<br>2. 02 वर्ष 06 माह का अनुभव (कम से कम 50 सीटर हॉस्पिटल का) |
| 12. | लाइब्रेरियन | 20000 | 01 | 01 | 01 | 01 | 1. विश्वविद्यालय/मान्यता प्राप्त संस्थान से लाईब्रेरी विषय में स्नातक अथवा लाईब्रेरी साइंस में डिप्लोमा या समकक्ष<br>2. 02 वर्ष का लाईब्रेरी में अनुभव या मान्यता प्राप्त संस्थान से कम्प्यूटर एप्लीकेशन में सर्टिफिकेट |

**शर्तें :–**

(1) आवेदक सादे कागज पर आवेदन पत्र तैयार कर, सभी दस्तावेज, स्व-प्रमाणिक कर संलग्न करेंगे तथा निर्धारित अंतिम तिथि 22.06.2023 सायं 4.30 बजे तक स्वयं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा **''सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग अलीराजपुर''** के नाम से तैयार कर, **''एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अलीराजपुर, जिला-अलीराजपुर (म.प्र.) पिन कोड 457887''** के पते पर जमा कर सकते हैं। निर्धारित दिनांक उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(2) प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच उपरान्त अर्हतादायी प्राप्त अंकों एवं साक्षात्कार अंकों के आधार पर जिला स्तरीय मेरिट सूची तैयार की जायेगी, तदानुसार वरीयताक्रम अनुसार संबंधित को कार्य करने हेतु आमंत्रित किया जावेगा।

(3) यदि सत्र 2023-24 के दौरान बीच में ही (31.03.2024 के पूर्व) राज्य शासन अथवा भारत शासन द्वारा नियमित कर्मचारियों की नियुक्ति होने अथवा प्रतिनियुक्ति होने पर पद विरुद्ध नियुक्त अतिथि कर्मचारियों की नियुक्ति स्वमेव समाप्त होगी। यदि सत्र 2023-24 के दौरान नियमित कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं भी होती हैं तो भी इन कर्मचारियों की सेवाएं दिनांक 31.03.2024 को स्वतः समाप्त मानी जावेगी।

(4) साक्षात्कार हेतु पात्र पाए गए अभ्यर्थियों की सूची दिनांक 24.06.2023 को ''कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग अलीराजपुर'' के सूचना पटल पर चस्पा की जायेगी जिसकी सूचना पृथक से नहीं दी जावेगी, संबंधित को स्वयं या किसी सम्पर्कित के माध्यम से पता लगाना होगा कि हम पात्र हैं अथवा अपात्र। पात्र/अपात्र से संबंधित यदि किसी को कोई दावा/आपत्ति होती हैं, तो संबंधित को दिनांक 26.06.2023 को दोपहर 2.00 बजे तक अपना लिखित दावा/ आपत्ति ''सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग अलीराजपुर'' के पक्ष में तैयार कर, कार्यालय प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अलीराजपुर में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करना होगा, जिसका निराकरण जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जावेगा।

(5) पात्र पाए गए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार (Interview) दिनांक 27 जून 2023 को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अलीराजपुर में प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक जिला स्तरीय समिति द्वारा लिया जावेगा।

(6) विज्ञापित पदों में कमी या वृद्धि हो सकती हैं।

(7) यह व्यवस्था पूर्णतः अस्थाई व वैकल्पिक होने से, संबंधित कर्मचारियों का कार्य एवं व्यवहार संतोषजनक नहीं होने पर, संबंधित संस्था प्राचार्य द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के संबंधित कर्मचारी को हटा कर अगले क्रम के अभ्यर्थी को कार्य करने हेतु आमंत्रित कर सकते हैं।

(8) ये विद्यालय विशिष्ट विद्यालय होने के कारण सभी कर्मचारियों को विद्यालय द्वारा निर्धारित समय सारणी का पूर्णतः पालन करना अनिवार्य होगा।

**सहायक आयुक्त**
**जनजातीय कार्य विभाग अलीराजपुर**

जी-14924/48658/2023

## मध्यप्रदेश शासन वाणिज्यिक कर विभाग
## मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल-462004
## ''मध्यप्रदेश वाणिज्यिक कर अपील बोर्ड में स्थायी लेखा सदस्य के पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन''

**क्रमांक-एफ-ए6-17/2015/1/पांच** **भोपाल, दिनांक : 08.06.2023**

मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्यिक कर विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश वाणिज्यिक कर अपील बोर्ड में एक स्थायी लेखा सदस्य की नियुक्ति हेतु निर्धारित अर्हता रखने वाले व्यक्तियों से निम्नलिखित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :–

**1. निर्धारित अर्हता :–**

आवेदक :– (क) चार्टर्ड एकाउंटेंट के रूप में कम से कम 10 वर्षों तक विक्रय कर/वाणिज्यिक कर/मूल्य संवर्धन कर में लेखाकर्म का व्यवसाय कर चुका हो।

अथवा

मध्यप्रदेश राज्य कराधान सेवा का सेवारत अथवा सेवानिवृत्त सदस्य हो तथा इस सेवा का न्यूनतम 30 वर्षों तक सदस्य रह चुका हो तथा इस सेवा के तहत (i) संचालक या अतिरिक्त आयुक्त का पद धारण कर चुका हो या (ii) कम से कम 03 वर्षों तक उप आयुक्त का पद धारण कर चुका हो।

(ख) दिवालिया न्यायनिर्णीत ना हुआ हो, या

(ग) ऐसे अपराध का जिसमें राज्य सरकार की राय में नैतिक अधमता अंतर्वलित हो, सिद्धदोष नहीं ठहरा दिया गया हो, या

(घ) मानसिक या शारीरिक रूप से कार्य करने में असमर्थ नहीं हो।

**2. वेतन भत्ते एवं अन्य शर्तें :–**

1. लेखा सदस्य की नियुक्ति म.प्र. वेट अधिनियम 2002 की धारा 4 के अंतर्गत नियुक्ति दिनांक से 05 वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु सीमा (जो पहले हो) होने तक कार्यकाल के लिए होगी।
2. नियुक्त सदस्य जब पद पर नहीं रह जाता है, तब वह म.प्र. वेट अधिनियम 2002 के अधीन किसी प्राधिकारी के समक्ष उपस्थित होने, कार्य करने या पक्ष समर्थन के लिए पात्र नहीं होगा।
3. नियुक्त सदस्य को राज्य सरकार के सचिव की श्रेणी के अधिकारी को देय मासिक वेतन एवं भत्ते प्राप्त होंगे किन्तु यदि वह मध्यप्रदेश राज्य कराधान सेवा से पहले से ही सेवानिवृत्त हो चुका है, तो सचिव को देय मासिक वेतन एवं भत्ते में से उसे दी जा रही मासिक पेंशन की राशि कम कर दी जाएगी।
4. मध्यप्रदेश राज्य कराधान सेवा के सेवारत सदस्य की नियुक्ति लेखा सदस्य के रूप में होने पर, उस तारीख को, जिसको कि वह सदस्य के रूप में कार्यभार ग्रहण करता है, म.प्र. राज्य कराधान सेवा से सेवानिवृत्त हो गया समझा जाएगा, किन्तु सदस्य के रूप में उसकी पश्चातवर्ती सेवा, उसे लागू नियमों के अधीन पेंशन एवं सेवानिवृत्ति लाभों के लिए, मध्यप्रदेश राज्य कराधान सेवा में उसकी सेवा के रूप में सम्मिलित की जाएगी।
5. मासिक वेतन एवं भत्तों के अतिरिक्त राज्य कराधान सेवा से नियुक्त सदस्य की सेवा की अन्य शर्तें, उस सेवा के सदस्य को लागू नियमों द्वारा विनियमित की जाएगी।

**3. आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज :–**

1. आवेदन करने वाले चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा आवेदन पत्र के साथ 03 वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22 के आयकर रिटर्न की छायाप्रति संलग्न करनी होगी, जिसमें व्यवसायिक सेवा मद में आय दर्शाई गई हो।
2. आवेदन करने वाले चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा कम से कम 10 वर्षों तक विक्रय कर/वाणिज्यिक कर/मूल्य संवर्धन कर में लेखाकर्म का व्यवसाय किये जाने का आयुक्त, वाणिज्यिक कर, म.प्र. इंदौर द्वारा जारी किया गया प्रमाण-पत्र।

**4. आवेदन की अंतिम तिथि :–**

सम्पूर्ण विवरण के साथ आवेदन सादे कागज पर प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्यिक कर विभाग, वल्लभ भवन, भोपाल को पंजीकृत डाक से **दिनांक 27.06.2023 तक** तथा आवेदन पत्र की स्केन की हुई प्रति ई-मेल के माध्यम से **pscommtax@mp.gov.in** पर भी दिनांक 27.06.2023 तक प्राप्त हो जानी चाहिए।

**प्रमुख सचिव**
**म.प्र. शासन वाणिज्यिक कर विभाग**

जी-14669/48655/2023

## असम के मुख्यमंत्री ने की मध्यप्रदेश में स्वच्छता प्रयासों की सराहना

**भोपाल,** मध्यप्रदेश ने स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य किया है। असम के वरिष्ठ अधिकारी और कैबिनेट के सदस्यों सहित एक 25 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल भोपाल और इंदौर भेजा जाएगा, आप उनको गाइड कीजिएगा। ये बातें असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने मध्यप्रदेश और असम की संयुक्त वीडियो कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुये कहीं। बैठक में श्री सरमा के साथ उनके सभी कैबिनेट सहयोगी, सभी जिलों के कलेक्टर्स और असम के नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। मध्यप्रदेश की ओर से नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह एवं राज्यमंत्री श्री ओपीएस भदौरिया ऑनलाइन शामिल हुये। बैठक का उद्देश्य मध्यप्रदेश द्वारा शहरी स्वच्छता और लीगेसी वेस्ट के निपटान के लिए किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों से असम की शहरी विकास टीम को अवगत कराना था।

प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री नीरज मंडलोई और आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री भरत यादव ने योजनाओं का प्रस्तुतिकरण किया। मध्यप्रदेश की उल्लेखनीय उपलब्धियों, रणनीति, भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी। इंदौर और भोपाल में लीगेसी वेस्ट के निपटान के लिए विशेष प्रयासों के साथ ही प्रदेश में लगातार किए जा रहे व्यवहार परिवर्तन और संचार के प्रयासों से भी अवगत कराया गया।

श्री नीरज मंडलोई ने मध्यप्रदेश शासन की ओर से असम के मुख्यमंत्री डॉ. सरमा को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। ज्ञातव्य है कि मध्यप्रदेश ने अपनी शहरी स्वच्छता यात्रा में कई कीर्तिमान स्थापित करके सम्पूर्ण देश का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया है। मध्यप्रदेश द्वारा किए जा रहे प्रयास, स्वच्छता सेवाएं, कचरा प्रबंधन, व्यवहार परिवर्तन आदि के अनुभव देश में चर्चा का विषय हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में मध्यप्रदेश को देश के नंबर वन राज्य का सम्मान प्राप्त हुआ है। इसके अलावा देश के नंबर वन स्वच्छ शहर इंदौर और भोपाल ने भी दुनियाभर में अपनी छाप छोड़ी है। प्रदेश के 80 प्रतिशत से अधिक निकायों ने अपनी स्वच्छता रैंकिंग में वृद्धि की है। इस समय प्रदेश के नगरीय निकाय आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 की तैयारियों में जोर-शोर से जुटे हुये हैं।

## कोविड-19 लॉकडाउन में दर्ज साधारण प्रकरणों को वापस लेने के आदेश जारी

**भोपाल,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा गृह विभाग की समीक्षा के दौरान दिए गए निर्देश और केन्द्रीय गृह मंत्रालय की एडवाइजरी के अनुसार राज्य शासन ने व्यापक लोकहित में वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान कोविड-19 प्रोटोकॉल तथा लॉकडाउन उल्लघंन से संबंधित दर्ज सभी साधारण आपराधिक प्रकरणों को वापस लेने का आदेश जारी किया है। इस संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर्स को निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

**लोक हित में लिया गया निर्णय**

अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा ने बताया है कि केन्द्र सरकार एवं सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार राज्य शासन ने सम्यक विचारोपरांत व्यापक लोक हित में कोविड-19 प्रोटोकॉल/लॉकडाउन उल्लंघन के साधारण आपराधिक प्रकारणों को वापस लेने का निर्णय लिया है। इसमें आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005, महामारी अधिनियम 1897 एवं भारतीय दण्ड धारा 188, 269, 270 तथा 271 में आमजन के विरुद्ध दर्ज समस्त ऐसे आपराधिक प्रकारणों एवं ऐसे प्रकरण से संबद्ध भा.द.वि. के अन्य अपराध, जिनमें अधिकतम 2 वर्ष के कारावास (जुर्माने सहित/रहित) का प्रावधान शामिल है।

डॉ. राजौरा ने कलेक्टर्स को भा.द.वि. धारा 321 में विहित प्रक्रिया अनुसार जिलों में कोविड-19 के दौरान पंजीबद्ध प्रकरणों को वापस लेने के कार्यवाही के निर्देश दिये हैं।

**मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना**

# मध्यप्रदेश में 98.51 प्रतिशत बहनों को हुआ है एक हजार रुपये का भुगतान



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना और मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना की समीक्षा करते हुये।

**भोपाल,** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना और मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजनाएं अद्भुत हैं। इन योजनाओं के क्रियान्वयन में बेहतर कार्य हुआ है। इसके लिए मंत्रीगण, विधायक, जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में अब तक एक करोड़ 18 लाख 22 हजार 624 लाड़ली बहनों को सफल भुगतान किया जा चुका है, जिसका प्रतिशत 98.51 है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित समत्व भवन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना और मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना की समीक्षा करते हुये कहीं। अधिकारियों को लाड़ली बहना योजना में राशि अंतरित नहीं होने वाली बहनों की मदद करने के लिये जन-प्रतिनिधियों से सहयोग लेने के निर्देश दिये।

**शीघ्र कराया जायेगा शेष लाड़ली बहनों के खाते में भुगतान**

मुख्यमंत्री ने बैठक में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में राशि अंतरण के बाद शेष रही बहनों को भी खाते में शीघ्र पैसा पहुंचाने के लिये सभी आवश्यक प्रयास तत्परता से करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन एक लाख 78 हजार 891 बहनों के खाते में राशि नहीं पहुंची है, उनसे आवश्यक जानकारियां प्राप्त कर बैंक को उपलब्ध कराई जायें, जिससे उनके खाते में भुगतान हो सके। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आधार सीडिंग कार्य में महापौर, जनपद अध्यक्ष, सरपंच, समस्त जन-प्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाए। जन-प्रतिनिधि बहनों के साथ बैंकों में जाकर अकाउंट डाटा अपडेट करने में आवश्यक मदद करें, जिससे योजना की राशि पहुंच सके। बताया गया कि 10 जून से 14 जून के मध्य डीबीटी सक्रिय किये गये 1.07 लाख हितग्राही बहनों के भुगतान आदेश 15 जून को प्रोसेस किये गये हैं।

समस्त लाड़ली बहनों को एसएमएस कर भुगतान असफल होने की जानकारी दी जा रही है। संदेशों के द्वारा असफल होने के कारण और उनके निराकरण के लिये सुझाव भी प्रेषित किये जा रहे हैं। जिले और स्थानीय निकाय स्तर पर प्रत्येक लाड़ली बहना के भुगतान असफल होने का कारण और निदान प्रदर्शित किया जा रहा है। जिला स्तर से निराकरण के बाद लाड़ली बहनों को भुगतान किये जाने की पुन: कार्यवाही की जानकारी पोर्टल के माध्यम से दी जायेगी।

श्री चौहान ने कहा कि कृषक ब्याज माफी योजना में डिफाल्टर किसानों के खाते में डाली गई राशि के बाद अब वे किसान शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर खाद-बीज प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना में किसानों को अब 4 हजार रुपये की जगह 6 हजार रुपये दिए जाएंगे। हर साल तीन किश्तों में दो-दो हजार रुपये की राशि डाली जाएगी।

उल्लेखनीय है कि मंत्रिपरिषद द्वारा 9 मई 2023 को कृषक ब्याज माफी योजना को स्वीकृति दी गई थी। योजना में 31 मार्च 2023 की स्थिति में डिफाल्टर कृषकों के ऊपर 2 लाख रुपये के ब्याज सहित अल्पकालीन एवं मध्यकालीन परिवर्तित ऋण की ब्याज राशि माफ किए जाने का प्रावधान है। योजना में 11 लाख 19 हजार डिफाल्टर कृषकों के ऊपर बकाया ब्याज की राशि लगभग 2123 करोड़ रुपये माफ की गई है।

# सिंचाई परियोजना में विलम्ब के दोषियों के विरुद्ध उठाएंगे सख्त कदम



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान छिपानेर माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना के कार्यों की समीक्षा करते हुये।

**भोपाल,** किसानों के हित में संचालित निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं के कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण किए जाएं। समय पर कार्य पूर्ण न करने वाली एजेंसियों और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय समत्व भवन में सीहोर और देवास जिले में क्रियान्वित की जा रही छीपानेर माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना के कार्यों की समीक्षा करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने परियोजना के कार्यों की गति पर अप्रसन्नता व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपर मुख्य सचिव जल संसाधन को निर्देश दिए कि छीपानेर माइक्रो उद्वहन सिचांई परियोजना के शेष बचे 5 प्रतिशत कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि कुल 35 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए अब तक 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। देवास जिले के 39 और सीहोर जिले के 30 ग्रामों को परियोजना से लाभ मिलेगा।

श्री चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर्स को मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान और मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए बधाई दी।

## विदेश में उच्च शिक्षा के लिए 40 हजार डॉलर प्रतिवर्ष की छात्रवृत्ति योजना

**भोपाल,** मध्यप्रदेश में सामान्य/अनारक्षित वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विदेश में स्नातकोत्तर एवं पीएच.डी. उपाधि के लिए छात्रवृत्ति योजना 2023-24 के तहत आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 26 जून 2023 निर्धारित की गई है।

छात्रवृत्ति योजना में सामान्य एवं अनारक्षित वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शासन द्वारा उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजे जाने का प्रावधान किया गया है। इसमें मेरिट के आधार पर विदेश में उच्च शिक्षा के लिए चयनित विद्यार्थियों, जिनके परिवार की आय पर आयकर देय नहीं है, की फीस का भार राज्य शासन द्वारा वहन किया जायेगा। इसमें 20 विद्यार्थियों को लाभांवित किए जाने का लक्ष्य है। विदेश में अध्ययन के पाठ्यक्रम के लिए चयनित आवेदनकर्ता की समस्त स्रोत से वार्षिक आय 8 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश के लिए आवेदनकर्ता की उम्र अधिकतम 25 वर्ष तथा पीएच.डी. शोध उपाधि के लिए अधिकतम उम्र 35 वर्ष होना चाहिए।

योजना में प्रदेश के चयनित प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विशिष्ट क्षेत्रों में स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों/शोध उपाधि एवं शोध उपाधि के बाद कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रतिवर्ष जनवरी से जून सत्र के लिए 10 छात्रवृत्ति तथा जुलाई से दिसम्बर सत्र के लिए 10 छात्रवृत्ति स्वीकृत की जायेगी। छात्रवृत्ति योजना में स्नातकोत्तर और पीएच.डी. उपाधि के लिए दो-दो वर्ष की अवधि के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी।

स्नातकोत्तर उपाधि के लिए आवेदक को मध्यप्रदेश एवं देश के किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय, संस्थान से पारम्परिक/स्व-वित्तीय योजना से संचालित पाठ्यक्रम/व्यावसायिक पाठ्यक्रम से उत्तीर्ण होकर विदेश में निर्धारित विश्वविद्यालय से चयनित होने पर नियमानुसार अध्ययन करने की पात्रता होगी। पीएच.डी. शोध उपाधि के लिए संबंधित विषय में स्नातकोत्तर में 60 प्रतिशत अंक एवं मध्यप्रदेश के किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/शासकीय महाविद्यालय से संबंधित विषय में दो वर्ष के अध्ययन का अनुभव/एमफिल उपाधि होना अनिवार्य होगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय अब 13 हजार रुपये होगा

## सेवानिवृत्ति पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को एक लाख 25 हजार रुपये मिलेंगे - मुख्यमंत्री




मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में भारतीय मजदूर संघ तथा मध्यप्रदेश आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महासंघ के सम्मेलन को संबोधित करते हुये।

**भोपाल,** आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 13 हजार रुपये किया जाएगा। मानदेय में इंसेंटिव के रूप में 1000 रुपये की वृद्धि प्रतिवर्ष की जाएगी। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का 1000 रुपये प्रति माह अलग से प्राप्त होगा। मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का मानदेय भी 6 हजार 500 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सेवानिवृत्त होने पर एकमुश्त एक लाख 25 हजार रुपये और सहायिकाओं को एक लाख रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं का 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य और दुर्घटना बीमा कराया जाएगा। सहायिका से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद पर पदोन्नति के लिए 50 प्रतिशत पद आरक्षित होंगे। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को शासकीय कर्मचारी की तरह सुविधा होगी। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ये घोषणाएं मुख्यमंत्री भारतीय मजदूर संघ तथा मध्यप्रदेश आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका महासंघ के सम्मेलन को संबोधित करते हुये कीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की भूमिका सराहनीय है। लाड़ली लक्ष्मी और मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के क्रियान्वयन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना को लागू करवाने में आंगनवाड़ी की बहनों ने कठिन परिश्रम किया है, जो अभिनन्दनीय है। बहनों ने कम समय में दिन-रात एक कर एक करोड़ 25 लाख पंजीयन कराए, यह बड़ी उपलब्धि है। कुपोषण कम करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं के सतत प्रयास जारी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के परिश्रम और उनके द्वारा समाज के लिए किए जा रहे कार्यों का सदैव सम्मान किया है और समय-समय पर मानदेय में वृद्धि की है।

श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, मेरे अंतर्मन से निकली योजना है। भारत में प्राचीनकाल में महिलाओं का बहुत सम्मान था, परंतु देश के गुलाम होने के बाद महिलाओं के साथ अन्याय हुआ। ऐतिहासिक कारणों के परिणामस्वरूप घरों में भी महिलाएं दोयम दर्जे के व्यवहार की शिकार हुईं। अपनी छोटी-मोटी जरूरतों के लिए भी बहनें दूसरों पर निर्भर थीं। उनकी स्थिति में सुधार के लिए ही प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी योजना, कन्या विवाह योजना, अन्य प्रोत्साहन गतिविधियां और महिला सशक्तिकरण के लिए योजनाएं क्रियान्वित की गईं। सम्मेलन में भारतीय मजदूर संघ और मध्यप्रदेश आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका महासंघ के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे।

# मध्यप्रदेश में चल रहा जनकल्याण का महायज्ञ-मुख्यमंत्री

**भोपाल,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय के सभा कक्ष में मंत्रिपरिषद के सदस्यों से कहा कि मध्यप्रदेश में जनकल्याण का महायज्ञ चल रहा है। प्रदेश के साढ़े आठ करोड़ नागरिकों के कल्याण के लिए सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के 10 जून के कार्यक्रम और किसान कल्याण के 13 जून के कार्यक्रम सफल हुए।

मंत्रिपरिषद के सदस्यों और प्रशासनिक टीम को इन कार्यक्रमों और योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, पहली बार किसी योजना के त्वरित क्रियान्वयन का यह अनोखा उदाहरण है। नर्मदा जयंती 28 जनवरी को योजना प्रारंभ करने की घोषणा, 5 मार्च को योजना के शुभारंभ, इसके बाद पात्र बहनों के आवेदन-पत्र प्राप्त करने, ई-केवायसी की औपचारिकता पूर्ण कर बैंक खाते में राशि अंतरित करने की संपूर्ण प्रक्रिया निर्धारित तरीके से पूरी की गई। तय समय-सीमा में कार्य पूर्ण किये गये। यह किसी भी योजना के प्रारंभ होने और बहुत कम समय में अमल की दृष्टि से अपने आप में एक रिकॉर्ड है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन के लिये अधिकारी-कर्मचारियों ने निरंतर परिश्रम किया। श्री चौहान ने कहा कि कल्याणकारी योजनाएं नागरिकों का जीवन बदलने का कार्य करेंगी।

श्री चौहान ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिये 13 जून को राजगढ़ में 3 महत्वपूर्ण योजनाओं में करीब साढ़े छह हजार करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई। जहां राज्य सरकार ने पूर्व सरकार द्वारा डिफाल्टर किसानों की ब्याज राशि को माफ करते हुए उन्हें डिफाल्टर होने से मुक्ति दिलवाकर खाद और बीज प्राप्त करने का हकदार बनाया है, वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की 2900 करोड़ रुपये की राशि भी लगभग 49 लाख किसानों को प्रदान की गई। साथ ही मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना में 1400 करोड़ रुपये की राशि किसानों के खाते में डाली गई। अब बहनों की तरह किसानों को भी प्रतिमाह रुपये 1000 की राशि प्राप्त होगी।

# आउटसोर्स लाइन कर्मियों को जोखिम भत्ते के आदेश जारी

**भोपाल,** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत 16 जिलों में आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से कार्यरत एक हजार 200 लाइनकर्मियों को प्रतिमाह एक हजार रुपये जोखिम भत्ते का भुगतान किया जाएगा। इस संबंध में कंपनी ने लाइन कर्मियों को माह मई के जोखिम भत्ते का भुगतान माह जून के वेतन के साथ करने के आदेश जारी कर दिये हैं।

गौरतलब है कि राज्य शासन के निर्णयानुसार मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बाह्य स्रोत सेवाप्रदाता के माध्यम से नियोजित आई.टी.आई. उत्तीर्ण आउटसोर्स श्रमिक जो कि कंपनी में लाइनमैन का कार्य कर रहे हैं और जिन्हें विद्युत सुरक्षा विभाग/वितरण कंपनी द्वारा ओवरहेड/तारमिस्त्री प्रमाणीकरण जारी किया गया है, को बाह्य स्रोत सेवाप्रदाता के माध्यम से प्रतिमाह, श्रमायुक्त, मध्यप्रदेश द्वारा 'कुशल' वर्ग के श्रमिकों हेतु लागू प्रतिमाह वेतन के अतिरिक्त एक हजार रुपये का जोखिम भत्ता प्रदान किया जाएगा।

# शासकीय अस्पतालों में मिलेगा एडवांस डेंटल ट्रीटमेंट

**भोपाल,** शासकीय चिकित्सालयों में एडवांस डेंटल ट्रीटमेंट की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नई डेंटल क्लीनिक स्थापित की जा रही हैं। इनकी स्थापना के लिये 40 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। अगले 2 माह की समय-सीमा में डेंटल यूनिट्स को क्रियाशील बनाने के लिये अधिकारियों को कहा गया है। ये बातें लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने भोपाल स्थित मंत्रालय में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान कहीं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नवीन डेंटल इकाइयों में रूट-केनाल ट्रीटमेंट, अक्कल दाड़ की सर्जरी, पायरिया का ट्रीटमेंट, जबड़ा फ्रेक्चर ट्रीटमेंट, छोटे बच्चों के दांतों का ट्रीटमेंट विशेषकर छोटे बच्चों के दांतों में होने वाली समस्याओं जैसे नस का उपचार, दांत निकालना, पक्के दांत आने तक दांत की जगह सुरक्षित रखना, दांतों में पस का उपचार, दांतों की केविटी में पर्मानेंट फिलिंग सहित दांतों की अन्य बीमारियों का ट्रीटमेंट शामिल है। उन्होंने कहा कि नवीन डेंटल क्लीनिक्स में 55 प्रकार के उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे। प्रत्येक जिला चिकित्सालय में 3 डेंटल चेयर के सेट, सिविल अस्पताल में 2 डेंटल चेयर सेट और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक डेंटल चेयर सेट रहेगा। इस तरह से अस्पताल में डेंटिस्ट, स्टॉफ और उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे।

डॉ. चौधरी ने कहा कि डेंटल यूनिट्स में उपलब्ध कराये जा रहे एडवांस उपकरणों में डेंटल चेयर, आरव्हीजी एक्स-रे सेंसर्स, रूट-केनाल ट्रीटमेंट के लिये एपेक्स लोकेटर के साथ एण्डो मोटर, अल्ट्रासोनिक क्लीनर, अल्ट्रासोनिक स्केलर आदि शामिल हैं। साथ ही जे.पी. हॉस्पिटल भोपाल में ओपीजी एक्स-रे मशीन, डायोड लेजर, फिजियो डिसपेंसर, इलेक्ट्रोकॉटरी मशीन, पीजोइलेक्ट्रिक मशीन भी उपलब्ध कराई जायेगी।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू

**भोपाल,** विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी भोपाल में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश श्री राजेश कुमार कौल ने शुभारंभ किया। आयोग से आए मास्टर ट्रेनर्स द्वारा अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी जानकारियों से अवगत कराया जा रहा है।

# बांधों की सुरक्षा में चूक बर्दाश्त नहीं होगी - जल संसाधन मंत्री



जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट प्रदेश में बांधों की सुरक्षा के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते हुये।

**भोपाल,** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने मंत्रालय में जल संसाधन विभाग की बैठक में निर्देश दिए कि बांधों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार से कोई भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके लिए अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की जाए।

श्री सिलावट ने कहा कि बांध सुरक्षा, बाढ़ और आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों के लिए वैकल्पिक प्लान तैयार कर के रखें। बड़े और मध्यम स्तर के बांध के संरक्षण, सुरक्षा का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट बनाई जाए। साथ ही सभी बांध के गेट को खोलने और बंद करने के पूर्व सभी परिस्थितियों का आकलन कर लिया जाए। निर्माणाधीन परियोजना के संबंध में भी समीक्षा कर ली जाए। चेनल से पानी निकालने की व्यवस्था भी सुचारु बनाई जाए। जल संसाधन मंत्री ने नहरों की सफाई और मरम्मत का काम 10 दिन में पूर्ण करने के लिए सभी बड़े बांधों पर अधिकारियों की तैनाती और जिम्मेदारी तय करने उन्होंने कहा कि भोपाल में कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए और सीसीटीवी कैमरे से भी सतत निगाह रखी जाए। किसी भी जलाशय में सीवेज़ और लीकेज की स्थिति तुरंत ठीक कर ली जाए।

उन्होंने कहा कि मानसून काल में बाढ़ की स्थिति से बचाव के लिये राजस्व विभाग के प्रभारी अधिकारियों एवं जिला स्तर पर गठित बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ के अधिकारियों के साथ समन्वय कर सभी के मोबाइल नंबर रखे जाएं और व्हाट्एप ग्रुप बनाकर समीक्षा की जाए। जलाशयों के वॉटर लेवल, गेटों की स्थिति एवं वर्षा के आंकड़े व्हाट्एप एवं फोन द्वारा प्रतिदिन भेजा जाना सुनिश्चित किया जाये।

श्री सिलावट ने कहा कि मंत्रालय के सिचुएशन रूम में बाढ़ की मॉनीटरिंग मुख्यमंत्री द्वारा की जाती है, इसलिए डिजास्टर वॉर्निंग एण्ड रिस्पॉन्स सिस्टम में मोबाइल एप से आंकड़ों की प्रवृष्टि किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

# मध्यप्रदेश की 1170 सर्वसुविधायुक्त गौशालाओं में पल रहे हैं 1 लाख 3 हजार गौवंश

**भोपाल,** गौ-संवर्धन बोर्ड के उपाध्यक्ष स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरी ने बताया है कि मुख्यमंत्री गौसेवा योजना में अब तक पंजीकृत 1170 गौशालाएं में एक लाख 3 हजार गौवंश का पालन किया जा रहा है। योजना में निर्मित सभी गौशालाएं सर्वसुविधायुक्त हैं। इनमें गायों के शेड के साथ बछड़ों के लिए अलग-अलग शेड की व्यवस्था की गई है। बीमार गौवंश को सुविधायुक्त वातावरण में रखा जाता है। गौशालाओं में चारा काटने की मशीन, ओवरहेड टैंक, सबमर्सिबल पंप और बोर के लिए एक लाख 60 हजार रुपये प्रति गौशाला के मान से सभी गौशालाओं को अनुदान भी दिया गया है। वर्ष 2022-23 में प्रदेश की 1797 शासकीय और अशासकीय गौशालाओं के गौवंश के लिए 202 करोड़ 33 लाख रुपये की राशि जिला गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समितियों के माध्यम से प्रदाय की गई।

सभी निर्मित गौशालाओं में संबंधित विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा 30 करोड़ 23 लाख 38 हजार रुपये की लागत से विद्युतीकरण का कार्य पूरा कराया जा चुका है। गौवंश के चारे-भूसे की व्यवस्था के लिए प्रत्येक गौशाला के साथ 5 एकड़ का चारागाह भी निर्मित कराया गया है।

प्रदेश की लगभग 3 लाख निराश्रित गौवंश को आश्रय देने के लिए आरंभ मुख्यमंत्री गौसेवा योजना में गौशालाओं का निर्माण सतत जारी है। अन्य 363 पंचायतों में गौशालाओं के अधोसंरचना का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है।

शासकीय गौशालाओं के अलावा स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा 627 गौशालाओं में एक लाख 87 हजार गौवंश की देखभाल की जा रही है। इस प्रकार प्रदेश की कुल 1797 गौशालाओं में 2 लाख 90 हजार गौवंश का पालन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा वर्ष 2023-24 में गौशालाओं के चारे-भूसे के लिए अनुदान राशि 20 करोड़ से बढ़ाकर 100 करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा राज्य शासन द्वारा भी बजट में गौशालाओं के लिए 90 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। रीवा, सतना, ग्वालियर, दमोह, देवास और आगर आदि गौशालाओं में बायोगैस संयंत्र भी स्थापित किये जा रहे हैं। इनसे गैस, बिजली उत्पादन के साथ जैविक खाद भी प्राप्त होगी।

# मध्यप्रदेश में विश्वविद्यालयों के पेंशनर्स को मिलेगा 201 प्रतिशत डीए

**भोपाल,** उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में शासकीय विश्वविद्यालयों के पेंशनर्स की लंबे समय से चली आ रही मांग का निराकरण किया गया है। सभी पेंशनर्स को छठवें वेतनमान में डीए 139 प्रतिशत से बढ़ाकर 201 प्रतिशत किया गया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिये गए हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के शासकीय विश्वविद्यालयों द्वारा कारपस फण्ड में वार्षिक अंशदान के लिए दी गई सहमति के आधार पर विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स को 1 जून से छठवें वेतनमान में पेंशन पर 201 प्रतिशत मंहगाई भत्ते की स्वीकृति प्रदान की गई है। डॉ. यादव ने कहा कि विश्वविद्यालयों के सभी सेवानिवृत्त प्राध्यापकों और कर्मचारी साथियों को सातवें वेतनमान के अनुसार पेंशन प्रदान हो, इसके लिए प्रयासरत हैं।

# बीमारियों की रोकथाम के लिये बढ़ाएं जनजागरूकता

**भोपाल,** मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया की रोकथाम के लिये जन-जागरूकता बढ़ाएं। स्वास्थ्य विभाग नगरीय विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं अन्य संबंधित विभागों से समन्वय कर मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया पर नियंत्रण के लिये कारगर पहल करें। ऐसे स्पॉट जहां पर मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया के मरीज मिल रहे हैं उनको हॉट स्पॉट के रूप में चिन्हित कर बीमारी नियंत्रण के कारगर उपाय करें। ये बातें लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने भोपाल स्थित मंत्रालय में राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम की स्टेट टास्क फोर्स को संबोधित करते हुये कहीं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जिन क्षेत्रों में मच्छरों के होने की जानकारी प्राप्त हो, वहां मच्छर-नाशक दवाई का छिड़काव और फॉगिंग करें। नागरिकों को समझाइश दी जाये कि अधिक समय तक पानी के जमा रहने पर मच्छर पनपते हैं। घर के आसपास रखे बर्तनों, कूलर, गमले आदि में पानी को जमा नहीं रहने दें। तालाब में मच्छरों को रोकने के लिये गंबूशिया मछली डाली जायें। गंबूशिया मछली मच्छरों के लार्वा को खाकर मच्छर बढ़ने से रोकती है।

अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण श्री मोहम्मद सुलेमान ने कहा कि विभागीय अधिकारी अन्य संबंधित विभागों से समन्वय कर वैक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम पर कारगर पहल करें। वर्ष 2030 तक मलेरिया बीमारी के उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि मलेरिया बीमारी के प्रकरणों में वर्ष 2015 से लगातार कमी आ रही है। शाजापुर, हरदा, आगर-मालवा और टीकमगढ़ में वर्ष 2022 में मलेरिया का एक भी प्रकरण नहीं पाया गया। प्रदेश में मलेरिया की रोकथाम के प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं।

ठेकेदारों के माध्यम से

# बाजार बैठकी-तहबाजारी शुल्क की वसूली नहीं होगी

**भोपाल,** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने सभी नगरपालिक निगम आयुक्तों और मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ठेकेदारों के माध्यम से बाजार बैठकी-तहबाजारी शुल्क की वसूली नहीं की जाए। साथ ही इसकी प्रतिदिन वसूली भी नहीं होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 29 मई 2023 को हाथठेला, फेरी एवं रेहड़ी वालों की महापंचायत में हितग्राहियों के अनुरोध पर बाजार बैठकी-तहबाजारी शुल्क की प्रतिदिन की वसूली और वसूली में ठेकेदारी प्रथा को बंद करने की घोषणा की गई थी।

युवा सलाहकार परिषद

# युवाओं की ऊर्जा और विचार प्रदेश को प्रगति के अवसर प्रदान करेंगे



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में युवा सलाहकार परिषद की बैठक को संबोधित करते हुये।

**भोपाल,** युवाओं की ऊर्जा और विचार मध्यप्रदेश को नई दृष्टि और प्रगति के अवसर प्रदान करेंगे। युवा चिंतन-मनन कर विभिन्न क्षेत्रों में संभावनाओं को देखते हुए कार्ययोजना विकसित करें और उसके क्रियान्वयन में सरकार और समाज के सहभागी बनें। राज्य शासन प्रदेश हित में युवाओं के कल्याण और उनकी ऊर्जा के उपयोग के लिए प्रतिबद्ध है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने निवास कार्यालय समत्व भवन में युवा सलाहकार परिषद की पहली बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

**युवाओं के फीडबैक से योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा, शासकीय कार्यक्रमों और योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सलाह दें और उसके क्रियान्वयन से भी जुड़ें। युवाओं के कल्याण और प्रोत्साहन के लिए प्रदेश में संचालित योजनाओं की कमियों को चिन्हित कर उनके संबंध में फीडबैक देना आवश्यक है। इससे योजना क्रियान्वयन की कमियों को दूर करने में मदद मिलेगी।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेशवासियों में प्रदेश के प्रति श्रद्धा-भाव होना जरूरी है। युवाओं को भावनात्मक रूप से जोड़ने के लिए उनसे निरंतर सार्थक संवाद आवश्यक है। प्रदेश के बाहर रह रहे युवाओं और विदेश में बसे युवाओं से भी संवाद की व्यवस्था विकसित की जाए। युवाओं को प्रदेश की प्रगति से अवगत कराया जाए। प्रदेश के बदलते सामाजिक, आर्थिक परिवेश और भविष्य की कार्ययोजना संबंधी विचार-विमर्श में भी युवाओं को शामिल किया जाए।

**नवाचारों के लिए पुरस्कृत होंगे युवा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर जन्मे स्वाधीनता संग्राम के युवा अग्रदूत, चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर 23 जुलाई को युवाओं के लिए प्रदेश में कार्यक्रम होंगे। संभाग स्तरीय यूथ कॉन्क्लेव, युवा प्रतिभाओं को चिन्हित कर उन्हें प्रदेश के युवाओं को मार्गदर्शन देने और प्रेरित करने की गतिविधियों से जोड़ने, युवाओं को शिक्षा, उद्योग, कला, पर्यावरण आदि क्षेत्र में नवाचार के लिए पुरस्कृत करने जैसी गतिविधियां होंगी। प्रदेश के लिए यूथ एंथम विकसित किया जाएगा और युवाओं से जुड़ी गतिविधियों पर केंद्रित यूथ कैलेंडर भी जारी किया जाएगा।

युवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. निशांत खरे, सचिव खेल एवं युवा कल्याण श्री पी. नरहरि, परिषद के सदस्य सर्वश्री सूर्यपाल सिंह, प्रतीक संचेती, डॉ. सचिन शर्मा, कार्तिकेय सप्रे, अनुभव दुबे, विनायक लोहानी, आशुतोष सिंह ठाकुर, गजेंद्र सिंह तोमर, सोनू गोलकर, श्रीमती अदिति झंवर शामिल हुईं। डॉ. तेजल शाह परूलकर और श्री मेघदीप बोस वर्चुअली जुड़े।

# पिछड़ा वर्ग के 34 लाख विद्यार्थियों को मिलेगी राज्य छात्रवृत्ति

**भोपाल,** मध्यप्रदेश में कक्षा 6 से 10 तक पढ़ने वाले पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के शैक्षणिक सुधार के लिये पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा राज्य छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। इस वर्ष इस योजना का लाभ 34 लाख विद्यार्थियों को दिलाया जाएगा।

विभाग ने योजना के लिये इस वर्ष बजट में 250 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। योजना में इन वर्गों के उन विद्यार्थियों को राज्य छात्रवृत्ति का फायदा दिया जाता है, जिनके अभिभावक की आय, आयकरदाता की सीमा में नहीं आती है। विभाग ने पिछले वर्ष 2022-23 में इस योजना में 222 करोड़ रुपये की राशि, राज्य छात्रवृत्ति के रूप में खर्च की थी।

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा अल्पसंख्यकों के विकास में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये तीन महान व्यक्तियों के नाम पर पुरस्कार योजना संचालित की जा रही है। योजना में चयनित समाज सेवियों को शहीद अशफाक उल्ला खां, कैप्टन हमीद खां और मौलाना अबुल कलाम आजाद पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं। योजना के क्रियान्वयन के लिये विभाग ने इस वर्ष 2023-24 में 47 लाख रुपये का बजट में प्रावधान किया है। पुरस्कारस्वरूप चयनित व्यक्ति को एक लाख रुपये की राशि सम्मान स्वरूप प्रतीक-चिन्ह के साथ भेंट की जाती है। राज्य शासन ने यह पुरस्कार योजना वर्ष 2011-12 से प्रारंभ की है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)






ऋतु कालरा

## हार्वर्ड विश्वविद्यालय की सीएफओ बनीं

भारतीय-अमेरिकी निवेश बैंकिंग और वित्तीय प्रबंधन विशेषज्ञ ऋतु कालरा को हार्वर्ड विश्वविद्यालय का वाइस प्रेसिडेंट फाइनेंस और मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) नियुक्त किया गया है। कालरा वर्तमान में हार्वर्ड के वित्त और ट्रेजरी की सहायक उपाध्यक्ष और विशेष परियोजना सलाहकार के रूप में कार्य कर रही हैं।



भूकंप में

## लकड़ी की इमारत स्थिर बनी रही

सैन डिएगो में 112 फुट ऊंची लकड़ी की 10 मंजिला इमारत 6.7 तीव्रता वाले भूकंप के 100 से अधिक कृत्रिम झटकों के बावजूद स्थिर खड़ी रही। लकड़ी की यह इमारत भूकंपरोधी परीक्षण योजना का एक हिस्सा है। अगस्त में इसका अंतिम परीक्षण किया जाएगा।



जापान में

## कम कीमत में बड़े आकार की पेस्ट्री

जापान की राजधानी टोक्यो में मिकाटा नामक एक नई बेकरी खोली गई है। यह बेकरी कम कीमत पर बड़ी मात्रा में बेक किए गए सामान बेचने के लिए प्रसिद्ध है। यहां एक ऐसी पेस्ट्री बिकती है जिसकी लंबाई 30 सेंटीमीटर मापी गई है। इसकी कीमत 60 येन्स यानी 35 रुपए है। इसे लोग लाइट कॉफी के साथ लेना पसंद करते हैं।



फुटबॉल क्लब टॉटेनहम

## ऑस्ट्रेलिया के एंज पोस्टेकोग्लू कोच बने

इंग्लिश फुटबॉल क्लब टॉटेनहम ने ऑस्ट्रेलिया के एंज पोस्टेकोग्लू को कोच नियुक्त किया है और उनके साथ 4 साल का अनुबंध किया है। 57 वर्षीय पोस्टेकोग्लू स्कॉटलैंड के क्लब सेल्टिक्स के कोच रह चुके हैं। उनके साथ 5 ट्रॉफी भी जीत चुके हैं। टॉटेनहम के अध्यक्ष डेनियल लेवी ने कहा कि हमारा क्लब उनके आने से खुश है।



चितवन नेशनल पार्क में

## रंग बदल रहे मगरमच्छ


नेपाल के चितवन नेशनल पार्क में मगरमच्छ रंग बदल रहे हैं। वहां भूरे रंग के मगरमच्छों की जगह नारंगी रंग के मगरमच्छ दिखाई पड़ रहे हैं। शुरुआत में अंदाजा लगाया जा रहा था कि तेज धूप में टैनिंग की वजह से मगरमच्छ नारंगी हो रहे हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार यह वजह आयरन की अधिकता है। शोध के अनुसार पार्क में स्थित नदी और नहर में आयरन की प्रचुरता पायी गई है। उल्लेखनीय है कि आयरन ऑक्सीजन के साथ प्रतिक्रिया करके आयरन ऑक्साइड नामक नारंगी पदार्थ बनाता है। हालांकि यह रंग अस्थायी होता है।



हिटलर की पेंसिल

## 5.55 लाख रुपये में नीलाम हुई

जर्मन तानाशाह एडोल्फ हिटलर की सिल्वर प्लेटेड पेंसिल आपत्तियों के बावजूद अनुमानित मूल्य के दसवें हिस्से में नीलाम हुई। यह पेंसिल 5400 पाउंड यानी करीब 5.55 लाख रुपए में बिकी। यह पेंसिल हिटलर को ईवा ब्राउन ने 52वें जन्मदिन पर बतौर उपहार में दी थी। सफेद धातु की 8.5 सेंटीमीटर लंबी इस पेंसिल की एक साइड ईवा और शीर्ष पर एएच लिखा हुआ है।



देव शाह

## इस वर्ष का स्पेलिंग बी कॉम्पिटिशन जीता

अमेरिका में स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी 2023 प्रतियोगिता में भारतीय मूल के फ्लोरिडा के 14 वर्षीय देव शाह ने बाजी मार ली। उन्होंने PSAMMOPHILE (सैममोफाइल) शब्द की सही स्पेलिंग लिखकर पहला स्थान हासिल किया। सैममोफाइल रेतीली मिट्टी में पनपने वाले जानवर या पौधे को कहा जाता है। मैरीलैंड के नेशनल हॉर्बर में आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल में देव ने ट्रॉफी और 50 हजार डॉलर (करीब 41.16 करोड़ रुपए) का पुरस्कार जीता।



हवाई द्वीप के

## किलौवा ज्वालामुखी में फिर विस्फोट

अमेरिका के हवाई द्वीप के किलौवा ज्वालामुखी में फिर विस्फोट हुआ है। इसकी तस्वीरें अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे ने जारी की हैं। इससे 13 से 30 फीट ऊंचाई तक लावा निकल रहा है। यह लावा लगभग 370 एकड़ में फैला है। विस्फोट के बाद इस ज्वालामुखी से कार्बन डाइऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड जैसी जहरीली गैस लगातार निकल रही हैं।



यूक्रेन में

## बेघर मां के लिए बच्चे ने अपनी कंपनी बेच दी

युद्धग्रस्त यूक्रेन के 17 वर्षीय मैक्सिम गावरिलेंको ने बेघर हुई मां के लिए अपनी कंपनी ही बेच दी। इसके लिए मैक्सिम ने अपना गेम सर्वर माइनक्रॉफ्ट बेच दिया है। इसकी डील मई में एक टेक कंपनी के साथ हुई। मैक्सिम इस डील से मां के लिए पुर्तगाल में नया घर खरीद रहा है। मां यूक्रेन से बेघर होने के बाद पुर्तगाल बस गयी।



इंडोनेशिया में

## ज्वालामुखी पर मांगी रक्षा की मन्नत

इंडोनेशिया में जावा के माउंट ब्रोमो ज्वालामुखी पर टेंगर जनजाति के धार्मिक उत्सव 'यद्न्या कसाडा' का आयोजन हुआ। मान्यता है कि इसमें देवताओं को मनाने और ज्वालामुखी से रक्षा की कामना की जाती है। इसके लिए लोग ज्वालामुखी के मुहाने से अनाज, सब्जियां और फल सुलगते गढ्ढों में सभी मनोकामना की पूर्ति के लिए अर्पित करते हैं। ब्रोमो ज्वालामुखी पवित्र स्थानों में से एक माना जाता है।



अमेरिका

## दुनिया का पहला रोबोट जो इंसानों की तरह बहाता है पसीना

एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा रोबोट तैयार किया है जो सांस लेता है। उसे पसीना निकलता है और कंपकंपी भी छूटती है। इसे स्वेटी नाम दिया गया है। इस थर्मल रोबोट में ऐसे फीचर जोड़े गए हैं जो इसका मुकाबला सीधे इंसान से करवा रहे हैं। इस रोबोट को यह समझने के लिए तैयार किया गया है कि गर्मी इंसानों को कैसे प्रभावित करती है।



थर्मन शनमुगरत्नम

## भारतवंशी सिंगापुर में लड़ेंगे राष्ट्रपति चुनाव

सिंगापुर में एक भारतीय मूल के वरिष्ठ मंत्री थर्मन शनमुगरत्नम ने राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री ली हियसन लूंग को राजनीति और अन्य पदों से इस्तीफा देने के अपने फैसले की जानकारी भी दी। थर्मन ने यह भी कहा कि वह सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी से इस्तीफा देना चाहते हैं जो 1960 के दशक से समृद्ध सिंगापुर को चला रही है। उन्होंने लिखा कि वे सभी भूमिकाओं और जिम्मेदारी से भी हट जाएंगे जो वह मंत्री पद पर रहते हुए निभा रहे हैं।



भारत

## मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का आयोजन करेगा

मिस वर्ल्ड 2023 प्रतियोगिता भारत में आयोजित होगी। यह जानकारी मिस वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन ने दी है। प्रतियोगिता में 130 देशों की प्रतियोगी भाग लेंगी। लगभग एक महीने तक चलने वाली प्रतियोगिता का फाइनल नवंबर-दिसंबर में होगा। यह दूसरा मौका है, जब भारत को मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की मेजबानी का मौका मिलेगा। यह 71वां संस्करण होगा।




स्पेस फ्लावर

## नासा ने शेयर की जिनिया फूल की तस्वीर

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में उगाये गए एक खूबसूरत जिनिया फूल की तस्वीर शेयर की है। नासा ने सोशल मीडिया पर इस खूबसूरत फूल की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर वेजी सुविधा के हिस्से के रूप में इस जिनिया को उगाया गया था।



महाराणा प्रताप टॉय ट्रेन

## राजस्थान में शुरू हुई सीएनजी से संचालित टॉय ट्रेन

उदयपुर, राजस्थान के गुलाब बाग में कई वर्षों बाद टॉय ट्रेन की शुरुआत की गई जिसका नाम महाराणा प्रताप एक्सप्रेस ट्रेन रखा गया है। यह देश की पहली सीएनजी निर्मित टॉय ट्रेन है। इसमें दो डिब्बे हैं और पूरे खुले हैं, ये ट्रेन 150 यात्रियों को लेकर चलेगी। ट्रेन का करीब सवा किलोमीटर का ट्रैक है, जिसको पूरा करने में करीब 30 मिनट लगेंगे।



एमआरएफ

## एक लाख रुपये का आंकड़ा छूने वाला स्टॉक मार्केट का पहला शेयर बना

भारतीय शेयर बाजार में मूल्य के हिसाब से सबसे बड़े शेयर एमआरएफ लिमिटेड ने 13 जून, 2023 को नया कीर्तिमान हासिल किया। एमआरएफ का शेयर एक प्रतिशत बढ़कर एक लाख रुपये के आंकड़े को छू गया। यह भारतीय बाजार में एक लाख रुपये के स्तर को पार करने वाला पहला शेयर है।




# स्मृति शेष


## हिंदी और मराठी सिनेमा की प्रख्यात अभिनेत्री सुलोचना का निधन

हिंदी और मराठी सिनेमा की अदाकारा सुलोचना लाटकर का 94 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थीं। उन्होंने 250 से ज्यादा हिंदी और मराठी फिल्मों में अपने अभिनय का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था।



## कन्नड़ अभिनेता नितिन गोपी का निधन

कन्नड़ फिल्मों के सुपरस्टार नितिन गोपी का 39 वर्ष की उम्र में हृदयघात से निधन हो गया। नितिन ने बाल कलाकार के रूप में अपनी अभिनय यात्रा शुरू की थी। हैलो डैडी, मुतिनंथा हेंदती, चिरबंध्व्या, निशब्द और केरला केसरी उनकी सुपरहिट फिल्में थीं।



## महाभारत धारावाहिक में 'शकुनि' बने गूफी पेंटल का निधन

धारावाहिक महाभारत में शकुनि का किरदार निभाने वाले गूफी पेंटल का 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 1975 में रफूचक्कर फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू किया था। उन्हें घर-घर लोकप्रियता 'शकुनि मामा' के किरदार को निभाने पर मिली थी।



## डायरेक्टर-एक्टर आमिर रजा हुसैन का निधन

बालीवुड के डायरेक्टर-एक्टर और थियेटर आर्टिस्ट आमिर रजा हुसैन का 66 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। कारगिल वॉर की कहानी को निर्देशित करने वाले रजा 'द फिफ्टी डे वॉर' के जरिए दर्शकों की पसंद बन गए थे। आमिर रजा हुसैन ने 'बाहुबली', 'आरआरआर' और अपकमिंग फिल्म 'आदिपुरुष' में अपनी क्रिएटिविटी दिखाई थी। इतना ही नहीं, उन्होंने 'द फिफ्टी डेड वॉर' में कारगिल की कहानी को बहुत बखूबी तरह से पेश किया था। उनकी आखिरी फिल्म 'खूबसूरत' थी जो कि 2014 में रिलीज हुई थी।



*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

# प्रधानमंत्री जन धन योजना के बैंक खाते में न्यूनतम बैलेंस रखने की बाध्यता नहीं

**बैंक लाड़ली बहनों के बैंक खातों में अंतरित योजना राशि से सेवा शुल्क नहीं काट सकते**

**भोपाल,** मध्यप्रदेश के कुछ जिलों में कहीं-कहीं मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की लाड़ली बहनों के बैंक खातों में अंतरित की गई राशि क्रेडिट नहीं होने की जानकारी मिली है। न्यूनतम बैलेंस नहीं होने से सेवा शुल्क में रूप में बैंकों द्वारा राशि काटे जाने की आशंका व्यक्त की गई है, जबकि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री जन धन योजना में खुले बैंक अकाउंट सहित बेसिक सेविंग बैंक डिपॉजिट में न्यूनतम बैलेंस रखने की बाध्यता नहीं है। बैंक, इन अकाउंट पर सेवा शुल्क नहीं ले सकते हैं।

संयुक्त संचालक महिला बाल विकास डॉ. विशाल नाडकर्णी ने बताया है कि स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी (एसएलबीसी) ने निर्देश जारी कर निष्क्रिय खातों वाली लाड़ली बहनाओं के खाते, जन धन खातों में परिवर्तित करने की कार्यवाही के निर्देश भी दिये हैं, जिससे कि बहनों के खाते में अंतरित की गई राशि जमा हो सके।

डॉ. नाडकर्णी ने कहा है कि महिला बाल विकास संचालनालय द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि महिलाओं के बैंक खातों से न्यूनतम बैलेंस न होने के कारण बैंकों द्वारा राशि काटी गई है, ऐसे सभी प्रकरणों के लिये जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि इन महिलाओं के बेसिक सेविंग डिपाजिट अकाउंट में या तो परिवर्तन किया जाएगा या फिर नवीन अकाउंट खुलवा कर डीबीटी सक्रिय किया जाएगा, जिससे उनके अकाउंट से राशि न कटे। इसके अतिरिक्त इस अवधि के दौरान जितने भी डीबीटी हुए हैं, उन सभी के भुगतान की प्रक्रिया महिला बाल विकास संचालनालय द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार की जाएगी। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के स्वीकृति-पत्र मिलने के बाद भी लाड़ली बहनों के खाते में राशि नहीं आने के प्रकरण बहुत कम संख्या में हैं। राशि प्राप्त नहीं होने के कारणों की जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध हो गई है। ऐसे प्रकरणों का निदान जिला स्तर से ही किया जा रहा है और डीबीटी सक्रिय होते ही शेड्यूल अनुसार भुगतान किया जाएगा।

**क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1424**

## कार्यालय प्रमुख अभियंता

## जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

ई-मेल - mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in

फोन - 0755-2553402, फैक्स - 0755-2552406

## निविदा आमंत्रण सूचना

**निविदा सूचना क्रमांक - 544/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग भोपाल, दिनांक : 05.06.23**

निम्नकार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर दिनांक 26.06.2023 को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | राशि रु. लाख में |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_WRD_265782 | उपसंभाग मल्हारगढ़ के विभिन्न तालाबों के 7 स्लूस गेटों का वर्षा पूर्व मरम्मत व अनुरक्षण कार्य। | उज्जैन | 1.18 |
| 2. | 2023_WRD_265783 | उपसंभाग सुवासरा के विभिन्न तालाबों के 39 स्लूस गेटों का वर्षा पूर्व मरम्मत व अनुरक्षण कार्य। | उज्जैन | 6.35 |
| 3. | 2023_WRD_269463 | सम्राट अशोक सागर परियोजना की एसबीसी की वितरिका क्र. 04 की आर.डी. 450 मी. पर निर्मित वेव फलूम का मरम्मत कार्य। | विदिशा | 4.95 |
| 4. | 2023_WRD_276107 | टूटी बांयी तट नहर चैन क्र. 115 से 1414 तक नहर जलद्वारों के सुधार एवं मरम्मत कार्य। | नरसिंहपुर | 4.39 |
| 5. | 2023_WRD_276108 | टूटी बांयी तट नहर चैन क्र. 1295 और खैरी वितरक नहर जलद्वारों के सुधार एवं मरम्मत कार्य। | नरसिंहपुर | 4.13 |
| 6. | 2023_WRD_276109 | टूटी बांयी तट नहर चैन क्र. 862 से 1027 और ढूटी आर.बी.सी. नहर जलद्वारों के सुधार एवं मरम्मत कार्य। | नरसिंहपुर | 2.83 |
| 7. | 2023_WRD_276110 | टूटी बांयी तट नहर चैन क्र. 1035 से 1400 ढूटी आर.बी.सी. नहर जलद्वारों के सुधार एवं मरम्मत कार्य। | नरसिंहपुर | 3.68 |
| 8. | 2023_WRD_276111 | टूटी बांयी तट नहर चैन क्र. 1800 से 2110 ढूटी एल.बी.सी. नहर जलद्वारों के सुधार एवं मरम्मत कार्य। | नरसिंहपुर | 3.49 |
| 9. | 2023_WRD_276112 | टूटी बांयी तट नहर अनुविभाग क्र. 13 हट्टा के अंतर्गत नहर जलद्वारों के सुधार एवं मरम्मत कार्य हेतु प्राक्कलन। | नरसिंहपुर | 4.21 |
| 10. | 2023_WRD_276712 | उपसंभाग गरोठ के विभिन्न तालाबों के 17 स्लूस गेटों का वर्षा पूर्व मरम्मत व अनुरक्षण कार्य। | उज्जैन | 3.44 |
| 11. | 2023_WRD_276713 | उपसंभाग भानपुरा, मंदसौर के विभिन्न तालाबों के 14 स्लूस गेटों का वर्षा पूर्व मरम्मत व अनुरक्षण कार्य। | उज्जैन | 2.18 |
| 12. | 2023_WRD_276714 | उपसंभाग जावद, गांधीसागर के विभिन्न तालाबों के 21 स्लूस गेटों का वर्षा पूर्व मरम्मत व अनुरक्षण कार्य। | उज्जैन | 3.36 |
| 13. | 2023_WRD_276715 | उपसंभाग रामपुरा, गांधीसागर के विभिन्न तालाबों के 9 स्लूस गेटों का वर्षा पूर्व मरम्मत व अनुरक्षण कार्य। | उज्जैन | 1.56 |
| 14. | 2023_WRD_276793 | कोलार परियोजना की दांयी मुख्य नहर की कोटरा माइनर में लाईनिंग का पुनर्निर्माण कार्य। | सीहोर | 12.17 |
| 15. | 2023_WRD_276795 | कोलार परियोजना की बांयी मुख्य नहर की धनकोट माईनर की आर.डी. 0 मीटर से 4000 मीटर के मध्य क्षतिग्रस्त लाईनिंग मरम्मत का कार्य। | सीहोर | 12.82 |
| 16. | 2023_WRD_278655 | उपसंभाग धार एवं खरगोन हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | धार | 3.72 |
| 17. | 2023_WRD_279098 | लाईट मशीनरी एवं वि./यां. उपसंभाग रायसेन हेतु निरीक्षणवाहन किराये पर लेना। | भोपाल | 3.72 |
| 18. | 2023_WRD_279100 | लाईट मशीनरी एवं वि./यां. उपसंभाग, विदिशा हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | भोपाल | 3.72 |
| 19. | 2023_WRD_279192 | उपसंभाग खंडवा हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | धार | 3.72 |
| 20. | 2023_WRD_279207 | बगरू मध्यम परियोजना के 05 नग रेडियल गेट्स एवं 04 नग स्लूस गेट्स का वर्षापूर्व अनुरक्षण मय हाइड्रोलिक पॉवर पैक सिस्टम व इलेक्ट्रिकल पैनल सिस्टम का सुधार कार्य। | भोपाल | 4.25 |
| 21. | 2023_WRD_279209 | रेहटी मध्यम परियोजना के 07 नग वर्टीकल गेट्स एवं 02 नग हेड स्लूस गेट्स का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | भोपाल | 1.91 |
| 22. | 2023_WRD_279386 | संदूक बैराज के बेसिन सर्वेक्षण का कार्य। | रायसेन | 0.50 |
| 23. | 2023_WRD_279387 | टेकापार गढ़ी बैराज के बेसिन सर्वेक्षण का कार्य। | रायसेन | 0.50 |
| 24. | 2023_WRD_279388 | पिपलई तालाब के बांध की क्षतिग्रस्त पिचिंग की रिसेटिंग, एप्रोच चेनल की सफाई एवं स्लूस वेल की मरम्मत का कार्य। | रायसेन | 5.13 |
| 25. | 2023_WRD_279389 | सालाबर्रू जलाशय की दांयी नहर की क्षतिग्रस्त लाईनिंग आर.डी. 0 मीटर से 2910 मीटर तक को हटाकर पुनः लाईनिंग करने का कार्य। | रायसेन | 10.01 |
| 26. | 2023_WRD_279393 | पीपरताल जलाशय मुख्य बांध पर स्लूस का पुनर्निर्माण कार्य। | सिवनी | 19.44 |
| 27. | 2023_WRD_279394 | ग्राम बांदरा में प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कार्य। | सिवनी | 15.91 |
| 28. | 2023_WRD_279395 | ग्राम बांदरा में आंगनवाड़ी भवन एवं शौचालय का निर्माण कार्य। | सिवनी | 13.05 |
| 29. | 2023_WRD_279458 | पाथरी फीडर नहर पर स्थित व्ही.आ.बी. का मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 5.31 |
| 30. | 2023_WRD_279460 | वैनगंगा मुख्य नहर की निलजी माईनर 1 एवं 2, लवादा, खमरिया एवं चन्द्रपुरी माईनर का मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 5.35 |
| 31. | 2023_WRD_279461 | वैनगंगा मुख्य नहर की गर्रा माईनर एवं तुमाड़ी सब माईनर का मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 4.03 |
| 32. | 2023_WRD_279462 | वैनगंगा मुख्य नहर की पाथरी फीडर, फोंगलटोला, पुजारीटोला एवं पाथरी माईनर का मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 4.50 |
| 33. | 2023_WRD_279463 | मेंढकी शाखा नहर की मदनपुर वितरक नहर पर स्थित फाल का मरम्मत कार्य एवं आलेझरी, केरा, मदनपुरा वितरक नहर तथा इनकी माइनरों का मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 9.20 |
| 34. | 2023_WRD_279464 | मेंढकी शाखा नहर की थानेगांव वितरक नहर की थानेगांव मायनर क्र. 1 एवं 2 का मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 4.30 |
| 35. | 2023_WRD_279466 | मेंढकी शाखा नहर की झाड़गांव वितरक नहर पर स्थित व्ही.आर.बी. का मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 3.18 |
| 36. | 2023_WRD_279468 | छतेरा लघु जलाशय के मुख्य बंड के क्षतिग्रस्त भाग का मरम्मत एवं वेस्ट वियर का पुनर्निर्माण कार्य। | बालाघाट | 9.23 |
| 37. | 2023_WRD_279469 | कोसमटोला लघु जलाशय के क्षतिग्रस्त बण्ड का मरम्मत कार्य एवं स्लूस का पुनर्निमाण कार्य। | बालाघाट | 15.31 |
| 38. | 2023_WRD_279516 | उपसंभाग सेगांव एवं भगवानपुरा के 09 नग निर्मित तालाबों के जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 1.57 |
| 39. | 2023_WRD_279522 | उपसंभाग कसरावद एवं मण्डलेश्वर के 12 नग निर्मित तालाबों के जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 2.59 |
| 40. | 2023_WRD_279530 | उपसंभाग भीकनगांव एवं बडवाह के 11 नग निर्मित तालाबों के जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 2.19 |
| 41. | 2023_WRD_279532 | उपसंभाग ठीकरी एवं राजपुर के 21 नग निर्मित तालाबों के जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 3.07 |
| 42. | 2023_WRD_279533 | उपसंभाग सेंधवा एवं पानसेमल के 10 नग निर्मित तालाबों के जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 2.39 |
| 43. | 2023_WRD_279537 | उपसंभाग क्र.03 नेपानगर के 14 नग निर्मित तालाबों के जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 1.70 |
| 44. | 2023_WRD_279538 | अम्बकनाला बांध के 08 नग जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 1.43 |
| 45. | 2023_WRD_279541 | उपसंभाग थांदला के 09 नग निर्मित तालाबों के जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 1.99 |
| 46. | 2023_WRD_279632 | मानपुर लघु जलाशय के बांध के क्षतिग्रस्त भाग का मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 2.15 |
| 47. | 2023_WRD_279633 | घोटीधुसमारा लघु जलाशय के वेस्टवियर का मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 9.96 |
| 48. | 2023_WRD_279766 | ससली बैराज का विशेष मरम्मत कार्य। | सीहोर | 19.45 |
| 49. | 2023_WRD_280242 | बादलपुर जलाशय की मुख्य नहर आर.डी. 150 मी. पर सायफन का साधारण मरम्मत कार्य। | बैतूल | 4.10 |
| 50. | 2023_WRD_280280 | छिन्दवाड़ा संभाग के अंतर्गत विकासखण्ड छिन्दवाड़ा, चौरई, मोहखेड़, परासिया, तामिया, जुन्नारदेव, हर्रई एवं सौंसर में निर्मित 29 नग स्टॉपडेमों के गेट लगाने एवं खोलने का कार्य। | छिंदवाड़ा | 17.47 |
| 51. | 2023_WRD_280281 | छिन्दवाड़ा संभाग के अंतर्गत निर्मित बांधों को वर्षाकाल में सुरक्षा हेतु अकुशल श्रमिक (चौकीदार) का प्रदाय। | छिन्दवाड़ा | 19.74 |
| 52. | 2023_WRD_280320 | संभागीय कार्यालय एवं उसके अधीन 6 उपसंभागीय कार्यालय हेतु स्टेशनरी का क्रय। | रीवा | 2.60 |
| 53. | 2023_WRD_280407 | उपसंभाग जावद, गांधीसागर के 2 मध्यम तालाबों के स्लूस गेटों का वर्षा पूर्व मरम्मत व अनुरक्षण कार्य। | उज्जैन | 0.74 |
| 54. | 2023_WRD_280819 | लाईट मशीनरी एवं विद्युत यांत्रिकी उपसंभाग, गांधीसागर हेतु निरीक्षण वाहन किराए पर लेना। | उज्जैन | 3.72 |
| 55. | 2023_WRD_280860 | बाकुड़ लघु जलाशय के क्षतिग्रस्त स्ट्रक्चर एवं स्लूस के ऊपर की रेलिंग का मरम्मत कार्य। | बैतूल | 4.98 |
| 56. | 2023_WRD_280970 | तवा परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर की चैन 121, 214 एवं 244 की सी.डी. मरम्मत का कार्य। (चतुर्थ आमंत्रण) | नर्मदापुरम् | 5.68 |
| 57. | 2023_WRD_281372 | डी.एम.एफ. मद अंतर्गत रतहरा तालाब के फीडर पाइप लाइन का निर्माण कार्य। | रीवा | 11.21 |
| | | | **कुल योग** | **335.44** |

**जी-14978/48659/2023** **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

# सामान्य अध्ययन

**1. किस पशु के अवशेष सिंधु घाटी सभ्यता में प्राप्त नहीं हुए?**
अ. बकरी ब. गाय
स. हाथी द. घोड़ा
**उत्तर- अ. बकरी**

**2. शतपथ ब्राह्मण से संबंधित राजा विदेध माधव से संबंधित ऋषि निम्नलिखित में से कौन थे?**
अ. ऋषि गौतम रहुगण
ब. ऋषि भारद्वाज
स. ऋषि वशिष्ठ
द. ऋषि विश्वामित्र
**उत्तर- अ. ऋषि गौतम रहुगण**

**3. विश्व का पहला गणतंत्र वैशाली में निम्नलिखित में से किसके द्वारा स्थापित किया गया था?**
अ. मौर्य ब. नंद
स. गुप्त द. लिच्छवी
**उत्तर- द. लिच्छवी**

**4. कलिंग नरेश खारवेल निम्नलिखित में से किस वंश से संबंधित था?**
अ. कदम्ब
ब. चेदि
स. हर्यक
द. इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- ब. चेदि**

**5. छठवें हिंद महासागर सम्मेलन की मेजबानी निम्नलिखित में से कौन से देश द्वारा की गई?**
अ. म्यांमार ब. मलेशिया
स. भारत द. बांग्लादेश
**उत्तर- द. बांग्लादेश**

**6. विश्व एड्स वैक्सीन दिवस निम्न में से कब मनाया जाता है?**
अ. 18 मई ब. 17 मई
स. 18 जून द. 17 जून
**उत्तर- अ. 18 मई**

**7. वैश्विक आयुर्वेद महोत्सव का 5वां संस्करण किस राज्य में आयोजित किया जाना है?**
अ. मध्यप्रदेश ब. तमिलनाडु
स. केरल द. महाराष्ट्र
**उत्तर- स. केरल**

**8. विश्व बैंक के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कौन हैं?**
अ. डेविड मालपास
ब. अजय बंगा
स. जेफ्री हिंटन
द. अजय कुमार
**उत्तर- ब. अजय बंगा**

**9. इण्डिया डिवाइडेड पुस्तक के लेखक निम्नलिखित में से कौन हैं?**
अ. मौलाना अबुल कलाम आजाद
ब. महात्मा गांधी
स. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
द. नरेन्द्र देव
**उत्तर- स. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद**

**10. गिल्ड एज्ड बाजार किससे संबंधित है?**
अ. कटे-फटे पुराने करेंसी नोट
ब. सोना चांदी/सर्राफा
स. सरकारी प्रतिभूतियां
द. निगम ऋणपत्र
**उत्तर- स. सरकारी प्रतिभूतियां**

**11. निम्नलिखित में से कौन बेमेल है?**
अ. रेखी समिति - आयात निर्यात प्रक्रिया सरलीकरण
ब. नंजुन्दप्पा समिति - रेल किराया भाड़ा
स. रंगराजन समिति - भुगतान असंतुलन
द. गोइपोरिया समिति - बैंकिंग सेवा सुधार
**उत्तर- अ. रेखी समिति - आयात निर्यात प्रक्रिया सरलीकरण**

**12. सुमेलित कीजिए**
A. भूमध्य रेखा 1. $66\frac{1}{2}^0$ दक्षिण
B. कर्क रेखा 2. $66\frac{1}{2}^0$ उत्तर
C. मकर रेखा 3. $0^0$
D. आर्कटिक वृत्त 4. $23\frac{1}{2}^0$ उत्तर
E. अंटार्कटिक वृत्त 5. $23\frac{1}{2}^0$ दक्षिण

| | A | B | C | D | E |
|---|---|---|---|---|---|
| अ. | 5 | 4 | 3 | 1 | 2 |
| ब. | 3 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| स. | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 |
| द. | 4 | 3 | 2 | 5 | 1 |

**उत्तर- ब. 3 4 5 2 1**

**13. नियाग्रा जल प्रपात किन दो झीलों के मध्य स्थित है?**
अ. ह्यूरन एवं ओण्टेरियो
ब. ईरी एवं ओण्टेरियो
स. ईरी एवं ह्यूरन
द. ह्यूरन एवं सुपीरियर
**उत्तर- ब. ईरी एवं ओण्टेरियो**

**14. हम्बन टोटा बंदरगाह निम्नलिखित में से कहां स्थित है?**
अ. जर्मनी ब. जापान
स. श्रीलंका द. चीन
**उत्तर- स. श्रीलंका**

**15. मॉड्यूलेटर-डीमॉड्यूलेटर का सामान्य नाम है?**
अ. मॉडेम ब. जॉइनर
स. नेटवर्क द. कनेक्टर
**उत्तर- अ. मॉडेम**

**16. निम्नलिखित में से कौनसा एक भारतीय पत्तनों का दक्षिण से उत्तर सही क्रम है?**
अ. हल्दिया - काण्डला - पाराद्वीप कोच्चि
ब. कोच्चि - काण्डला - हल्दिया पाराद्वीप
स. काण्डला - हल्दिया - पाराद्वीप - कोच्चि
द. कोच्चि - पाराद्वीप - हल्दिया - काण्डला
**उत्तर- द. कोच्चि - पाराद्वीप - हल्दिया - काण्डला**

**17. आदि शंकराचार्य का जन्म कहां हुआ था?**
अ. काशी ब. राजग्रह
स. कांचीपुरम् द. कालडी
**उत्तर- द. कालडी**

**18. प्रसिद्ध चित्रकार राजा रवि वर्मा निम्नलिखित में से किस रियासत से जुड़े थे?**
अ. मैसूर ब. त्रावणकोर
स. कुर्ग द. कूच-बिहार
**उत्तर- ब. त्रावणकोर**

**19. अमृता शेरगिल का जन्म स्थान निम्नलिखित में से कहां है?**
अ. हंगरी ब. भारत
स. ऑस्ट्रेलिया द. पोलैंड
**उत्तर- अ. हंगरी**

**20. एक अन्तरिक्ष यात्री को अंतरिक्ष में आकाश कैसा दिखाई देगा?**
अ. बैंगनी ब. लाल
स. नीला द. काला
**उत्तर- द. काला**

**21. कम्प्यूटर में बिल्ट परमानेंट मेमोरी को क्या कहते हैं?**
अ. RAM ब. ROM
स. CPU द. CD-ROM
**उत्तर- ब. ROM**

**22. COP28 का आयोजन निम्नलिखित में से कहां किया जायेगा?**
अ. भारत ब. चीन
स. दुबई द. जापान
**उत्तर- स. दुबई**

**23. कम्प्यूटर में विण्डो एक प्रकार है?**
अ. OS का ब. हार्डवेयर का
स. दोनों का द. किसी का नहीं
**उत्तर- अ. OS का**

**24. रानी त्रिशला किसकी मां थीं?**
अ. अशोक
ब. महावीर
स. गौतम बुद्ध
द. इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- ब. महावीर**

**25. निम्नलिखित में से किन यौगिकों के समूह को 'सहायक आहार कारक' कहा जाता है?**
अ. वसा ब. हार्मोन
स. विटामिन द. प्रोटीन
**उत्तर- स. विटामिन**

**26. मानव शरीर में विटामिन A भण्डारित होता है?**
अ. यकृत में ब. त्वचा में
स. फुफ्फुस में द. वृक्क में
**उत्तर- अ. यकृत में**

**27. रेटीना पर नेत्र द्वारा निर्मित प्रतिबिम्ब कैसा होता है?**
अ. वास्तविक, उल्टा, छोटा
ब. वास्तविक, सीधा, बड़ा
स. वास्तविक, सीधा, छोटा
द. अवास्तविक, उल्टा, छोटा
**उत्तर- अ. वास्तविक, उल्टा, छोटा**

**28. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए?**
A. किन्नौर 1. मेघालय
B. टोडा 2. हिमाचल प्रदेश
C. खासी 3. मणिपुर
D. नागा 4. तमिलनाडु

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| अ. | 1 | 2 | 4 | 3 |
| ब. | 3 | 1 | 2 | 4 |
| स. | 4 | 3 | 2 | 1 |
| द. | 2 | 4 | 1 | 3 |

**उत्तर- द. 2 4 1 3**

**29. सतपुड़ा श्रेणी की सबसे ऊंची चोटी कौनसी है?**
अ. गुरूशिखर ब. धूपगढ़
स. पचमढ़ी द. महेन्द्रगिरी
**उत्तर- ब. धूपगढ़**

**30. इनमें से कौनसा पिडमॉन्ट पठार का एक उदाहरण है?**
अ. तिब्बत पठार
ब. बोलिविया पठार
स. मालवा पठार
द. इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- स. मालवा पठार**

**31. भारत के कितने राज्यों की सीमा भूटान से लगती है?**
अ. 2 ब. 3
स. 4 द. 5
**उत्तर- स. 4**

**32. पग्लाडिया बांध परियोजना किस राज्य में स्थित है?**
अ. अरुणाचल प्रदेश
ब. सिक्किम
स. असम
द. पश्चिम बंगाल
**उत्तर- स. असम**

**33. तानसेन संगीत समारोह कहां मनाया जाता है?**
अ. ग्वालियर ब. भोपाल
स. छतरपुर द. रीवा
**उत्तर- अ. ग्वालियर**

**34. भगवान शिव का मंदिर ओंकारेश्वर कहां है?**
अ. इंदौर ब. खंडवा
स. शिवपुरी द. नीमच
**उत्तर- ब. खंडवा**

**35. मध्यप्रदेश का क्षेत्रफल कितना है?**
अ. 300 लाख हेक्टेयर
ब. 305 लाख हेक्टेयर
स. 308 लाख हेक्टेयर
द. 310 लाख हेक्टेयर
**उत्तर- स. 308 लाख हेक्टेयर**

**36. निम्नलिखित में से कौनसा सही सुमेलित नहीं है?**
अ. डिगबोई (असम) - IOCL
ब. कोयली (गुजरात) - HPCL
स. ततिपका (आ.प्र.) - ONGC
द. इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- ब. कोयली (गुजरात) - HPCL**

**37. मध्यप्रदेश में कितनी बार राष्ट्रपति शासन लग चुका है?**
अ. 1 ब. 2
स. 3 द. 4
**उत्तर- स. 3**

**38. सरदारपुर वन्यजीव अभयारण्य मध्यप्रदेश के किस जिले में है?**
अ. रतलाम ब. धार
स. झाबुआ द. ग्वालियर
**उत्तर- ब. धार**

**39. एशिया की सबसे बड़ी सोयाबीन की फैक्ट्री मध्यप्रदेश में कहां स्थित है?**
अ. इंदौर ब. भोपाल
स. उज्जैन द. जबलपुर
**उत्तर- स. उज्जैन**

**40. बैजू बावरा की समाधि कहां स्थित है?**
अ. चंदेरी ब. ग्वालियर
स. माण्डू द. बुरहानपुर
**उत्तर- अ. चंदेरी**

**41. 'ठिठुरता हुआ गणतंत्र' के लेखक कौन हैं?**
अ. जयशंकर प्रसाद
ब. हरिशंकर परसाई
स. फणीश्वरनाथ रेणु
द. सुमित्रा नंदन पंत
**उत्तर- ब. हरिशंकर परसाई**

**- पूर्वी जैन**
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करती हैं।)

# बहनों के चेहरे पर मुस्कान लाना मेरी जिंदगी का उद्देश्य - मुख्यमंत्री

**कटनी,** बहनों की जिंदगी बदल कर उनके चेहरे पर मुस्कान लाना मेरी जिंदगी का मकसद है। मेरी कोई भी बहन मजबूर न रहे, मजबूत बने, इसीलिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना शुरू की गई है। योजना से बहनों के पास पैसों की कमी की बेबसी को दूर किया गया है। बहनों को दिए जा रहे 1000 रुपये को धीरे-धीरे बढ़ा कर 3000 रुपये किया जायेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कटनी जिले के ग्राम बंजारी स्थित रामराजा पहाड़ी पर श्री हरिहर तीर्थ में सामुदायिक भवन और कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र भवन के भूमि-पूजन के बाद जनसभा को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सच है कि रोटी, कपड़ा, मकान, पढ़ाई, दवाई और रोज़गार का इंतजाम जरूरी है। लेकिन मनुष्य इससे सुखी नहीं रहता, कभी न कभी इच्छा होती है कि दुनिया से जाने के पहले चारों धाम के दर्शन हो जायें। सभी देवताओं की पूजा कर लें तो लगता है कि जीवन सफल हो गया। इसी विचार से सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना शुरू की है।

श्री चौहान ने कहा कि जनता की सेवा मेरे लिए भगवान की पूजा है। विधायक श्री संजय सत्येन्द्र पाठक ने सारे तीर्थ यहीं पर उतारने का पुण्य-कार्य शुरू किया है, इस पुण्य संकल्प के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं। इस परिकल्पना को मूर्त रूप देने और धरातल में उतारने के लिए जिस सहयोग की जरूरत होगी वह दिया जाएगा। सरकार द्वारा संस्कृत महाविद्यालय आदि के लिये जो भी जरूरी होगा, किया जाएगा। अच्छे काम में जनता का हमेशा सहयोग मिलता है।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय बीना को प्राप्त हुआ B++ ग्रेड

**सागर,** उच्च शिक्षा विभाग, शासकीय महाविद्यालयों की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर नई तस्वीर प्रस्तुत कर रहा है। इसी क्रम में सागर जिले के बीना के शासकीय कन्या महाविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर की संस्था नैक द्वारा प्रत्यायन में बेहतर सी जी पी ए '2.76' के साथ B++ ग्रेड प्राप्त किया। नैक के तृतीय चरण में महाविद्यालय ने सीमित संसाधनों के बावजूद दो पायदान बढ़ोत्तरी दर्ज की। इस महाविद्यालय ने पूर्व में प्राप्त B ग्रेड से दो पायदान छलांग लगायी है। महाविद्यालय का पूर्व में 2.27 सीजीपीए के साथ 'B' ग्रेड था। नैक द्वारा प्रत्येक 5 वर्ष में 7 मापदंड के आधार पर महाविद्यालय की गुणवत्ता का परीक्षण कर 4 में से अंक दिए जाते हैं।

महाविद्यालय को स्टूडेंट सपोर्ट एवं प्रोग्रेशन (छात्र प्रगति) में 2.61, करिकुलर एस्पेक्ट में 2.8, संस्थागत मूल्यों एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज में 3 अंक दिए गए। महाविद्यालय की अधोसंरचना, मानवीय मूल्यों की शिक्षा एवं समाज विस्तार गतिविधियों की प्रशंसा की गई। गवर्नेंस, लीडरशिप एंड मैनेजमेंट क्राइटेरिया में 2.6, अधोसंरचना एवं शिक्षण सुविधाओं में 2.8, रिसर्च, एक्सटेंशन एंड इनोवेशन में 2.09 एवं टीचिंग, लर्निंग एंड इवेल्यूएशन क्राइटेरिया में 2.98 अंक प्राप्त हुए हैं।

# विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

## सामान्य ज्ञान

**प्र. 1 भारत के लिये एक संघीय ढांचे की प्रस्तावना पहली बार किसके द्वारा प्रस्तुत की गई थी?**
(a) 1909 का अधिनियम
(b) 1919 का अधिनियम
(c) 1935 का अधिनियम
(d) 1947 का अधिनियम
**उत्तर - (c) 1935 का अधिनियम**

**प्र. 2 सीमांत गांधी किसका उपनाम था?**
(a) खान अब्दुल गफ्फार खान
(b) विनोबा भावे
(c) महात्मा गांधी
(d) हिदायतुल्ला
**उत्तर - (a) खान अब्दुल गफ्फार खान**

**प्र. 3 भारत के किस गवर्नर जनरल ने इलाहाबाद और कोटा को अवध के नवाज के हाथों बेच दिया था?**
(a) वारेन हेस्टिंग्स
(b) लार्ड कार्नपालिस
(c) लॉर्ड वैलसलै
(d) रॉबर्ट क्लाइव
**उत्तर - (a) वारेन हेस्टिंग्स**

**प्र. 4 भारत की यात्रा करने वाला चीनी यात्री कौन था?**
(a) फाहियान
(b) इब्नबतूता
(c) शिनची
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं
**उत्तर - (a) फाहियान**

**प्र. 5 भारतीय तट रक्षक बल का मुख्यालय कहां स्थित है?**
(a) पटना
(b) मुंबई
(c) नई दिल्ली
(d) बेंगलुरु
**उत्तर - (c) नई दिल्ली**

**प्र. 6 रेमन मैगसेसे अवॉर्ड प्राप्त करने वाला पहला भारतीय व्यक्ति कौन था ?**
(a) आचार्य विनोबा भावे
(b) सैफुद्दीन किचलु
(c) श्यामाप्रसाद मुखर्जी
(d) अब्दुल कलाम आजाद
**उत्तर - (a) आचार्य विनोबा भावे**

**प्र. 7 चंदोली राष्ट्रीय पार्क कहां स्थित है?**
(a) महाराष्ट्र
(b) केरल
(c) कर्नाटक
(d) हिमाचल प्रदेश
**उत्तर - (a) महाराष्ट्र**

**प्र. 8 तमिलनाडु में कौन सा परमाणु संयंत्र स्थित है?**
(a) तारापुर
(b) नरौरा
(c) रावत भाटा
(d) कुडलकुड्म
**उत्तर - (d) कुडनकुलम**

**प्र. 9 अग्नि, पृथ्वी और ब्रह्मोस ये सभी डीआरडीओ, भारत द्वारा निर्मित ........ के उदाहरण हैं?**
(a) मिसाइल प्रणाली
(b) पोत
(c) विमान
(d) मशीन गन
**उत्तर - (a) मिसाइल प्रणाली**

**प्र. 10 मध्यप्रदेश में 1857 क्रांति की पहली चिंगारी कहां भड़की थी?**
(a) ग्वालियर छावनी
(b) नीमच छावनी
(c) शिवपुरी
(d) महू
**उत्तर - (b) नीमच छावनी**

**प्र. 11 स्वतंत्र भारत के प्रथम विदेश मंत्री कौन थे?**
(a) जवाहरलाल नेहरू
(b) गुलजारी लाल नंदा
(c) लालबहादुर शास्त्री
(d) जॉन मथाई
**उत्तर - (a) जवाहरलाल नेहरू**

**प्र. 12 अर्थशास्त्र में नोबल पुरस्कार प्राप्त करने वाला पहला भारतीय व्यक्ति कौन था?**
(a) सैफुद्दीन किचलु
(b) अमर्त्य सेन
(c) शेरपा अंगा दोरजी
(d) एस. मुखर्जी
**उत्तर - (b) अमर्त्य सेन**

**प्र. 13 ज्योतिषशास्त्र की प्रसिद्ध भारतीय पुस्तक ''पंचसिद्धांतिका'' के रचियता कौन हैं?**
(a) वराहमिहिर
(b) भास्कर
(c) आर्यभट्ट
(d) ब्रह्मगुप्त
**उत्तर - (a) वराहमिहिर**

**प्र. 14 आरंभिक वैदिक काल में वर्ण - व्यवस्था आधारित थी?**
(a) शिक्षा पर
(b) जन्म पर
(c) व्यवसाय पर
(d) प्रतिभा पर
**उत्तर - (c) व्यवसाय पर**

**प्र. 15 मौर्य वंश के शासन के दौरान ''स्थानिक'' कौन था?**
(a) जिला प्रशासक
(b) प्रांतीय प्रशासक
(c) ग्राम प्रशासक
(d) नगर प्रशासक
**उत्तर - (a) जिला प्रशासक**

**प्र. 16 पंचतंत्र की कथाओं का संकलन किसने किया?**
(a) वाल्मीकी
(b) वेदव्यास
(c) विष्णु शर्मा
(d) तुलसीदास
**उत्तर - (c) विष्णु शर्मा**

**प्र. 17 गुप्त काल के चांदी के सिक्कों को कहते थे?**
(a) दीनार
(b) रूपक
(c) शतमान
(d) कषपिण
**उत्तर - (b) रूपक**

**प्र. 18 उत्तरमेरुर शिलालेख से किसके प्रशासन से संबंधित जानकारी मिलती है?**
(a) पल्लव
(b) चोल
(c) चालुक्य
(d) सातवाहन
**उत्तर - (b) चोल**

**प्र. 19 हर्षवर्धन की आरंभिक राजधानी कहां थी?**
(a) प्रयाग
(b) कन्नौज
(c) थानेश्वर
(d) मथुरा
**उत्तर - (c) थानेश्वर**

**प्र. 20 कुतुबमीनार का निर्माण किस प्रसिद्ध शासक ने पूरा किया था?**
(a) कुतुबुद्दीन ऐबक
(b) इल्तुतमिश
(c) फिरोजशाह
(d) अलाउद्दीन खिलजी
**उत्तर - (b) इल्तुतमिश**

**प्र. 21 गोल गुम्बज कहां है?**
(a) कोणार्क
(b) हैदराबाद
(c) पुरी
(d) बीजापुर
**उत्तर - (d) बीजापुर**

**प्र. 22 ''दीन-ए-इलाही'' बनाने का मूल उद्देश्य था?**
(a) विश्वबंधुत्व
(b) वैश्विक निष्ठा
(c) वैश्विक मैत्री
(d) वैश्विक विश्वास
**उत्तर - (a) विश्वबंधुत्व**

**प्र. 23 मुगल प्रशासन व्यवस्था में मनसबदारी प्रणाली को किसने प्रारंभ किया?**
(a) शाहजहां
(b) अकबर
(c) जहांगीर
(d) बाबर
**उत्तर - (b) अकबर**

**प्र. 24 शिवाजी के समसामयिक मराठा संत का नाम था?**
(a) संत ज्ञानेश्वर (b) नामदेव
(c) संत एकनाथ (d) संत तुकाराम
**उत्तर - (d) संत तुकाराम**

**प्र. 25 विजयनगर राज्य की स्थापना किसने की थी ?**
(a) तुलुव वंश (b) संगम वंश
(c) सालुव वंश (d) देवराय वंश
**उत्तर - (b) संगम वंश**

**प्र. 26 राज्य के अधीन क्या है ?**
(a) केवल बाह्य संप्रभुता
(b) केवल आंतरिक संप्रभुता
(c) आंतरिक व बाह्य दोनों संप्रभुता
(d) न बाह्य न आंतरिक संप्रभुता
**उत्तर - (c) आंतरिक व बाह्य दोनों संप्रभुता**

**प्र. 27 टीपू सुल्तान कहाँ के शासक थे?**
(a) मगध (b) हैदराबाद
(c) मैसूर (d) विजयनगर
**उत्तर - (c) मैसूर**

**प्र. 28 गुजरात में साबरमती के पास गांधीजी का आश्रम कब स्थानांतरित किया गया था?**
(a) 1916 में (b) 1917 में
(c) 1918 में (d) 1929 में
**उत्तर - (b) 1917 में**

**प्र. 29 दादाभाई नौरोजी के अनुसार 'स्वराज' का अर्थ था?**
(a) पूर्ण स्वतंत्रता
(b) स्वशासन
(c) आर्थिक स्वतंत्रता
(d) राजनैतिक स्वतंत्रता
**उत्तर - (b) स्वशासन**

**प्र. 30 निम्न में से कौन सी जनजाति 'ताना भगत' आंदोलन के साथ जुड़ी हुई है?**
(a) उरांव
(b) मुंडा
(c) संथाल
(d) कोंडा डोरा
**उत्तर - (a) उरांव**

**प्र. 31 निम्न में से भारत में स्थानीय स्वशासन का अग्रगामी कौन था ?**
(a) रिपन
(b) मेयो
(c) लिटन
(d) कर्जन
**उत्तर - (a) रिपन**

**प्र. 32 किस संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा संपत्ति का अधिकार मूल अधिकार नहीं रहा ?**
(a) 44वाँ
(b) 42वाँ
(c) 43वाँ
(d) 45वाँ
**उत्तर - (a) 44वाँ**

**प्र. 33 भारत की अंतः कालीन संसद में कितने सदस्य थे?**
(a) 296
(b) 313
(c) 318
(d) 316
**उत्तर - (a) 296**

**प्र. 34 मत देने का अधिकार एक ............ है?**
(a) मौलिक अधिकार
(b) नागरिक अधिकार
(c) प्राकृतिक अधिकार
(d) संवैधानिक अधिकार
**उत्तर - (d) संवैधानिक अधिकार**

**प्र. 35 भारत सरकार का सांविधानिक अध्यक्ष कौन है?**
(a) राष्ट्रपति
(b) प्रधानमंत्री
(c) मुख्य न्यायाधीश
(d) महान्यायवादी
**उत्तर - (a) राष्ट्रपति**

**प्र. 36 लोकसभा का कार्यकाल कितनी बार 6 वर्ष तक बढ़ाया गया था?**
(a) एक बार
(b) दो बार
(c) तीन बार
(d) कभी नहीं
**उत्तर - (a) एक बार**

**प्र. 37 अखिल भारतीय सेवाओं के सृजन की शक्ति किसे प्राप्त है?**
(a) उच्चतम न्यायालय
(b) संसद
(c) मंत्रीपरिषद्
(d) प्रधानमंत्री
**उत्तर - (b) संसद**

**प्र. 38 एक वर्ष तक राजस्व एकत्र करने का प्रस्ताव सरकार किस विधेयक द्वारा करती है?**
(a) आर्थिक विधेयक
(b) वित्त विधेयक
(c) अनुपूरक विधेयक
(d) उपरोक्त सभी
**उत्तर - (b) वित्त विधेयक**

**प्र. 39 राज्यपाल द्वारा जारी किया गया अध्यादेश किसके द्वारा अनुमोदन के अधीन है?**
(a) राष्ट्रपति
(b) राज्य विधान मंडल
(c) राज्य मंत्रीपरिषद
(d) संसद
**उत्तर - (b) राज्य विधान मंडल**

**प्र. 40 वह पहला राज्य कौन सा है, जिसने परिसीमन के अधीन मतदान कराया?**
(a) तमिलनाडु
(b) आंध्रप्रदेश
(c) केरल
(d) कर्नाटक
**उत्तर - (d) कर्नाटक**

**प्र. 41 कौन सा स्थानीय सरकार का मामला नहीं है?**
(a) सार्वजनिक स्वास्थ्य
(b) स्वच्छता
(c) कानून और व्यवस्था
(d) लोकापयोगी सेवाएं
**उत्तर - (c) कानून और व्यवस्था**

**प्र. 42 न्यायपालिका का मुख्य कार्य क्या है?**
(a) कानून बनाना
(b) कानून का निष्पादन
(c) कानून का न्यायनिर्णयन
(d) कानून को लागू करना
**उत्तर - (c) कानून का न्यायनिर्णयन**

**प्र. 43 अल्पसंख्यकों के लिये राष्ट्रीय आयोग किस वर्ष में बनाया गया था?**
(a) 1980 (b) 1989
(c) 1990 (d) 1992
**उत्तर - (d) 1992**

**प्र. 44 किस देश में वित्त विधेयक, विधानमण्डल के ऊपरी सदन में पेश किया जाता है?**
(a) ऑस्ट्रेलिया (b) फ्रांस
(c) जापान (d) जर्मनी
**उत्तर - (d) जर्मनी**

**प्र. 45 छाया मंत्रीमण्डल किसकी प्रशासनिक व्यवस्था की विशिष्टता है?**
(a) संयुक्त राज्य अमेरिका
(b) फ्रांस
(c) जापान
(d) ब्रिटेन
**उत्तर - (d) ब्रिटेन**

**प्र. 46 निम्न में से स्थायी संस्था कौन सी है?**
(a) परिवार
(b) राजनीतिक दल
(c) रेड क्रॉस
(d) यू.एन.ओ.
**उत्तर - (a) परिवार**

**प्र. 47 किसने यह कहा था कि ''कोई भी राजनीति धर्म से रहित नहीं है''?**
(a) पं. जवाहर लाल नेहरू
(b) महात्मा गांधी
(c) विनोबा भावे
(d) जय प्रकाश नारायण
**उत्तर - (b) महात्मा गांधी**

**प्र. 48 राज्य विधान सभा में धन विधेयक किसकी पूर्व अनुमति से प्रस्तुत किया जा सकता है?**
(a) राज्य का राज्यपाल
(b) राज्य का मुख्यमंत्री
(c) विधानसभा का अध्यक्ष
(d) राज्य का वित्त मंत्री
**उत्तर - (a) राज्य का राज्यपाल**

**प्र. 49 किस समिति/आयोग ने केन्द्र व राज्य संबंध की जांच की?**
(a) अशोक मेहता समिति
(b) इन्द्रजीत गुप्ता समिति
(c) सरकारिया आयोग
(d) एन.एन. वोहरा समिति
**उत्तर - (c) सरकारिया आयोग**

**- श्रद्धा सुमन**
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करती हैं)

## विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

# सामान्य ज्ञान

1. **क्षिप्रा नदी का उद्गम स्थल है ?**
अ. कुमरा गांव (रायसेन)
ब. रीठी (कटनी)
स. जानापाव पहाड़ी (महू)
द. काकरी बरडी पहाड़ी (इंदौर)
**उत्तर- द. काकरी बरडी पहाड़ी (इंदौर)**

2. **निम्न में से कौन सी नदी नर्मदा की सहायक नदी नहीं है?**
अ. बंजर ब. धसान
स. शक्कर द. देनवा
**उत्तर- ब. धसान**

3. **तालचेर उपक्रम किस चट्टान समूह का भाग है?**
अ. आर्कियन समूह
ब. धारवाड़ क्रम
स. कुड़प्पा क्रम
द. गोण्डवाना क्रम
**उत्तर- द. गोण्डवाना क्रम की चट्टानों का भाग**

4. **मध्यप्रदेश में ग्रीष्म ऋतु को अन्य किस नाम से जाना जाता है?**
अ. सियाला ब. युनाला
स. चौमासा द. मावठा
**उत्तर- ब. युनाला**

5. **मध्यप्रदेश में किस स्थान पर जलोढ़ मृदा मुख्यत: पायी जाती है?**
अ. बघेलखण्ड ब. मालवा
स. निमाड़ द. उत्तरी मध्यप्रदेश
**उत्तर- द. उत्तरी मध्यप्रदेश**

6. **मध्यप्रदेश गेहूं अनुसंधान केंद्र कहां स्थित है?**
अ. होशंगाबाद ब. रतलाम
स. मंदसौर द. छिंदवाड़ा
**उत्तर- अ. होशंगाबाद**

7. **'लोकरंग उत्सव' का आयोजन कहां किया जाता है?**
अ. उज्जैन ब. माण्डू
स. भोपाल द. खजुराहो
**उत्तर- स. भोपाल**

8. **प्रवरसेन किस वंश का शासक था?**
अ. राष्ट्रकूट ब. पुष्यभूति
स. वाकाटक द. सातवाहन
**उत्तर- स. वाकाटक**

9. **'गार्गी संहिता' की रचना किसने की थी?**
अ. गार्गी ब. कात्यायन
स. अपाला द. पतंजलि
**उत्तर- ब. कात्यायन**

10. **16 महाजनपदों में से एक मत्स्य जनपद की राजधानी कौन सी थी?**
अ. विराट नगर ब. वाराणसी
स. पोतन द. राजपुर
**उत्तर- अ. विराट नगर**

11. **निम्न में से कौन पुष्यमित्र शुंग का उत्तराधिकारी था?**
अ. देवभूति ब. वसुदेव
स. सेल्युकस द. अग्निमित्र
**उत्तर- द. अग्निमित्र**

12. **'महाविभाषाशास्त्र' की रचना किसने की थी?**
अ. वसुमित्र ब. अश्वघोष
स. चरक द. वात्स्यायन
**उत्तर- अ. वसुमित्र**

13. **सैयद वंश की स्थापना किसके द्वारा की गई थी?**
अ. आदिल शाह
ब. कुतुबुद्दीन ऐबक
स. खिज्र खां
द. मुबारक शाह
**उत्तर- स. खिज्र खां**

14. **भारतीय संविधान में सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय के तत्वों को किस स्रोत से ग्रहण किया गया है?**
अ. ऑस्ट्रेलिया के संविधान से
ब. आयरलैण्ड के संविधान से
स. फ्रांसीसी क्रांति
द. रूसी क्रांति
**उत्तर- द. रूसी क्रांति**

15. **वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों दोनों की संयुक्त जनसंख्या का सबसे अधिक अनुपात किस जिले का है?**
अ. झाबुआ ब. अलीराजपुर
स. भिण्ड द. धार
**उत्तर- ब. अलीराजपुर**

16. **निम्न में से कौन सी शाखा सामवेद से संबंधित नहीं है?**
अ. कौथुम ब. जैमनीय
स. वाष्कल द. राणायनीय
**उत्तर- स. वाष्कल**

17. **सेतुबंध नामक प्रसिद्ध ग्रंथ की रचना किसके द्वारा की गई है?**
अ. प्रवरसेन II राजाभोज
स. वाक्पति द. भारवि
**उत्तर- अ. प्रवरसेन II**

18. **'आयुर्वेद सर्वस्व' के रचयिता हैं?**
अ. राजाभोज
ब. मुंज
स. महेन्द्रवर्मन प्रथम
द. विद्याधर
**उत्तर- अ. राजाभोज**

19. **'कोणार्क के सूर्य मंदिर' का निर्माण किसने करवाया था?**
अ. सोमेश्वर
ब. नरसिंहदेव वर्मन
स. विष्णुवर्द्धन
द. राजराज प्रथम
**उत्तर- ब. नरसिंहदेव वर्मन**

20. **मुहम्मद-बिन-कासिम के आक्रमण के दौरान सिंध का शासक कौन था?**
अ. जयचंद ब. दाहिर
स. जयपाल द. आनन्दपाल
**उत्तर- ब. दाहिर**

21. **पूर्व से पश्चिम की ओर परिक्रमा लगाने वाले ग्रह हैं?**
अ. बुध और शुक्र
ब. शुक्र और अरूण
स. शुक्र और वरूण
द. बुध और बृहस्पति
**उत्तर- ब. शुक और अरूण**

22. **निम्न में से किस देश से होकर मकर एवं विषुवत् रेखा गुजरती है?**
अ. लीबिया ब. भारत
स. केन्या द. ब्राजील
**उत्तर- द. ब्राजील**

23. **रेडियो तरंगों को परावर्तित करने वाला मण्डल है?**
अ. मध्यमण्डल ब. ब्राह्ममण्डल
स. आयनमण्डल द. समतापमण्डल
**उत्तर- स. आयनमण्डल**

24. **अंत:करण की और धर्म को अबाध रूप से मानने, आचरण और प्रचार करने की स्वतंत्रता किस अनुच्छेद से संबंधित है?**
अ. अनुच्छेद 24
ब. अनुच्छेद 26
स. अनुच्छेद 25
द. अनुच्छेद 27
**उत्तर- स. अनुच्छेद 25**

25. **संविधान के भाग 4क में वर्णित मौलिक कर्तव्यों की संख्या कितनी है?**
अ. 12 ब. 10
स. 15 द. 11
**उत्तर- द. 11**

26. **निम्न में से असत्य कथन है?**
अ. लोकसभा के लिए न्यूनतम उम्र सीमा 25 वर्ष है।
ब. राज्यसभा के लिए न्यूनतम उम्र सीमा 30 वर्ष है।
स. राष्ट्रपति पद के लिए न्यूनतम उम्र सीमा 30 वर्ष है।
द. पंचायत निर्वाचन हेतु न्यूनतम उम्र सीमा 21 वर्ष है।
**उत्तर- स. राष्ट्रपति पद के लिए न्यूनतम उम्र सीमा 30 वर्ष है।**

27. **कौन सा अनुच्छेद आपातकाल प्रावधान के अंतर्गत अनुच्छेद-19 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के निलंबन से संबंधित है?**
अ. अनुच्छेद 352
ब. अनुच्छेद 356
स. अनुच्छेद 358
द. अनुच्छेद 365
**उत्तर- स. अनुच्छेद 358**

28. **प्राक्कलन समिति में सदस्यों की कुल कितनी संख्या होती है?**
अ. 30 ब. 15
स. 7 द. 22
**उत्तर- अ. 30**

29. **प्राक्कलन समिति में किसके सदस्य शामिल किए जाते हैं?**
अ. केवल लोकसभा
ब. केवल राज्यसभा
स. लोकसभा एवं राज्यसभा
द. इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- अ. केवल लोकसभा**

30. **संसद द्वारा राष्ट्रपति पर महाभियोग लगाने के आशय की लिखित सूचना उसे कितने दिन पहले देनी होती है?**
अ. 30 दिन ब. 15 दिन
स. 14 दिन द. 20 दिन
**उत्तर- स. 14 दिन**

31. **रनिंग एप्लीकेशन को बंद किए बिना कम्प्यूटर शटडाउन करना कहलाता है?**
अ. स्टैण्ड बाई मोड
ब. हाइबरनेट
स. री-स्टार्ट
द. री-बूट
**उत्तर- ब. हाइबरनेट**

32. **एक समानान्तर पोर्ट अधिकतर किसमें इस्तेमाल होता है?**
अ. मॉनीटर ब. माउस
स. प्रिंटर द. भण्डारण शाक्ति
**उत्तर- स. प्रिंटर**

33. **'LINUX' है एक -**
अ. ऑपरेटिंग सिस्टम
ब. कम्प्यूटर वायरस
स. मालवेयर
द. कम्प्यूटर पार्ट्स
**उत्तर- अ. ऑपरेटिंग सिस्टम**

34. **G.I.F. का आशय है?**
अ. जियोग्राफिकल इमेज फॉर्मेट
ब. ग्लोबल इमेज फॉर्मेट
स. ग्राफिकल इंटरचेंज फॉर्मेट
द. जियोग्राफिकल इंटरचेंज फॉर्मेट
**उत्तर- स. ग्राफिकल इंटरचेंज फॉर्मेट**

35. **निम्न में से कौन एक कम्प्यूटर भाषा है?**
अ. LBM ब. UPS
स. ALGOL अ. LINUX
**उत्तर- स. ALGOL**

36. **निम्न में कौन सा सर्च इंजन नहीं है?**
अ. Google ब. Yahoo
स. Ask.com द. क्रोम
**उत्तर- द. क्रोम**

37. **यूपीएस (UPS) उपयोग में लाया जाता है?**
अ. विद्युत सप्लाई
ब. मॉनीटर के रूप में
स. प्रिंटर के रूप में
द. इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- अ. विद्युत सप्लाई**

38. **ताजमहल किस प्रभाव के कारण क्षतिग्रस्त हो रहा है?**
अ. ग्रीन हाउस प्रभाव
ब. अम्लीय वर्षा
स. वर्षा
द. खनन
**उत्तर- ब. अम्लीय वर्षा**

39. **HTML में <head> एलीमेंट... के लिए कंटेनर होता है?**
अ. लिंक्स ब. वेब पेज़ेज़
स. मेटाडाटा द. पिक्चर्स
**उत्तर- स. मेटाडाटा**

40. **निम्न में किस स्थान पर कुंभ का मेला आयोजित नहीं होता है?**
अ. उज्जैन ब. नासिक
स. प्रयागराज द. बद्रीनाथ
**उत्तर- द. बद्रीनाथ**

41. **'लकड़बग्घा हंस रहा है' किस लेखक की रचना है?**
अ. चद्रकांत देवताले
ब. शरद जोशी
स. हरिशंकर परसाई
द. भवानी प्रसाद मिश्र
**उत्तर- अ. चद्रकांत देवताले**

42. **'बाबा डिके' का संबंध किस क्षेत्र से है?**
अ. वैज्ञानिक ब. चित्रकारी
स. रंगकर्मी द. गायन
**उत्तर- स. रंगकर्मी**

43. **सरल (SARAL) उपग्रह किस कार्यान्वेषण हेतु प्रक्षेपित किया गया था?**
अ. संचार ब. समुद्री अध्ययन
स. सुदूर संवेदन द. शिक्षा प्रसार
**उत्तर- ब. समुद्री अध्ययन**

44. **उस्ताद अमीर खां का संबंध किस घराने से है?**
अ. इंदौर घराना
ब. ग्वालियर घराना
स. वाराणसी घराना
द. लखनऊ
**उत्तर- अ. इंदौर घराना**

45. **तारापुर परमाणु विद्युत गृह कहां स्थित है?**
अ. कर्नाटक ब. महाराष्ट्र
स. गुजरात द. मध्यप्रदेश
**उत्तर- ब. महाराष्ट्र**

46. **'समेकित निर्देशित प्रक्षेपास्त्र कार्यक्रम' किस वर्ष प्रारंभ किया गया था?**
अ. 1980 ब. 1985
स. 1983 द. 1990
**उत्तर- स. 1983**

47. **'मृगेन्द्रनाथ की गुफा कहां स्थित है?**
अ. ग्वालियर ब. रायसेन
स. राजगढ़ द. सीहोर
**उत्तर- ब. रायसेन**

48. **'छाहुर नाट्य' किस क्षेत्र से संबंधित है?**
अ. मालवा ब. निमाड़
स. बघेलखण्ड द. बुंदेलखण्ड
**उत्तर- स. बघेलखण्ड**

49. **'जागेश्वरी देवी' का मेला कहां लगता है?**
अ. दतिया ब. चंदेरी
स. उज्जैन द. देवास
**उत्तर- ब. चंदेरी**

50. **'भोज समारोह' का आयोजन कहां किया जाता है?**
अ. भोपाल ब. धार
स. भिण्ड द. उज्जैन
**उत्तर- ब. धार**

51. **निम्न में से कौन सी नेटवर्क टोपोलॉजी नहीं है?**
अ. स्टार ब. बस
स. डायमण्ड द. ट्री
**उत्तर- स. डायमण्ड**

- आशीष कुमार श्रीवास
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करते हैं।)

## स्नातक-व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेशित 1477 लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं को राशि वितरित

**भोपाल,** मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना में स्नातक/व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेशित एक हजार 477 बालिकाओं को एक करोड़ 85 लाख रुपये की स्कालरशिप का वितरण किया गया है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा एक अप्रैल 2007 में शुरू की गई। इस अभिनव योजना का उद्देश्य बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकरात्मक सोच बनाना, बाल विवाह में कमी एवं लिंग अनुपात मे सुधार लाना, बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य-पोषण स्तर में सुधार एवं शत-प्रतिशत शाला प्रवेश और ड्रापआउट में कमी लाना, अब इस योजना के दायरे को बढ़ाते हुए, बालिकाओं की उच्च शिक्षा की जिम्मेदारी भी राज्य शासन ने ले ली है। बेटियों को उच्च शिक्षा के लिये 2 किश्त में 25 हजार रुपये दिये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना में अब तक 44 लाख 82 बालिकाएं पंजीकृत हो चुकी हैं। लगभग 13 लाख 30 हजार बालिकाओं को छात्रवृत्ति के रूप में 366 करोड़ 21 लाख रुपये वितरित किए गए हैं।

लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली ग्राम पंचायत

मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना में अब ग्राम पंचायतों को लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली घोषित कर एक नया आयाम जोड़ा गया है। लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली ग्राम पंचायत के लिये कई मानक तय किए गए हैं, जिसमें वर्ष में एक भी बाल विवाह नहीं होना पाया गया हो, लाड़ली बालिकाओं का शाला में शत-प्रतिशत प्रवेश हो, उनका पूर्ण टीकाकरण हुआ हो, कोई भी लाड़ली कुपोषित न हो, ग्राम पंचायत क्षेत्र में अपराध घटित न होना, शामिल है।

मिशन अमृत सरोवर : 50 हजार से अधिक तालाब समय-सीमा से पहले तैयार

# जल संरक्षण की दिशा में बड़ी सफलता, तालाबों को मिल रहा नया जीवन

ऐसा कहा जाता है कि पानी की उपलब्धता और पानी की किल्लत किसी भी देश की प्रगति और गति को निर्धारित करते हैं। पृथ्वी पर जल के बिना जीने की कल्पना तक नहीं की जा सकती। जल केवल मानव जाति के लिए ही नहीं, बल्कि जीव-जन्तुओं और पेड़-पौधों के लिए भी आवश्यक है। समस्त जीव जगत का आधार ही जल है। इसलिए कहा भी गया है कि 'जल ही जीवन है।' ऐसे में जल संकट का समाधान खोजना हम सभी का दायित्व है। हमें अपने जीवन में उपयोगी जल को बर्बाद और प्रदूषित नहीं करना चाहिए तथा लोगों के बीच जल संरक्षण को बढ़ावा देना चाहिए। पानी की हर एक बूंद-बूंद से हमारा अस्तित्व है। जल को पुनः उपयोग करना ही जल संरक्षण की महत्वपूर्ण इकाई है।

जल संरक्षण एवं जल संचयन के उद्देश्य से और देश के ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट दूर करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आजादी के 75वें साल में, आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान देश के हर जिले में 75 अमृत सरोवर बनाने के संकल्प के साथ मिशन अमृत सरोवर को शुरू किया गया था।

मिशन अमृत सरोवर में भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के साथ-साथ जल शक्ति मंत्रालय, पंचायती राज मंत्रालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा तकनीकी सहयोग के लिए भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान मिलकर काम कर रहे हैं। 'जनभागीदारी' मिशन अमृत सरोवर के केंद्र में स्थित है। इसलिए इसमें सभी स्तरों पर लोगों की भागीदारी को शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के हर जिले में 75 अमृत सरोवर बनाने का संकल्प देश की जनता के साथ मिलकर लिया है। आंकड़े बता रहे हैं कि देश के हर जिले में 75 अमृत सरोवर बनाने का संकल्प तेजी से आकार ले रहा है। मिशन अमृत सरोवर के तहत सरकार को बड़ी सफलता मिली है। दरअसल, इस मिशन के तहत देश में '15 अगस्त 2023' तक 50 हजार सरोवर बनाने के संकल्प ने बड़ी तेजी से आकार लिया है। यही कारण है कि इस कार्य को समय-सीमा से पहले पूरा भी कर लिया गया है।

### 15 अगस्त तक 50 हजार अमृत सरोवर बनाने का था लक्ष्य

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भविष्य के लिए जल संरक्षण के उद्देश्य से 24 अप्रैल, 2022 को मिशन अमृत सरोवर का शुभारंभ किया था। मिशन का उद्देश्य आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर देश के हर जिले में कम से कम 75 अमृत सरोवर का विकास करना था। कुल मिलाकर इस मिशन के तहत 15 अगस्त, 2023 तक 50 हजार अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य रखा गया था, जिसे तय समय से पहले हासिल कर लिया गया है। देश में अब तक 50,071 अमृत सरोवर बनकर तैयार हो चुके हैं।

### वर्षा जल संरक्षण-संचयन का संकल्प साकार, सरोवरों का भी हो रहा जीर्णोद्धार

मिशन अमृत सरोवर के माध्यम से वर्षा जल संरक्षण और संचयन के संकल्प को साकार करने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नोडल मंत्रालय के रूप में कार्य करते हुए, विभिन्न मंत्रालयों के सहयोग से लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिशन मोड में काम कर रहा है।

इस मिशन के तहत लुप्त होने की कगार पर पहुंच चुके अमृत सरोवर के जीर्णोद्धार से लेकर नए अमृत सरोवर के निर्माण तक की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। पुराने तालाबों की खुदाई एवं नवीनीकरण के माध्यम से गांव के व्यर्थ जाने वाले पानी को संचित किया जा सकता है। ऐसी प्रक्रिया भू-जल स्तर को ऊपर उठाने में भी सहायक सिद्ध होगी। मिशन के सभी पहलुओं के दौरान 'संपूर्ण सरकार' दृष्टिकोण और 'जन भागीदारी' के माध्यम से किए गए प्रयासों के कारण 50 हजार अमृत सरोवर का लक्ष्य समय से पहले प्राप्त किया जा सका है।

### जनभागीदारी के समन्वित प्रयासों से मिले बेहतर परिणाम

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जिला प्रशासन, पंचायत राज अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, पंचायतों, स्वैच्छिक संगठनों, विभिन्न संस्थाओं और जनभागीदारी के समन्वित प्रयासों से 10 मई, 2023 तक अमृत सरोवर के रूप में लगभग 1,05,243 स्थलों की पहचान की जा चुकी है। वहीं 72,297 साइटों पर काम शुरू हो चुका है। अब तक देश में 50,071 अमृत सरोवर बनकर तैयार हो चुके हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि जिस गति से देशभर में अमृत सरोवरों का निर्माण हो रहा है, वह अमृत काल के हमारे संकल्पों में नई ऊर्जा भरने वाली है। मिशन अमृत सरोवर के तहत समय-सीमा से पहले 50 हजार अमृत सरोवर के लक्ष्य को प्राप्त करने में जनभागीदारी के महत्व को उजागर करना आवश्यक है जिसने इस मिशन को एक जन आंदोलन में बदल दिया है। अब तक 1784 स्वतंत्रता सेनानी, 684 शहीदों के परिवार, 448 स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार, 18173 पंचायतों के वरिष्ठ सदस्य और 56 पद्म पुरस्कार विजेताओं ने मिशन में हिस्सा लिया है।

### मिशन अमृत सरोवर का उद्देश्य और उपयोगिता

मिशन अमृत सरोवर का उद्देश्य अमृत सरोवर का निर्माण या नवीनीकरण इस तरह से करना है कि वे स्थानीय सामुदायिक गतिविधियों का केंद्र बन जाएं। प्रत्येक अमृत सरोवर के लिए एक उपयोगकर्ता समूह बनाया जा रहा है, क्योंकि अमृत सरोवर के रखरखाव में सामुदायिक स्वामित्व होना चाहिए, ताकि उनका दीर्घकालिक संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

ध्यान देने योग्य बात यह है कि बीते कुछ साल में विश्व के ज्यादातर हिस्सों में गर्मी बहुत तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में बढ़ती हुई गर्मी पानी बचाने की हमारी जिम्मेदारी को उतना ही बढ़ा रही है। हो सकता है कि आप अभी जहां हैं वहां पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो, लेकिन आपको उन करोड़ों लोगों को भी हमेशा याद रखना होगा जो जल संकट वाले क्षेत्र में बसे हैं, जिनके लिए पानी की एक-एक बूंद अमृत समान होती है। ऐसे में आज भारत जिन संकल्पों को लेकर आगे बढ़ रहा है उनमें 'जल संरक्षण' भी एक है।

उल्लेखनीय है कि भू-जल एक अति महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है। यह सम्पूर्ण मानव जाति को प्रकृति की ओर से दिया गया एक निःशुल्क उपहार है। यदि हम जल ग्रहण करना बंद कर दें तो हमारे शरीर के अंदर चलने वाली समस्त जैव रासायनिक प्रक्रियाएं जल के अभाव में पूर्णरूप से रुक जाएंगी। प्राचीन काल में किसी ने नहीं सोचा होगा कि पानी एक दिन बोतलों में बिकेगा। आज के युग की यही वास्तविकता है और यह सब हुआ है पृथ्वी पर जल की कमी और बढ़ती मांग के कारण। आज जल की कमी देशों और महाद्वीपों के दायरे को तोड़कर विश्वव्यापी समस्या बन चुकी है।

धरातल का दो-तिहाई भाग पानी से घिरा है, लेकिन इसका दो से तीन प्रतिशत ही इस्तेमाल के लायक है। आज भारत सहित विश्व के अनेक देश जल संकट की समस्या से जूझ रहे हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इस समय भारत में विश्व की करीब 17 प्रतिशत आबादी निवास करती है। यद्यपि यहां इसके मुकाबले जल बेहद कम है। वर्तमान में भू-जल संसाधनों का उपयोग पीने, सिंचाई और औद्योगिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है, लेकिन जनसंख्या में तीव्र वृद्धि, शहरीकरण, औद्योगीकरण और कृषि गतिविधियों के कारण भू-जल संसाधन पर दबाव बढ़ गया है। इस समस्या की गंभीरता को समझते हुए भारत सरकार ने यह बड़ा कदम उठाया है। अब देश के युवाओं को इस अभियान में सहयोग करना होगा। ऐसे में देश की युवा शक्ति को इस अभियान के बारे में जानना चाहिए और इसकी जिम्मेदारी भी उठानी चाहिए।

इस तरह देश के प्रत्येक जिले में 75 अमृत सरोवर का निर्माण होने से भू-जल बढ़ाने में खासी मदद मिलेगी। ऐसे में कल्पना कर सकते हैं कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिए गए इस संकल्प से पूरे देश में जल संकट की बड़ी समस्या का समाधान होगा और हमारी आने वाली पीढ़ियों का जीवन भी सुरक्षित हो जाएगा। वहीं देश में सूखा ग्रस्त इलाकों की पानी की समस्या का समाधान हो जाएगा। आगामी दिनों में इसका लाभ छोटे किसानों, महिलाओं और यहां तक कि पक्षियों और जानवरों को भी मिलेगा।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक विषयों पर लेखन करती हैं।)

---

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

## सामान्य ज्ञान-खेल

1. **वर्ष 2022 में विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब किस टीम ने जीता है?**
(अ) महाराष्ट्र (ब) सौराष्ट्र
(स) गुजरात (द) विदर्भ

2. **इटली के मार्सेल जैकब ने टोक्यो ओलिंपिक में किस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था?**
(अ) 100 मीटर दौड़
(ब) 200 मीटर दौड़
(स) डेकाथलॉन
(द) मैराथन

3. **किस खिलाड़ी के नाम भाला फेंक खेल में सबसे ज्यादा दूर भाला फेंकने का रिकॉर्ड है?**
(अ) नीरज चोपड़ा
(ब) जोहानस वेटर
(स) थॉमस रोएला
(द) जॉन जेलेजनी

4. **इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शुरुआत किस वर्ष में हुई थी?**
(अ) वर्ष 2008 (ब) वर्ष 2009
(स) वर्ष 2010 (द) वर्ष 2011

5. **कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में किस भारतीय खिलाड़ी ने बैडमिंटन में पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीता है?**
(अ) किदांबी श्रीकांत
(ब) लक्ष्य सेन
(स) बी. साई प्रणीत
(द) इनमें से कोई नहीं

6. **वर्ष 2017 में किस खिलाड़ी ने फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप जीती थी?**
(अ) सबेस्टियन वेटल
(ब) निको रोसबर्ग
(स) लुईस हैमिल्टन
(द) कार्लोस संज

7. **सुल्तान अजलान शाह कप हॉकी टूर्नामेंट की शुरुआत किस वर्ष हुई थी?**
(अ) वर्ष 1980 (ब) वर्ष 1983
(स) वर्ष 1985 (द) वर्ष 1989

8. **टेनिस में एक कैलेंडर वर्ष में चारों ग्रैंड स्लैम जीतने वाली महिला खिलाड़ी हैं?**
(अ) स्टेफी ग्राफ
(ब) वीनस विलियम्स
(स) सेरेना विलियम्स
(द) मार्टिना नवरातिलोवा

9. **गोलकीपर सर्जियो रिको अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में किस देश के लिए खेलते हैं?**
(अ) अर्जेंटीना (ब) ब्राजील
(स) जर्मनी (द) स्पेन

10. **आर. प्रागननंदा किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) तैराकी (ब) शतरंज
(स) टेबल टेनिस (द) साइक्लिंग

11. **किस खिलाड़ी के नाम क्लब फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड है?**
(अ) क्रिस्टियानो रोनाल्डो
(ब) लियोनल मेसी
(स) करीम बेंजेमा
(द) डेविड बेकहम

12. **इनमें से किस महिला मुक्केबाज ने इस वर्ष विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है?**
(अ) निकहत जरीन
(ब) स्वीटी बूरा
(स) नीतू घंघस
(द) उपरोक्त सभी ने

13. **खो-खो खेल में कितनी क्रॉस लेन होती हैं?**
(अ) 6 (ब) 7
(स) 8 (द) 10

14. **इस वर्ष इनमें से किस खिलाड़ी ने दुबई टेनिस चैम्पियनशिप में महिला एकल खिताब जीता है?**
(अ) इलिना रिबाकिना
(ब) बारबोरा क्रेजिकोवा
(स) सिमोना हालेप
(द) ईगा स्वितेक

15. **भारत ने कितनी बार एसीसी एशिया कप टूर्नामेंट जीता है?**
(अ) तीन बार (ब) चार बार
(स) सात बार
(द) इनमें से कोई नहीं

16. **ग्रैंड मास्टर नॉर्म हासिल करने वाले पहले भारतीय शतरंज खिलाड़ी हैं?**
(अ) परिमार्जन नेगी
(ब) विश्वनाथन आनंद
(स) दिव्येंदु बरूआ
(द) इनमें से कोई नहीं

17. **इस वर्ष किस फुटबॉल क्लब ने बुंदेसलीगा का खिताब जीता है?**
(अ) बायर्न म्युनिख
(ब) बारूसिया डॉर्टमंड
(स) वीएफबी स्टटगार्ट
(द) इनमें से कोई नहीं

18. **इस वर्ष वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप किस देश में आयोजित की जाएगी?**
(अ) क्रोएशिया (ब) इंडोनेशिया
(स) मैक्सिका (द) हंगरी

19. **वर्ष 1998 में किस देश में एशियाई खेल आयोजित किए गए थे?**
(अ) इंडोनेशिया (ब) जापान
(स) थाईलैंड (द) कतर

20. **इनमें से किस प्रतियोगिता का संबंध पोलो खेल से है?**
(अ) रायडर कप
(ब) वेस्टचेस्टर कप
(स) डूरंड कप
(द) इनमें से कोई नहीं

21. **स्पेन ने कितनी बार यूरो कप फुटबॉल टूर्नामेंट जीता है?**
(अ) एक बार (ब) दो बार
(स) तीन बार
(द) इनमें से कोई नहीं

22. **एर्लिंग हॉलैंड किस इंग्लिश क्लब के लिए प्रोफेशनल फुटबॉल खेलते हैं?**
(अ) मैनचेस्टर सिटी
(ब) आर्सेनल
(स) चेल्सी
(द) इनमें से कोई नहीं

23. **इनमें से किस खेल में हुक पास टर्म का इस्तेमाल होता है?**
(अ) फुटबॉल
(ब) कुश्ती
(स) तलवारबाजी
(द) बास्केटबॉल

24. **स्पेन ने कितनी बार डेविस कप टूर्नामेंट जीता है?**
(अ) दो बार (ब) चार बार
(स) छह बार
(द) इनमें से कोई नहीं

25. **वर्ष 2023 में किस देश ने सुदीरमन कप बैडमिंटन टूर्नामेंट जीता है?**
(अ) जापान (ब) चीन
(स) डेनमार्क (द) मलेशिया

### उत्तर

1. (ब), 2. (अ), 3. (द), 4. (अ), 5. (ब), 6. (स), 7. (ब), 8. (अ), 9. (द), 10. (ब), 11. (अ), 12. (द), 13. (स), 14. (ब), 15. (स), 16. (ब), 17. (अ), 18. (द), 19. (स), 20. (ब), 21. (स), 22. (अ), 23. (द), 24. (स), 25. (ब)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)




# मानवाधिकार के क्षेत्र में कॅरियर के बढ़ते अवसर

**'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।**




इस समय मानवाधिकार (ह्यूमन राइट्स) के क्षेत्र में कॅरियर के मौके लगातार बढ़ रहे हैं। वस्तुतः मानवाधिकार सभी मनुष्यों के जन्मजात अधिकार हैं, चाहे वे हमारी राष्ट्रीयता, निवास स्थान, जाति, श्रेणी, लिंग, धर्म, भाषा अथवा किसी अन्य स्थिति से संबंधित हों। हम सभी बिना किसी भेदभाव के अपने मानवाधिकारों के समान रूप से हकदार हैं। यदि आप लोगों के हक के लिए लड़ने और समाज में हो रहे भेदभाव को दूर करने में रुचि रखते हैं, मानव अधिकार संरक्षण के लिए तत्पर रहने और मानव हित के लिए कुछ कर गुजरने की चाहत रखते हैं, तो आपके लिए मानवाधिकार क्षेत्र कॅरियर का बेहतर विकल्प हो सकता है।

### मानवाधिकार में कॅरियर का व्यापक क्षेत्र

हमारे देश में मानवाधिकार का तात्पर्य संविधान द्वारा निर्धारित एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतिज्ञा पत्रों में सम्मिलित तथा भारत में न्यायालयों द्वारा प्रवर्तनीय वैयक्तिक जीवन, स्वतंत्रता, समानता और प्रतिष्ठा से संबंधित अधिकारों से है। मानवाधिकार परिरक्षण अधिनियम में मानवाधिकारों के बेहतर परिरक्षण के लिए एक राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तथा मानवाधिकार न्यायालयों के गठन का प्रावधान किया गया है। परम्परागत रूप से राज्य या उसके कर्ताओं के कारण मानव अधिकारों का उल्लंघन होता है, तथापि समकालीन समय में मानवाधिकारों का उल्लंघन वैयक्तिक, संस्थाओं द्वारा तथा उच्च वर्ग स्तर पर देखा गया है। भारत का राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग विगत कई वर्षों से नागरिक, राजनीतिक, सामाजिक तथा आर्थिक अधिकारों सहित मानव अधिकार उल्लंघन के सैकड़ों मामले दर्ज करता रहता है। ये उल्लंघन तथा अत्याचार, खाद्य अधिकार, हिंसा तथा शोषण के विरुद्ध महिला अधिकार, स्वास्थ्य अधिकार, शिक्षा अधिकार, दुर्व्यहार तथा शोषण के विरुद्ध बाल अधिकारों से संबंधित मामलों और प्रवासी अधिकार तथा जाति, सिद्धांत, क्षेत्र तथा धर्म पर आधारित उनके उल्लंघनों से संबंधित हैं।

### मानवाधिकार के तहत कॅरियर के विविध आयाम

वर्तमान समय में मानव अधिकार के क्षेत्र में कॅरियर के विविध आयाम हैं और इनमें कॅरियर के अच्छे अवसर उपलब्ध हैं। मानवाधिकार के तहत सामाजिक न्याय, बाल अपराध संबंधी न्याय, लिंग भेद संबंधी न्याय, परिरक्षक न्याय तथा प्रत्यक्ष सेवा, निगरानी एवं मूल्यांकन, लॉबिंग और नेटवर्किंग, एडवोकेसी, नीति विकास, प्रलेखन एवं अनुसंधान आदि क्षेत्रों में मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के लिए रोज़गार के अच्छे अवसर विद्यमान हैं। इनके साथ-साथ मानवीय अधिकारों के उल्लंघन से बचाव और इससे जुड़े अपराधों




की पूरी तरह रोकथाम के लिए रिसर्च, मानवाधिकारों से संबंधित मामलों की जांच-पड़ताल करना, केस स्टडीज़ लिखना, रिपोर्ट्स तैयार करना, मानवाधिकारों की वकालत करना व पीड़ितों के लिए मुकदमा लड़ना, मानवाधिकारों का प्रचार-प्रसार करना आदि क्षेत्रों में भी कॅरियर के विविध आयाम हैं।

### मानवाधिकार संबंधी संगठनों और संस्थानों में कॅरियर के अवसर

मानवाधिकार कार्यकर्ता मानवाधिकार एवं नागरिक स्वतंत्रता के क्षेत्र में कार्य करने वाले स्थापित सरकारी एवं गैर-सरकारी संगठनों में प्रभावपूर्ण कार्य कर सकते हैं। ये गैर-सरकारी संगठन मानवाधिकार सक्रियतावाद, आपदा एवं आपातकालीन राहत, मानवीय सहायता, बाल एवं बंधुआ मजदूरों, विस्थापित व्यक्तियों आदि के लिए भी कार्य करते हैं। भारत में सांविधिक सरकारी निकाय एवं निगम जैसे राष्ट्रीय एवं राज्य आयोग जैसे महिला, बाल, मानवाधिकार, मजदूर, कल्याण, अल्पसंख्यक समुदाय, अजा एवं अजजा आयोग, सैन्य, अर्ध-सैन्य तथा पुलिस विभाग, पंचायती राज संस्था, स्कूल, कॉलेज एवं विश्वविद्यालय एवं अनुसंधान निकाय और उत्कृष्टता केन्द्र, जिला ग्रामीण विकास एजेंसी तथा जिला शहरी विकास एजेंसी, वकीलों तथा विधिक विशेषज्ञों द्वारा चलाए जाने वाले मानवाधिकार परामर्शदाता संगठन और कई अन्य ऐसे संगठन हैं जहाँ मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के लिए कॅरियर के अवसर हैं।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यूनाइटेड नेशंस, यूनाइटेड नेशंस ह्यूमन राइट्स कमीशन (यूनएचआरसी), यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी), यूएनडीईएसए, यूनिसेफ, यूएनईपी, आईएलओ आदि में भी कई मौके हैं। इनके अलावा, एमेनेस्टी इंटरनेशनल, रेडक्रॉस, कॉमनवेल्थ ह्यूमन राइट्स इनिशिएटिव, साउथ एशियन सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स डॉक्यूमेंटेशन सेंटर, एशियन सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स में भी ह्यूमन राइट्स एक्सपर्ट के लिए मौके होते हैं।

### मानवाधिकार में कॅरियर बनाने के लिए शैक्षणिक जरूरतें

12वीं उत्तीर्ण होने के बाद मानवाधिकार के क्षेत्र में डिग्री के लिए आगे बढ़ा जा सकता है। मानवाधिकार में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम करने हेतु पात्रता सामान्यत: किसी भी विषय में स्नातक डिग्री है। कुछ विश्वविद्यालय, संस्थाएं एवं कॉलेज डिप्लोमा तथा प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम भी चलाते हैं। जहां कई कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में मानवाधिकार के कोर्स में प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश दिया जाता है, वहीं कई संस्थानों में डिग्री के लिए 12वीं के प्राप्तकों और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए स्नातक डिग्री के प्राप्तांकों के आधार पर प्रवेश दिया जाता है।

### मानवाधिकार क्षेत्र में कॅरियर के लिए जरूरी स्किल्स

शैक्षणिक योग्यताओं के अलावा ऐसी कई योग्यताएं हैं, जो मानवाधिकार क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए उपयुक्त मानी जाती हैं। ये योग्ताएं हैं- लोगों के अधिकारों के लिए काम करने की दृढ़ इच्छा, राइटिंग स्किल्स, स्पीच स्किल्स, कानून की अच्छी समझ, मैनेजमेंट की जानकारी, बेहतरीन कम्युनिकेशन स्किल्स, रिसर्च स्किल्स, इंटरव्यू स्किल्स, डॉक्यूमेंटेशन स्किल्स, टीम वर्क स्किल्स, नेटवर्किंग स्किल्स, रिपोर्टिंग स्किल्स, फंडरेज़िंग स्किल्स, क्राइसिस रिस्पॉन्स स्किल्स आदि। यदि आपको लगता है कि ये स्किल्स आप में भी हैं, तो यह क्षेत्र आपके लिए बिल्कुल उपयुक्त होगा।

**- डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

(लेखक, कॅरियर मार्गदर्शन के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

# गहन अध्ययन, एकाग्रता और आत्मविश्वास से मिली सफलता

**संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता पाना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होती है और इसे प्राप्त करने के लिये गहन अध्ययन और एकाग्रता की जरूरत होती है। गुना के जतिन पाराशर ने इस परीक्षा में सफलता के लिये गहन अध्ययन और एकाग्रता के साथ आत्मविश्वास को भी जोड़ा और आज वो सफलता के सोपान से सिविल सर्विस की मंजिल पर कदम रख चुके हैं। जतिन ने जब परीक्षा की तैयारी शुरू की तो उनकी भी कोचिंग की पहली पसन्द दिल्ली ही थी मगर कोविड-19 के संक्रमण में जब उन्हें अपने गृहनगर आना पड़ा तो स्वाध्याय से ही उन्होंने तैयारी की। इस एक बड़ी उपलब्धि पर जतिन से पिछले दिनों 'रोज़गार और निर्माण' से चर्चा की। प्रस्तुत है उस चर्चा के सम्पादित अंश -**



● **संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता के लिये बधाई जतिन, आपका चयन अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवाओं के लिये हुआ है ? क्या आप इसे चुनौतीपूर्ण मानते हैं ?**

❍ मेरा चयन संघ लोक सेवा आयोग वर्ष 2023 की परीक्षा में अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवाओं के लिये हुआ है। अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवाएं देश की कार्यपालिका की सबसे अहम कड़ी होती हैं अतः यह सेवाएं चुनौतीपूर्ण तो होती है और यदि हम अपनी क्षमता और विवेक के साथ काम करें तो देशसेवा में अपना अवदान दे सकते हैं। मुझे इस परीक्षा में 605वीं रैंक मिली है और मैंने तीसरे अटैम्प्ट में यह सफलता प्राप्त की है।

● **अपनी पारिवारिक पृष्ठभूमि के बारे में कुछ बताइये जतिन?**

❍ मेरे परिवार में मेरे पिताजी श्री कमलकिशोर पाराशर का डेयरी का व्यवसाय है और मेरी माँ श्रीमती रीना पाराशर शिक्षिका हैं। मेरी एक छोटी बहन भी है जो अभी पढ़ाई कर रही है। मेरा जन्म वर्ष 1998 में मध्यप्रदेश के गुना शहर में हुआ था। अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवाओं के लिए चयनित होने वाला मैं परिवार का पहला व्यक्ति हूं। मैं आरम्भ से ही इन सेवाओं में जाना चाहता था और उसी परिप्रेक्ष्य में मैंने उच्च शिक्षा के साथ इसको जोड़ा।

● **आपकी शिक्षा कहां हुई इस बारे में भी कुछ बताइये?**

❍ मेरी आरम्भिक शिक्षा गुना में ही सरस्वती शिशु मन्दिर जैसे प्रतिष्ठित स्कूल में हुई। इसके बाद माधव इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइन्स ग्वालियर से मैंने कम्प्यूटर साइन्स एण्ड इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। कम्प्यूटर और इंजीनियरिंग की शिक्षा के बाद मैंने प्रशासनिक सेवाओं के लिये प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने का मन बनाया।

● **आपने प्रशासनिक सेवाओं से जुड़ने का फैसला क्यों किया? खासतौर पर तब, जबकि आपकी बुनियादी शिक्षा कम्प्यूटर और इंजीनियरिंग से सम्बद्ध रही है ?**

❍ आपने यह बड़ा अच्छा सवाल किया है सर, ग्रेज्यूएशन स्तर तक में कम्प्यूटर और इंजीनियरिंग विषयों से जुड़ा रहा मगर स्कूल में मेरे गुरुजन और मेरे परिवार ने मुझे यह सीख दी कि शिक्षा का लक्ष्य समाज और देश के लिये लीक से हटकर कुछ करना होता है। इस सीख के बाद ही मैंने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा के माध्यम से अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा से जुड़कर देश, समाज और मानव मात्र के हितचिन्तन का निश्चय किया। मेरी कम्प्यूटर और इंजीनियरिंग की पढ़ाई इस परीक्षा की तैयारी में काफी काम आई।

● **आपने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी कैसे की ?**

❍ इस एक प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षा के लिये मैंने पहले दिल्ली में कोचिंग ज्वाइन की। इसी बीच कोविड-19 के संक्रमण के कारण लॉकडाउन लगा और मुझे गुना लौटना पड़ा। इस दौरान मेरे पास स्वाध्याय के अलावा कोई विकल्प नहीं था और मैंने अपना पूरा ध्यान स्वाध्याय पर दिया। इसी दौरान साक्षात्कार के लिये मैंने- 'माय डिस्ट्रिक्ट, माय स्टेट' विषय की विशेष तैयारी की। इस प्रतियोगी परीक्षा के लिये स्नातक कक्षाओं के विषयों की भी गहन तैयारी की और करेंट अफेयर पर पूरा ध्यान दिया।

● **आप इस अपूर्व सफलता का श्रेय किसे देना चाहेंगे ?**

❍ मेरी इस सफलता का श्रेय मैं सबसे पहले अपने परिवार को देना चाहूंगा। मुझे मेरे परिवार ने हमेशा मार्गदर्शन दिया और मुझे लगातार यह विश्वास दिलाया कि मैं इस प्रतियोगी परीक्षा में निश्चित रूप से सफलता हासिल करूंगा। मैं इस सफलता का श्रेय अपने गुरुओं को भी देना चाहूंगा।

● **आपने इस परीक्षा में सफलता के लिए तैयारी की क्या रणनीति बनाई थी ?**

❍ इस परीक्षा की तैयारी के सन्दर्भ में सबसे महत्वपूर्ण बात यह होती है कि हमें इस परीक्षा की तैयारी व्यापक रूप से करनी चाहिए। इस परीक्षा की तैयारी की रणनीति में सातत्य और गहनता जरूरी होती है। आप केवल इम्पॉरटेन्ट अथवा वेरी इम्पॉरटेन्ट के अध्ययन से ही ऐसी परीक्षाओं में अपेक्षित सफलता नहीं पा सकते हैं। इस परीक्षा की सबसे कारगर रणनीति यही होती है कि आप अधिकतम पढ़ें और कुछ भी न छूटे इसका ध्यान रखें। इस परीक्षा के लिये पाठ्यक्रम तक ही खुद को सीमित रखने से काम नहीं चलेगा।

● **जतिन आप हमारे साप्ताहिक समाचार पत्र - 'रोज़गार और निर्माण' के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले युवाओं के लिये क्या संदेश देना चाहेंगे ?**

❍ मैं सभी प्रतिभागी युवाओं को यही कहना चाहूंगा कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सुनिश्चित सफलता के लिये कड़ी मेहनत और सही दिशा में किये गये प्रयत्न जरूरी होते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में पिछले वर्षों में पूछे गये सवालों को हल करने का अभ्यास तो जरूरी होता ही है साथ ही विवेकपूर्ण तरीके। से यह भी तय करना जरूरी होता है कि क्या पढ़ें और क्या छोड़ दें। आपको ऐसी परीक्षाओं के लिये देश और विश्व के ताजे हाल-अहवाल से परिचित होना भी जरूरी होता है।

**साक्षात्कारकर्ता - राजा दुबे**




आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप

# ऑस्ट्रेलिया बना टेस्ट क्रिकेट का नया विश्व चैम्पियन

**लंदन,** वन-डे और ट्वेंटी-20 क्रिकेट की विश्व चैम्पियन रह चुकी ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम अब टेस्ट क्रिकेट में भी विश्व चैम्पियन बन गई है, वहीं भारतीय क्रिकेट टीम एक बार फिर आईसीसी टूर्नामेंट्स में चोकर्स साबित हुई। लंदन के ओवल मैदान में खेले गए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 209 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। भारतीय गेंदबाजों ने पहले दिन ऑस्ट्रेलिया के तीन विकेट लेकर भारत को अच्छी शुरुआत दी, लेकिन इसके बाद ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ ने बेहतरीन बल्लेबाजी की और तेजी से रन बटोरते हुए मैच का रुख बदल दिया। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए 285 रन जोड़े। हेड ने 163 रनों की तेजतर्रार पारी खेली, जबकि स्मिथ ने 121 रन बनाये। इन दोनों के अलावा निचले क्रम में एलेक्स कैरी ने 48 रन बनाये। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहली पारी में 469 रनों का विशाल स्कोर बनाया।

फाइनल मुकाबले में भारत को उच्च क्रम के बल्लेबाजों से बड़ी उम्मीद थी, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने निराश किया। आईपीएल में रनों का अंबार लगाने वाले शुभमन गिल (13), रोहित शर्मा (15), चेतेश्वर पुजारा (14) और विराट कोहली (14) जैसे दिग्गज बल्लेबाज खराब शॉट खेलकर अपना विकेट गवां बैठे। इसके बाद अजिंक्य रहाणे (89) और रविंद्र जडेजा (48) ने पारी को संभाला। इनके बाद ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर (51) ने भी शानदार पारी खेली, लेकिन इसके बावजूद भारतीय टीम पहली पारी में 296 रन पर ऑलआउट हो गई।

दूसरी पारी में भी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 270 रन बनाकर पारी घोषित की और भारत को जीत के लिए 444 रनों का लक्ष्य रखा। दूसरी पारी में भी भारतीय बल्लेबाज लय में नजर नहीं आये, बल्लेबाजों के घटिया प्रदर्शन के कारण भारतीय टीम दूसरी पारी में 234 रन ही बना सकी।




- आईसीसी के सभी टूर्नामेंट जीतने वाला पहला देश बन गया है ऑस्ट्रेलिया।
- ऑस्ट्रेलिया ने कुल नौवीं बार आईसीसी टूर्नामेंट जीता है।
- ऑस्ट्रेलिया अब तक पांच बार वन-डे विश्वकप, एक बार ट्वेंटी-20 विश्वकप और दो बार चैम्पियंस ट्रॉफी जीत चुका है।
- भारतीय टीम लगातार दूसरी बार आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में हारी है।
- इससे पहले वर्ष 2021 में न्यूजीलैंड ने भारत को हराकर जीता था खिताब।

### दिव्या देशमुख बनीं एशियाई महिला शतरंज चैम्पियन

**अल्माटी,** भारत की युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख एशियाई महाद्वीपीय शतरंज चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला क्लासिकल स्पर्धा में चैम्पियन बन गई हैं। 17 वर्षीय दिव्या ने स्पर्धा के नौवें और अंतिम दौर में कजाखस्तान की जेनिया बालाबायेवा के साथ ड्रॉ मुकाबला खेलकर स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। स्पर्धा में दिव्या ने कुल 7.5 अंक हासिल किए। स्पर्धा में दूसरा स्थान भारत की ही मैरी एन गोम्स (6.5 अंक) ने हासिल किया। मैरी ने भी अंतिम दौर की बाजी ड्रॉ खेली।

### गिंटिंग ने जीता सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट

**सिंगापुर,** इंडोनेशिया के युवा शटलर एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग ने सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में गिंटिंग ने डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को सीधे गेमों में 21-16, 21-13 से हराया। पहले गेम में एंटोनसेन ने गिंटिंग को कड़ी टक्कर दी, लेकिन दूसरे गेम में गिंटिंग के सामने एंटोनसेन ज्यादा देर तक टिक नहीं पाए। इस सत्र में गिंटिंग का यह पहला बीडब्ल्यूएफ खिताब है।

### मोइन अली ने संन्यास वापस लेकर टेस्ट में की वापसी

**लंदन,** इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोइन अली ने टेस्ट क्रिकेट से अपने संन्यास को वापस लेने का फैसला किया है। मोइन को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इसी महीने से शुरू होने वाली एशेज सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम में जगह दी गई है। मोइन ने वर्ष 2021 में भारत दौरे के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की थी, लेकिन इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स और मुख्य कोच ब्रैंडन मैक्कुलम ने उन्हें संन्यास पर पुनर्विचार करने को कहा था। एशेज सीरीज के लिए इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड पहले ही टीम घोषत कर चुका था, लेकिन चोटिल स्पिनर जैक लीच की जगह मोइन अली को टीम में शामिल किया गया है।

### एंडी मरे ने सर्बिटन ट्रॉफी पर किया कब्जा

**सरे,** ब्रिटेन के टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे ने सर्बिटन ट्रॉफी अपने नाम की है। टूर्नामेंट के फाइनल में मरे ने ऑस्ट्रिया के जुरिज रेडियोनोव को लगातार सेटों में 6-3, 6-2 से हराया। मरे ने मैच के पहले सेट में अपने अनुभव का फायदा उठाया और लगातार अंक हासिल कर रेडियोनोव पर दबाव बनाया। दूसरे सेट में भी रेडियोनोव पर मरे भारी पड़े और आसानी से सेट 6-2 से जीत लिया। मरे ने सात वर्ष बाद ग्रास कोर्ट पर कोई खिताब जीता है। इससे पहले मरे ने वर्ष 2016 में विम्बलडन ग्रैंड स्लैम जीता था।

### यूरोपा कॉन्फ्रेंस लीग का खिताब वेस्ट हैम ने जीता

**प्राग,** इंग्लिश फुटबॉल क्लब वेस्ट हैम ने यूरोपा कॉन्फ्रेंस लीग का खिताब अपने नाम किया है। वेस्ट हैम ने 43 वर्ष बाद यह खिताब जीता है। प्राग में खेले गए यूरोपा कॉन्फ्रेंस लीग के फाइनल में वेस्ट हैम ने इटैलियन क्लब फियोरेंटीना को 2-1 से हराया। फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों ने शानदार खेल दिखाया। मैच का पहला हाफ गोल रहित रहा। दूसरे हाफ में पहले सफलता वेस्ट हैम को मिली। मैच के 62वें मिनट में वेस्ट हैम के मोहम्मद बेनरहमा ने पेनाल्टी को गोल में तब्दील किया। इसके 5 मिनट बाद फियोरेंटिना के गियाकोमो बोनावेंटुरा ने गोल कर अपनी टीम को बराबरी दिलाई। एक समय ऐसा लग रहा था कि मैच अतिरिक्त समय में जाएगा, लेकिन मैच के 90वें मिनट में जेरड बोवेन ने गोल कर वेस्ट हैम को यादगार जीत दिलाई।

## भारत ने पहली बार जीता जूनियर महिला एशिया कप

**काकामिघरा,** भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने इतिहास रच दिया है। भारत ने पहली बार जूनियर महिला एशिया कप का खिताब जीता है। टूर्नामेंट के फाइनल में भारत ने चार बार की विजेता दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराया।

भारतीय महिला टीम ने मैच की शुरुआत आक्रामक रवैये के साथ की। भारतीय टीम को मैच के पहले ही मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन टीम इस मौके को भुना नहीं पाई। भारतीय टीम ने मैच के दूसरे क्वार्टर में भी दमदार खेल दिखाया। मैच के 22वें मिनट में भारतीय टीम को पहली सफलता मिली। भारतीय टीम की खिलाड़ी अनु पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल करने में सफल रहीं। इसके तीन मिनट बाद दक्षिण कोरिया की पार्क सेओ येओन ने गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।



मैच के तीसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमें बराबरी पर थीं, लेकिन 41वें मिनट में नीलम ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर एक बार फिर भारत को मैच में आगे कर दिया। चौथे क्वार्टर में बेहतरीन डिफेंसिव खेल खेलते हुए भारत ने दक्षिण कोरिया को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

## मैनचेस्टर सिटी ने पहली बार जीता चैम्पियंस लीग खिताब

**इस्तांबुल,** इंग्लैंड के फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर सिटी ने पहली बार यूएफा चैम्पियंस लीग का खिताब जीत लिया है। इस्तांबुल में खेले गए चैम्पियंस लीग के फाइनल में मैनचेस्टर सिटी ने इटैलियन क्लब इंटर मिलान को 1-0 से हराया। मैच में एकमात्र गोल मैनचेस्टर सिटी के रोड्री ने किया, जो निर्णायक साबित हुआ।

टूर्नामेंट का फाइनल मैच बेहद रोमांचक रहा। दोनों ही टीमों ने मैच में शानदार प्रदर्शन किया। मैच का पहला हाफ गोल रहित रहा। दूसरे हाफ में मैनचेस्टर सिटी ने इंटर मिलान पर जबरदस्त दबाव बनाया। इसी के चलते मैच के 68वें मिनट में रोड्री इंटर मिलान के डिफेंडरों को छकाते हुए गोल करने में सफल हुए। मैच में पिछड़ने के बाद इंटर मिलान ने बराबरी की कोशिशें तेज कर दीं। इंटर मिलान के पास मैच के 88वें मिनट में बराबरी करने का मौका था, लेकिन टीम के स्टार खिलाड़ी रोमेलू लुकाकु मैनचेस्टर सिटी के गोलकीपर एडरसन के हाथों में ही हेडर मार बैठे।

इस जीत के साथ मैनचेस्टर सिटी दूसरी इंग्लिश टीम बन गई है, जिसने एक ही सीजन में तीनों प्रमुख खिताब जीते हैं। चैम्पियंस लीग के अलावा मैनचेस्टर सिटी ने इस सीजन में प्रीमियर लीग और एफए कप भी जीते हैं। मैनचेस्टर सिटी से पहले मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ही यह उपलब्धि हासिल की है। इसके अलावा मैनचेस्टर सिटी चैम्पियंस लीग खिताब जीतने वाली छठवीं इंग्लिश टीम बन गई है।

## उरुग्वे ने पहली बार जीता फीफा अंडर-20 विश्वकप

**ला प्लाटा,** उरुग्वे अंडर-20 फुटबॉल का नया विश्व चैम्पियन बन गया है। उरुग्वे ने इटली को 1-0 से हराकर पहली बार फीफा अंडर-20 विश्वकप का खिताब जीता है। जूनियर फुटबॉल में उरुग्वे का यह पहला विश्व खिताब है।

टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाली उरुग्वे और इटली दोनों ही टीमें खिताब की दावेदारों में शामिल नहीं थीं, लेकिन इंग्लैंड, ब्राजील, अर्जेंटीना और जर्मनी जैसी बड़ी टीमों के प्रमुख खिलाड़ियों ने देश की जगह क्लब टीम के लिए खेलना पसंद किया। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में उरुग्वे ने इजराइल को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में उरुग्वे को इटली से कड़ी चुनौती मिली। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल खेला, लेकिन कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो सकी। मैच का पहला हाफ गोल रहित रहा।

दूसरे हाफ में भी दोनों टीमों ने मैच में बढ़त हासिल करने के लिए पूरा जोर लगाया, लेकिन सफलता सिर्फ उरुग्वे को मिली। मैच के 86वें मिनट में उरुग्वे के स्ट्राइकर लुसियानो रोड्रिगेज ने हेडर के जरिए बेहतरीन गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। मैच इसी स्कोर पर खत्म हुआ।

- इटली के कसारे केसेडेइ को गोल्डन बॉल और गोल्डन बूट का पुरस्कार मिला।
- उरुग्वे दो बार फीफा अंडर-20 विश्वकप का उपविजेता रहा चुका है।
- ब्राजील ने 5 बार और अर्जेंटीना ने 6 बार जीता है यह विश्वकप।

फ्रैंच ओपन

## जोकोविच ने जीता 23वां ग्रैंड स्लैम

**पेरिस,** सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच टेनिस में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। जोकोविच ने यह उपलब्धि फ्रेंच ओपन खिताब जीतकर हासिल की है। जोकोविच का यह 23वां एकल ग्रैंड स्लैम खिताब है। जोकोविच ने फ्रेंच ओपन के फाइनल में नॉर्वे के युवा खिलाड़ी कैस्पर रूड को लगातार सेटों में 7-6, 6-3, 7-5 से हराया। पिछले काफी समय से बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे रूड फाइनल में जोकोविच के सामने अपना प्रदर्शन दोहरा नहीं सके। हालांकि पहले सेट में रूड ने जोकोविच को टक्कर दी। इसके बावजूद जोकोविच ने पहला सेट 7-6 से जीत लिया। दूसरे सेट में जोकोविच ने रूड को वापसी का मौका नहीं दिया। तीसरा सेट भी 7-5 से जोकोविच के पक्ष में रहा। इस जीत के साथ जोकोविच एटीपी पुरुष रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। जोकोविच ने स्पेन के कार्लोस अलकराज को पछाड़कर रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है।



- राफेल नडाल ने 22 और रोजर फेडरर ने 20 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीते हैं।
- जोकोविच टेनिस इतिहास में 3-3 बार सभी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी भी बन गए हैं।

टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग का खिताब पोलैंड की महिला टेनिस खिलाड़ी ईगा स्वितेक ने जीता। टूर्नामेंट के फाइनल में स्वितेक ने चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6-2, 5-7, 6-4 से हराया। स्वितेक ने लगातार दूसरी बार फ्रेंच ओपन जीता है। पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में खेल रही मुचोवा ने स्वितेक को कड़ी टक्कर दी। स्वितेक ने पहला सेट आसानी से जीत लिया, लेकिन दूसरे सेट में मुचोवा ने स्वितेक को 7-5 से हरा दिया। तीसरे सेट में स्वितेक ने फिर वापसी की और 6-4 से सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

# सामयिकी

## यूनेस्को में फिर से शामिल होगा अमेरिका

संयुक्त राष्ट्र की सांस्कृतिक और वैज्ञानिक एजेंसी यूनेस्को ने घोषणा की है कि अमेरिका ने फिर से उससे जुड़ने और

- **यूनेस्को द्वारा फिलिस्तीन को एक सदस्य के तौर पर शामिल करने के विरोध में करीब एक दशक तक चले विवाद के बाद अमेरिका का यह कदम सामने आया है।**

60 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की बकाया राशि का भुगतान करने का फैसला किया है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि वापसी का निर्णय इस चिंता से प्रेरित था कि चीन यूनेस्को नीति निर्माण में अमेरिका के न रहने से बनी जगह को भर रहा था, विशेष रूप से दुनिया भर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रौद्योगिकी शिक्षा के लिए मानक स्थापित करने के संदर्भ में।

बता दें, इस कदम को आने वाले हफ्तों में यूनेस्को के सदस्य राज्यों द्वारा मतदान का सामना करना पड़ेगा।

## ओलिंपिक के लिए साइन नदी की सफाई में जुटा पेरिस

पेरिस में ओलिंपिक खेलों की तैयारियां जोरों पर हैं। साइन नदी में भी कई मुकाबलों का आयोजन होना है। इसके पानी की गुणवत्ता सुधारने के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं। मुख्य रूप से जब बारिश का पानी पेरिस के सीवेज सिस्टम में दाखिल होता है, तो ओवरफ्लो हो सकता है क्योंकि तब अतिरिक्त पानी नदी में छोड़ा जाता है। आगे ऐसा न हो इसके लिए 50 हजार क्यूबिक मीटर क्षमता वाला भूमिगत बेसिन बनाया जा रहा है।

राष्ट्रीय रोज़गार मेला

# अब सरकार अपनी सेवाएं घर-घर पहुंचाकर नागरिकों के पास पहुंच रही है : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय रोज़गार मेले को संबोधित किया तथा विभिन्न

- **विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त युवाओं को लगभग 70,000 नियुक्ति पत्र वितरित किए।**
- **नए नियुक्त कर्मियों को 'आईगॉट' कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध एक ऑनलाइन मॉड्यूल, 'कर्मयोगी प्रारंभ' के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिल रहा है, जहां 'कहीं से भी, किसी भी उपकरण से' सीखने के प्रारूप के आधार पर 400 से भी अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं।**

सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त युवाओं को लगभग 70,000 नियुक्ति पत्र वितरित किए। देश भर से चयनित युवा वित्तीय सेवा विभाग, डाक विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, रेल मंत्रालय, लेखा परीक्षण और लेखा विभाग, गृह मंत्रालय आदि विभिन्न सरकारी विभागों में नियुक्त होंगे। प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान देश भर के 43 स्थानों को मेले से जोड़ा गया था। सभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय रोज़गार मेला वर्तमान सरकार की नई पहचान बन गया है, क्योंकि आज 70,000 से अधिक व्यक्तियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए हैं।

प्रधानमंत्री ने अर्थव्यवस्था में रोज़गार और स्वरोज़गार के उभरते अवसरों के




विभिन्न सरकारी मंत्रालयों और विभागों में नियुक्ति पत्रों का वितरण

बारे में बात की। उन्होंने मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया जैसी योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अब ये युवा नौकरी देने वाले बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं को सरकारी नौकरी दिलाने का अभियान अभूतपूर्व है। एसएससी, यूपीएससी और आरआरबी जैसे संस्थान, नई व्यवस्था के साथ ज्यादा नौकरियां दे रहे हैं। ये संस्थान भर्ती प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और आसान बनाने पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भर्ती-अवधि 1-2 साल से घटकर कुछ महीने की रह गयी है।

प्रधानमंत्री ने कहा, आज पूरी दुनिया भारत की विकास यात्रा में उसके साथ सहभागी बनने के लिए उत्सुक है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत अपनी अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है, जबकि आर्थिक मंदी, वैश्विक महामारी और वर्तमान में जारी युद्ध के कारण आपूर्ति श्रृंखला में हुए व्यवधान समेत विभिन्न चुनौतियां मौजूद हैं। प्रधानमंत्री ने विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भारत के विनिर्माण क्षेत्र में शामिल होने और देश के बढ़ते विदेशी मुद्रा भंडार का उदाहरण दिया।

श्री मोदी ने बताया कि देश में हुए विदेशी निवेश से उत्पादन, विस्तार, नए उद्योगों की स्थापना और निर्यात को बढ़ावा मिलता है, जिनसे रोजगार के अवसरों में तेजी से वृद्धि होती है। निजी क्षेत्र में रोजगार के लाखों अवसर सृजित करने वाली वर्तमान सरकार की नीतियों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने मोटर वाहन उद्योग का उदाहरण दिया, जिसने देश के सकल घरेलू उत्पाद में 6.5 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया है। उन्होंने उल्लेख किया कि विभिन्न देशों में यात्री वाहनों, वाणिज्यिक वाहनों और तिपहिया व दोपहिया वाहनों के बढ़ते निर्यात के संदर्भ में भारत के मोटर वाहन उद्योग के विकास को देखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि मोटर वाहन उद्योग, जो दस साल पहले 5 लाख करोड़ रुपये का था, आज 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक का हो गया है। श्री मोदी ने कहा, भारत में भी विद्युत चालित परिवहन का विस्तार हो रहा है। पीएलआई योजना, मोटर वाहन उद्योग की भी मदद कर रही है। उन्होंने रेखांकित किया कि ऐसे क्षेत्र भारत में लाखों युवाओं के लिए रोजगार के विभिन्न अवसर पैदा कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नवनियुक्त कर्मियों को देश के नागरिकों के प्रति पूरी संवेदनशीलता के साथ काम करना चाहिए। श्री मोदी ने कहा, "आपको इन सुधारों को और आगे ले जाना है। इन सबके साथ, आप हमेशा अपनी सीखने की प्रवृत्ति को बनाए रखें। उन्होंने ऑनलाइन पोर्टल 'आईगॉट' के बारे में भी बात की, जिसने हाल ही में उपयोगकर्ता आधार में 1 मिलियन का आंकड़ा पार किया है और नवनियुक्तों से इस ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों का पूरा लाभ उठाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने निष्कर्ष के तौर पर कहा, "अमृत काल के अगले 25 वर्षों की यात्रा में, आइए हम सब मिलकर एक विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ें।

## बोरिस जॉनसन ने सांसद पद से दिया इस्तीफा

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने संसद की सदस्यता से अचानक इस्तीफा देकर पूरे देश को चौंका दिया। उन्होंने एक संसदीय समिति के एक बयान के बाद यह कदम उठाया। समिति ने बयान में कहा कि जॉनसन की ओर से अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में कोविड-19 की रोकथाम के लिए लागू लॉकडाउन का उल्लंघन कर '10 डाउनिंग स्ट्रीट' (प्रधानमंत्री आवास) में पार्टियां आयोजित करने के मुद्दे पर संसद को भ्रमित करने के मामले में प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। जॉनसन इस मामले में एक संसदीय समिति की जांच का सामना कर रहे हैं।

समिति इस बात का पता लगा रही है कि पूर्व प्रधानमंत्री ने कोविड-19 महामारी के दौरान 10 डाउनिंग स्ट्रीट में लॉकडाउन से जुड़े नियम तोड़कर जिन पार्टियों का आयोजन किया, क्या उन्हें लेकर उन्होंने निचले सदन 'हाउस ऑफ कॉमन्स' को गुमराह किया।

भारतीय अर्थव्यवस्था

## सबसे तेजी से बढ़ेगी : विश्व बैंक

विश्व बैंक ने भारतीय अर्थव्यवस्था के इस साल 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है जो प्रमुख देशों में सबसे

- **वर्ष 2022 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रही थी।**

अधिक है। यह विश्व बैंक के जनवरी में लगाए गए पिछले अनुमान से 0.3 प्रतिशत अंक कम है। विश्व बैंक ने कहा कि भारत में निजी उपभोग और निवेश में अप्रत्याशित जुझारूपन देखने को मिल रहा है। साथ ही

THE WORLD BANK

सेवाओं की वृद्धि भी मजबूत है।

विश्व बैंक की जारी 'वैश्विक आर्थिक संभावना' रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2023 के लिए नया वृद्धि अनुमान जनवरी के पिछले अनुमान से थोड़ा बेहतर है।

विश्व बैंक ने दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका के लिए वर्ष 2023 में वृद्धि दर 1.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। हालांकि, यह निचले स्तर पर है लेकिन जनवरी के पिछले अनुमान से करीब दोगुना है।

वहीं यूरोपीय संघ की वृद्धि दर इस साल 0.4 प्रतिशत रहने की संभावना जताई गई है। विश्व बैंक ने अपनी इस रिपोर्ट में चीन के लिए वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 5.6 प्रतिशत कर दिया है जबकि वर्ष 2022 में इसकी वृद्धि दर तीन प्रतिशत रही थी।

## नासा के प्रोब ने खोजा सौर तूफान का स्रोत

सूर्य के रहस्यों को उजागर करने के लिए भेजे गए नासा के पार्कर सोलर प्रोब के हाथ बड़ी सफलता लगी है। इस प्रोब

- **पार्कर सोलर प्रोब का नाम दिवंगत खगोल वैज्ञानिक यूजीन पार्कर के नाम पर रखा गया है।**

के डेटा ने सूर्य की सतह पर सौर हवा से स्रोत की खोज की है। इस स्रोत से भारी संख्या में आवेशित कण सूर्य की सतह से निकलकर पृथ्वी की ओर बह रहे हैं। इस प्रोब को अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 2018 में लॉन्च किया था। इस अभियान का



प्रमुख मकसद यह निर्धारित करना था कि सूर्य की सतह पर बनने के वक्त सोलर विंड या सौर हवा कैसी दिखती है और यह सूर्य के गुरुत्वाकर्षण से कैसे बचती है।

नासा ने बताया कि पार्कर सोलर प्रोब ने जैसे ही सूर्य की सतह के 13 मिलियन मील (20.9 मिलियन किलोमीटर) के भीतर जांच शुरू की, इसके उपकरणों ने सौर हवा की ठीक संरचनाओं का पता लगाया। यह हवा फोटोस्फीयर या सौर सतह के पास उत्पन्न होती है। इस अंतरिक्ष यान को विशेष रूप से सौर सतह के ऊपर 4 मिलियन मील (6.4 मिलियन किलोमीटर) के भीतर उड़ान भरने के लिए डिजाइन किया गया है। इस मिशन ने 2021 के अंत में सूर्य के सतह को पहली बार स्पर्श किया था।

## पानी में छिपे दुश्मन पर स्वदेशी टॉरपीडो का सटीक वार

भारतीय नौसेना के स्वदेश में विकसित भारी वजन वाले टॉरपीडो ने पानी के भीतर एक लक्ष्य को सफलतापूर्वक निशाना बनाया। जानकारी देते हुए नौसेना ने कहा, टॉरपीडो के अचूक निशाने से आत्मनिर्भरता के जरिये भविष्य की उत्कृष्ट युद्ध तैयारियों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का पता चलता है। अधिकारी ने कहा कि स्वदेशी रूप से विकसित भारी वजन वाले टॉरपीडो द्वारा पानी के भीतर लक्ष्य को निशाना बनाया जाना पानी के नीचे के क्षेत्र में लक्ष्य को नष्ट करने संबंधी आयुध की सटीक तैयारी को दिखाता है। इससे समुद्र के अंदर से देश विरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगेगा।

नौसेना द्वारा साझा की गई आठ सेकेंड की एक क्लिप में दिखाया गया है कि समुद्र की सतह पर तैरती हुई एक लंबी बहुरंगी वस्तु दिखाई दे रही है। टॉरपीडो के टकराते ही वस्तु में अचानक विस्फोट हो गया।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- मनीष सिंह, मुद्रक- मनीष सिंह द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- राजीव तिवारी।